


देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश



'भारत ने हमें खून-खराबे से बचाया'... 12

पहले की सरकार सिर्फ भ्रष्टाचार गिनाती थी... 05




# जन एक्सप्रेस


लखनऊ
वर्षः 14 | अंकः 266
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
सोमवार | 10 जुलाई, 2023

@janexpressnews  janexpresslive  janexpresslive  www.janexpresslive.com/epaper


दो दिन से जारी मूसलाधार बारिश ने 41 साल का रिकॉर्ड तोड़ा
जन जीवन अस्त-व्यस्त, आज स्कूल बंद, बाढ़ का अलर्ट

# जलमग्न हुई दिल्ली

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली, हिमाचल, पंजाब सहित देश के उत्तरी राज्यों में भारी बारिश हो रही है। दिल्ली में 41 साल का रिकॉर्ड टूटा गया है। 1982 के बाद से जुलाई में एक दिन में सबसे ज्यादा 153 मिमी बारिश हुई। इससे पहले 25 जुलाई 1982 में 169.9 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई थी। 2003 में 24 घंटे में 133.4 मिमी बारिश हुई थी। वहीं 2013 में दिल्ली में 123.4 मिमी बारिश हुई थी। इधर, हरियाणा ने यमुना में 1 लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा। इसके बाद दिल्ली सरकार ने बाढ़ की चेतावनी जारी की। बारिश के चलते जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सेना के दो जवान पोशाना नदी पार करते हुए डूब गए। वहीं हिमाचल में 5, जम्मू में 2 और यूपी में 4 लोगों की मौत हो गई। हिमाचल में ब्यास नदी ने काफी नुकसान पहुंचाया। एक पुल नदी में बह गया। वहीं कुछ दुकानें भी बाढ़ के पानी में समा गईं। नदी में फंसे पांच लोगों को एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू किया। मोहाली के डेराबस्सी में घग्गर नदी का पानी सोसाइटी में घुस गया। जिसके बाद लोगों को नाव के जरिए बाहर निकाला गया। उधर चंबा पठानकोट नेशनल हाईवे बनीखेत के पास धंस गया।





### मकान ढहा, स्कूल की दीवार गिरी

जखीरा स्थित मच्छी बाजार में सार्वजनिक शौचालय के पास बारिश के कारण एक मकान ढह गया। सूचना मिलते ही फायर टेंडरों ने घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू कर दिया और दो लोगों को मलबे से बाहर निकाल लिया है। दिल्ली के श्रीनिवासपुरी के एक सरकारी स्कूल की बाउंड्री वॉल गिर गई। दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों को भारी बारिश के मद्देनजर सभी स्कूलों का भौतिक निरीक्षण करने और परिसर में किसी भी कमी के होने पर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

### कैसे रहेंगे अगले 24 घंटे ?

**इन राज्यों में तेज बारिश होगी**

मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरण, त्रिपुरा, ओडिशा, गुजरात, गोवा और महाराष्ट्र।

**इन राज्यों में मौसम साफ रहेगा**

केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में बारिश की संभावना नहीं जताई गई है।

**दिल्ली में बाढ़ की चेतावनी जारी**

हरियाणा सरकार ने हथिनीकुंड बैराज से यमुना में 1 लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा है। इसके बाद रविवार को दिल्ली सरकार ने बाढ़ की चेतावनी जारी की। अधिकारियों का कहना है कि यमुना में जल स्तर बढ़ रहा है और मंगलवार को खतरे के निशान 205.33 मीटर को पार करने की उम्मीद है। रविवार को दोपहर 1 बजे पुराने यमुना का जल स्तर 203.18 मीटर दर्ज किया गया।

### भारी बारिश के कारण उत्तर रेलवे ने रद्द की करीब 17 ट्रेनें

भारी बारिश के कारण उत्तर रेलवे ने करीब 17 ट्रेनें रद्द कर दी हैं और करीब 12 अन्य का मार्ग बदल दिया है। उत्तर रेलवे के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि जलभराव के कारण चार स्थानों पर यातायात निलंबित कर दिया गया है। इनमें नोगनवान (अंबाला)- न्यू मोरिंडा के बीच, नंगल बांध और आनंदपुर साहिब के बीच और कीरतपुर साहिब और भरतगढ़ के बीच के खंड शामिल हैं। लगातार भारी बारिश के कारण दिल्ली क्षेत्र से ट्रेनों को सुरक्षित रूप से चलाने के लिए कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

### गृहमंत्री ने दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपालों से बात की

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपालों से बात की और लगातार बारिश के मद्देनजर केंद्र शासित प्रदेशों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। शाह ने जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा से भारी बारिश के कारण निलंबित हुई अमरनाथ यात्रा के बारे में भी जानकारी ली। राजधानी में लगातार बारिश के मद्देनजर, केंद्रीय गृह मंत्री ने एलजी दिल्ली वी के सक्सेना से बात की और अपडेट लिया। वहीं गुरुग्राम जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि जिले के सभी कॉर्पोरेट कार्यालयों और निजी संस्थानों को सलाह दी जाती है कि वे अपने कर्मचारियों को कल यानी 10 जुलाई को घर से काम करने के लिए कहें, ताकि यातायात की भीड़ से बचा जा सके।

## यात्रियों को लेकर पहली बार लखनऊ पहुंची वंदे भारत एक्सप्रेस

गोरखपुर से लखनऊ का सफर 12 मिनट पहले तय किया



**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

यात्रियों के साथ वंदे भारत एक्सप्रेस ने रविवार को अपनी यात्रा पूरी की। लखनऊ से गोरखपुर के बीच का सफर ट्रेन ने निर्धारित समय से 12 मिनट पहले तय कर लिया। ट्रेन को सुबह 10 .20 बजे लखनऊ पहुंचना था लेकिन 12 मिनट पहले से चारबाग के प्लेटफॉर्म नंबर 9 पर आकर खड़ी हो गई।

ट्रेन रुकने के बाद यात्रियों ने घर जाने से पहले सेल्फी और वंदे भारत के साथ फोटो लेकर यात्रा को यादगार बनाया। यात्रियों ने बताया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश और खासकर लखनऊ और गोरखपुर के लोगों को एक अच्छी सौगात दी है। इससे पहले पीएम मोदी ने 7 जुलाई को गोरखपुर स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया था। हालांकि उस समय कुछ खास लोगों को यात्रा करने की छूट थी।

**सफर का पता ही नहीं चला**

यात्रियों ने बताया, 4 घंटे का सफर कब गुजर गया कुछ पता नहीं चला। सिक्योरिटी सिस्टम बहुत अच्छा था। इसके अलावा ट्रेन के टॉयलेट किसी होटल की तरह है। बाकी खाने - पीने का सामान भी बहुत अच्छा था। पूरे सफर में बार-बार रेलवे का स्टाफ सुविधाओं को लेकर बात कर रहा था। इसके अलावा पूरे सफर में लगातार सफाई की जा रही थी।

**जानें ट्रेन की कुछ अन्य विशेषताएं**

- ट्रेन में मेट्रो की तरह आने वाले स्टेशन की जानकारी मिलती है।
- 100 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार महज 52 सेकेंड में पकड़ लेती है।
- दो मिनट नौ सेकंड में 160 की स्पीड पकड़ लेती है।
- दिव्यांगों के सुविधा के लिए ब्रेल लिपि में सीट संख्या लिखी है।
- दिव्यांगों के लिए विशेष शौचालय

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के सख्त निर्देश, बोले-

## हर जिले में पॉक्सो के एक मुकदमे में हर माह हो सजा

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**



महिला व बाल अपराधों का प्राथमिकता पर निस्तारण के लिए 15 से 31 जुलाई के मध्य अभियान के तहत कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने इसे लेकर कड़े निर्देश दिए हैं। कहा है कि पाक्सो (प्रोटेक्शन आफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल अफेंसेस) एक्ट, व महिला संबंधी अपराधों में जल्द से जल्द आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल कर मुकदमे की प्रभावी पैरवी कर दोषियों को सजा दिलाई जाए।

पाक्सो एक्ट के मामलों में दो माह के भीतर कार्रवाई पूरी की जाए। इन मामलों के तेजी से निस्तारण के लिए विवेचना अधिकारी के साथ साप्ताहिक समीक्षा की जाए। कहा कि हर जिले में पाक्सो एक्ट के तहत दर्ज मुकदमों में प्रतिमाह कम से कम एक मामले में सजा सुनिश्चित कराई जाए। ऐसे मामले जिनमें आरोपितों व गवाहों की संख्या कम हो तथा वैज्ञानिक साक्ष्य मजबूत हों, उन्हें चिन्हित कर शीघ्रता से निस्तारित कराया जाये। मुख्य सचिव ने शनिवार को पाक्सो, महिला उत्पीड़न, सीसीटीएनएस व आइटी सिस्टम की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि छह जुलाई तक दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के लंबित मामलों के निस्तारण में उत्तर प्रदेश 97.80 प्रतिशत के साथ देश में दूसरे स्थान पर है। जबकि मुकदमे में दो माह के भीतर जांच प्रक्रिया पूरी करने में 73.10 प्रतिशत के साथ उत्तर प्रदेश का पांचवा स्थान है। पाक्सो एक्ट में जिलेवार की जा रही कार्रवाई की समीक्षा भी की गई। तकनीकी सेवायें शाखा ने डकैती लूट, हत्या, दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट, गो तस्करी व हत्या, अवैध मतांतरण जैसे जघन्य अपराधों की समीक्षा के लिए पोर्टल विकसित किया गया है। पोर्टल पर चिन्हित मुकदमों की विवेचना से संबंधित सूचनाएं व कोर्ट में उनकी स्थिति की पूरी जानकारी उपलब्ध कराई गई है, जिसकी वरिष्ठ अधिकारी नियमित समीक्षा कर रहे हैं। बताया गया कि विधि विज्ञान प्रयोगशाला में नमूनों की जांच के निस्तारण में वर्ष 2020 की तुलना में 94.28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## पाकिस्तान ने दी वर्ल्ड कप के बायकॉट की धमकी

### खेल मंत्री बोले- भारत एशिया कप के लिए न्यूट्रल वेन्यू पर अड़ा, हम भी ऐसा करेंगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में 5 अक्टूबर से शुरू हो रहे वनडे क्रिकेट वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के पार्टिसिपेशन पर संशय बरकरार है। पाकिस्तान के खेल मंत्री एहसान मजारी ने कहा- मैं चाहता हूं कि भारत भी एशिया कप मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेलने की मांग को छोड़े वरना हम भी वर्ल्ड कप में खेलने के लिए भारत नहीं जाएंगे।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) 27 जून को वर्ल्ड कप के लिए शेड्यूल जारी कर चुका है। भारत और पाकिस्तान के बीच हाई



वोल्टेज मैच 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा। इसके अलावा पाकिस्तान को अपने लीग के 8 मैच चार शहरों हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता में खेलना हैं।

## बंगाल पंचायत चुनाव: आज 697 बूथों पर फिर से होगा मतदान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी । कोलकाता**

पंचायत चुनाव के लिए सोमवार को राज्य में 697 बूथों पर पुनर्मतदान होगा। प्रत्येक बूथ पर केंद्रीय बल के चार जवान तैनात रहेंगे। सुबह 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक पुनर्मतदान होगा। राज्य चुनाव आयोग की ओर से इसकी जानकारी दी गई है। मुर्शिदाबाद जिले में सबसे अधिक 175 बूथों पर पुनर्मतदान होगा। बता दें कि इस जिले में मतदान के दौरान सबसे अधिक हिंसा हुई थी।

इसके अलावा मालदा में 110, नदिया में 89, कूचबिहार में 53, उत्तर 24 परगना में 46, दक्षिण 24 परगना में 36, उत्तर दिनाजपुर 42, दक्षिण दिनाजपुर 18, पूर्व मेदिनीपुर में 31, हुगली में 29, जलपाईगुड़ी में 14, बीरभूम में 14 व हावड़ा में 10 बूथों पर पुनर्मतदान होगा। इसके अलावा कई अन्य जिलों में भी कुछ बूथों पर पुनर्मतदान होगा।

**पंचायत चुनाव में हुआ कुल 80.71 प्रतिशत मतदान** :बंगाल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए शनिवार को भारी ड्क्षहसा के बीच हुए मतदान में अंतिम वोट प्रतिशत 80.71 प्रतिशत दर्ज किया गया है। रविवार को राज्य चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। राज्य की त्रिस्तरीय पंचायत प्रणाली की करीब 64,000 सीटों के लिए मतदान हुआ था, जिसमें 2.06 लाख उम्मीदवार मैदान में थे। शनिवार को मतदान अवधि समाप्त होने तक शाम पांच बजे तक 66.28 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। लेकिन कई बूथों पर मतदान कई घंटे बाद भी जारी रहा, क्योंकि कई मतदाता शाम पांच बजे कतार में खड़े थे। चुनाव मानदंडों के अनुसार, उन्हें अपना मत डालने की अनुमति दी जानी थी। कुछ बूथों पर मतदान रात 10 बजे तक भी जारी रहा। इसीलिए आयोग को विभिन्न जिलों से जो अंतिम आंकड़ा प्राप्त हुआ है, उसके बाद अंतिम मतदान प्रतिशत बढ़कर 80.71 प्रतिशत दर्ज किया गया। इधर, जिन बूथों पर बड़े पैमाने पर हिंसा या बूथ लूट जैसी घटनाएं हुई थी, वैसे करीब 700 मतदान केंद्रों पर सोमवार को पुनर्मतदान होगा।

**उत्तर 24 परगना सहित कई जगहों पर घटी हिंसक घटनाएं** : बता दें कि पंचायत चुनाव के मतदान संपन्न होने के बाद भी हिंसा लगातार जारी है। मतदान के अगले दिन रविवार को मुर्शिदाबाद, उत्तर 24 परगना व पूर्व मेदिनीपुर सहित कई जिलों में जगह-जगह फिर सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस व विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक संघर्ष की खबरें सामने आई।

## पुजारी की धारदार हथियार से प्रहार कर नृशंस हत्या

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

रायबरेली जिले के डीह थाना क्षेत्र में शनिवार की रात गांव से बाहर सड़क किनारे बूढ़े बाबा मंदिर में रह रहे पुजारी की भारी वस्तु और धारदार हथियार से प्रहार करके नृशंस हत्या कर दी गयी। हत्यारोपियों ने पुजारी के गुप्तांग में भी प्रहार किया।

पुजारी के कपड़े झुलसे हुए थे। पुजारी का रक्तरंजित मंदिर में शव मिलने से दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, अपर पुलिस अधीक्षक के अलावा फोरेंसिक टीम ने जांच शुरू की और परिजनों से पूछताछ की। कमालपुर बड़ैला निवासी मेड़ई राम (65) गांव से आधा किलोमीटर दूर अपने खेत के पास मंदिर बनाकर 12 वर्ष से रहते थे और मंदिर में पूजा पाठ करते थे। गांव में बेटे और बहू रहती हैं। रविवार की सुबह बाबा मेड़ई राम का शव मंदिर के ऊपरी हिस्से में बनी छत पर रक्तरंजित अवस्था में मिला और पुजारी के शरीर पर पड़े कपड़े झुलसे हुए थे और गुप्तांग के पास किसी धारदार चीज से प्रहार किया गया था।

# प्रदीप राय, कानून से खेलोगे तो दुष्परिणाम झेलोगे



प्रदीप राय, एडवोकेट



विश्वनाथ चतुर्वेदी, एडवोकेट

**कथित तौर पर नियम-कानून से खिलवाड़ करने वाले सुप्रीम कोर्ट के वकील प्रदीप राय अब खुद कानून के शिकंजे में फंसते नजर आ रहे**

**जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा**

**लखनऊ।** कानून का जानकार होकर उससे खिलवाड़ करने वाले सुप्रीम कोर्ट के वकील प्रदीप राय अब खुद कानून के शिकंजे में फंसते नजर आ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के ही वरिष्ठ अधिवक्ता विश्वनाथ चतुर्वेदी ने शुक्रवार को सीबीआई कोर्ट में एप्लीकेशन दी है। इसमें उन्होंने प्रदीप राय को स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव परिवार को बचाने के लिए सीबीआई की फेक क्लोजर रिपोर्ट तैयार कराने और मीडिया में चलवाने का आरोपी बताया है। साथ ही, कोर्ट से मांग की है कि फेक क्लोजर रिपोर्ट केस में चार्जशीट दायर होने तक प्रदीप राय को जेल में रखा जाए।

फर्जी क्लोजर रिपोर्ट केस में सीबीआई की राऊज एवेन्यू कोर्ट में शुक्रवार को कमरा नंबर 205 में सुनवाई हुई। वहां, विश्वनाथ चतुर्वेदी ने एक प्रार्थना पत्र जज के सामने पेश किया। दरअसल, स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव परिवार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के केस में एक फर्जी क्लोजर रिपोर्ट पेश कर बरी किए जाने की फर्जी खबर मीडिया में चलवाई गई थी। इसमें बताया गया था कि स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव को मुकदमे में राहत मिल गई है। बाद में ये क्लोजर रिपोर्ट फर्जी साबित हुई थी। तब सीबीआई ने नया केस दर्ज किया जिसे फेक क्लोजर रिपोर्ट कहा गया।

- ✻ सुप्रीम कोर्ट के ही वरिष्ठ अधिवक्ता विश्वनाथ चतुर्वेदी ने सीबीआई कोर्ट से की फरियाद
- ✻ फेक क्लोजर रिपोर्ट केस में चार्जशीट दायर होने तक प्रदीप राय को जेल में रखने का अनुरोध किया
- ✻ आरोप है कि स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव परिवार को आय से अधिक संपत्ति मामले में क्लीन चिट दिलाने के लिए प्रदीप राय ने ही रचा था कुचक्र









### ...ताकि दबाव बनाने के लिए पैंतरे बाजी न करें प्रदीप राय

फेक क्लोजर रिपोर्ट केस के शिकायतकर्ता एडवोकेट विश्वनाथ चतुर्वेदी हैं। चतुर्वेदी का आरोप है कि फर्जी क्लोजर रिपोर्ट तैयार कराने और इसके आधार पर मीडिया में प्रदीप राय ने ही चलवाया। प्रदीप राय अब इस मुकदमे को प्रभावित करने के लिए विश्वनाथ चतुर्वेदी पर तरह-तरह से दबाव बना रहा है। इस कड़ी में उसने विश्वनाथ चतुर्वेदी और इस प्रकरण पर चतुर्वेदी का इंटरव्यू लेने वाले भड़ास4मीडिया के संपादक यशवंत सिंह के खिलाफ दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट थाने में मानहानि और रंगदारी की एफआईआर दर्ज करा दी। इसके बाद अब एडवोकेट विश्वनाथ चतुर्वेदी ने सीबीआई कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर प्रदीप राय की कारगुजारी बताते हुए इन्हें जेल में रखने की अपील की है ताकि ये इस प्रकरण के शिकायतकर्ता खुद चतुर्वेदी, गवाहों और इस प्रकरण के बारे में रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों पर दबाव बनाने की कोशिश न करें।

## बाइक से कश्मीर-लद्दाख जाना चाहता हूं: राहुल गांधी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

राहुल गांधी बाइक से जम्मू-कश्मीर, लद्दाख की यात्रा करना चाहते हैं। उनके पास केटीएम 90 बाइक है, लेकिन वो पड़ी है। क्योंकि सिक्योरिटी वाले चलाने नहीं देते। वे चिट्ठी लिखना शुरू कर देते हैं।

यह बातें राहुल ने 27 जून को दिल्ली के करोल बाग में बाइक मैकेनिकों से कही थीं। रविवार को इस बातचीत का वीडियो राहुल ने यू-ट्यूब पर शेयर किया। 12 मिनट के इस वीडियो में उनकी करोल बाग की पूरी विजिट है। इसमें वे मैकेनिकों के सवालों के जवाब देते दिखाई दे रहे हैं। एक मैकेनिक ने उनसे पूछा- आप शादी कब कर रहे हैं? तो राहुल ने मुस्कुराते हुए कहा, देखते हैं...।

इसके बाद राहुल गांधी बुलेट एक्सेसरीज की दुकान पर गए। वहां पर उन्होंने करीब 40 मिनट बिताए और बुलेट बाइक की कई बारिकियों पर बात की। राहुल गांधी ने चाय बिस्किट मंगाए। आर्मी वाली पेंट और बुलेट के बारे में जानकारी ली। वहीं, दुकान के मैकेनिक विक्की से पूछा कि शादी हुई ? तो विक्की ने कहा कि आप करोगे तब कर लेंगे....। राहुल ने यहां गाड़ी की सर्विस के बारे में जानकारी ली। राहुल ने बाइक की सर्विस भी की।

# जनप्रतिनिधि व अधिकारी समन्वय बनाकर विकास कार्यों को प्रदान कराएं गति: शैलेन्द्र प्रताप सिंह

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सदस्य विधान परिषद सभापति शैलेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं समिति के सदस्य एमएलसी जनपद सीतापुर पवन कुमार सिंह, एमएलसी बरेली कुमार महाराज सिंह, एमएलसी चित्रकूट जितेन्द्र सिंह सेंगर की उपस्थिति में संपन्न हुई।
सभापति शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य केंद्र वह प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाएं जो संचालित हैं उनका क्रियान्वयन कैसे हो उसकी समिति समीक्षा कर रही है हम लोग जनप्रतिनिधि हैं आप अधिकारी हैं विकास के कार्यों में एक दूसरे के सहयोगी हैं और समन्वय बनाकर आगे विकास के कार्यों को कैसे गति दिया जाए उस पर कार्य किया जाए जो आप लोगों को दायित्व एवं कर्तव्य दिया गया है उसको समझने की जरूरत है सरकार की योजनाओं को पूर्ण करने की आप लोगों की पूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर शिष्टाचार एवं बेहतर समन्वय के साथ उनके पत्रों पर समय से कार्यवाही किया जाए एवं निरंतर विकास एवं अन्य कार्यक्रमों की सूचना आवश्यक रूप से उपलब्ध कराई जाए। समिति द्वारा जनपद में विधान परिषद समितियों के प्रश्नों का विधान परिषद को समय से उपलब्ध कराए जाने पर भी कार्यवाही सुनिश्चित करें। जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशासन के अधिकारी प्रतिमाह बैठक आयोजित कर उनके सुझाव भी आमंत्रित किए जाएं। जनप्रतिनिधियों से प्राप्त होने वाले पत्रों के संबंध में प्रत्येक विभाग एक अलग से रजिस्टर तैयार कर उसमें दर्ज करें। अधीक्षण अभियंता विद्युत से कहा कि विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रखें जो नए कार्य विद्युत विभाग में शुरू हो रहे हैं उसकी जानकारी जनप्रतिनिधियों को भी दी जाए। प्रभागीय वनाधिकारी से कहा कि जो पौधारोपण का लक्ष्य शासन द्वारा निर्धारित किया गया है उसमें जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित कर पौधारोपण सुनिश्चित कराएं तथा सभी विभाग जिनको पौधारोपण का लक्ष्य दिया गया है अपने अपने लक्ष्य के अनुसार वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित करें। उपनिदेशक कृषि राजकुमार ने बताया कि ज्वार बाजरा,सांवा कोदो रागी के बीज किसानों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज की समीक्षा में डीसी मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य कई अधिकारियों के द्वारा अच्छा कार्य किया गया है समिति इन अधिकारियों की प्रशंसा करती है। समिति के सदस्य एमएलसी पवन कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों से कहा कि जो शासन से शासनादेश दिया गया है उसमें जनप्रतिनिधियों के साथ शिष्टाचार प्रदर्शन कैसे करना है वह सभी के पास उपलब्ध है उसी के अनुसार कार्य करें प्रशासनिक जनप्रतिनिधियों के समन्वय पर प्रत्येक विभाग माह में बैठक अवश्य कराएं। उन्होंने जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द से कहा कि यह सभी विभागों में सुनिश्चित कराएं ताकि जो विभागीय योजनाओं में समस्याएं हैं तो उनका निराकरण किया जा सके। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया की परिक्रमा मार्ग का अतिक्रमण हटाया जा रहा है इसके बाद तार फेंसिंग करके पौधे रोपित कराए जाएंगे।
समिति के सदस्य एमएलसी कुमार महाराज सिंह ने सभी अधिकारियों से कहा कि शासनादेश जो शासन से जारी होते हैं उनको सभी विभाग गंभीरता से लेकर कार्य करें। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के मध्य समन्वय अच्छा होना चाहिए ताकि भारत सरकार व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुदूर क्षेत्र के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच सके। समिति के सदस्य एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने जिलाधिकारी से कहा कि 200 सैया अस्पताल खोह का संचालन कराएं एवं बस स्टॉप का संचालन बेड़ी पुलिया से कराया जाए। तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राजापुर की बिल्डिंग जो अधूरी पड़ी है उसका निर्माण कार्य तत्काल पूर्ण कराकर विद्यालय का संचालन कराया जाए तथा सर्किट हाउस के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा की जो आपके द्वारा निर्देश दिए गए हैं उनका अनुपालन अच्क्षरशः सुनिश्चित कराया जाएगा तथा जनप्रतिनिधियों के साथ जिला प्रशासन का हमेशा बेहतर संवाद एवं सहयोग रहेगा।
विधायक मऊ मानिकपुर अविनाश चन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सभापति एवं समिति के सदस्यों को राम दरबार भेंट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुकला, कॉपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, अपर उप जिलाधिकारी राम जन्म यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक ऋषि मुनि उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने एआरटीओ के स्थानांतरण पर लगाई रोक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के आठ जनपदों के साथ चित्रकूट जनपद भी आकांक्षात्मक जनपद के अंतर्गत चयनित है। बीते दिन शासन स्तर से एआरटीओ प्रशासन प्रदीप कुमार देशमणि का स्थानांतरण महराजगंज जनपद कर दिया गया है। लेकिन इनके स्थान पर किसी प्रतिस्थानी की तैनाती न होने पर डीएम अभिषेक आनंद ने प्रमुख सचिव परिवहन को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए इनके स्थानांतरण पर तत्काल रोक लगा दी है। डीएम ने प्रमुख सचिव को अवगत कराते हुए बताया कि जिला चित्रकूट भारतीय संस्कृति का एक अत्यंत धार्मिक एवं पौराणिक स्थल है। यहां लाखों की संख्या में तीर्थयात्रियों एवं पर्यटकों का आना जाना लगा रहता है,जिनके द्वारा रामघाट पर पवित्र मंदाकिनी नदी में स्नान आदि करने के बाद भगवान कामतानाथ पर्वत की परिक्रमा कर पूजा अर्चना तथा अन्य धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया जाता है।धार्मिक स्थल होने के कारण जिले में वीवीआईपी एवं अन्य महानुभावों का आवागमन बना रहता है। इन सब को ध्यान में रखते हुए एआरटीओ प्रशासन की जिले में तैनाती होना आवश्यक है। डीएम ने अवगत कराया कि भारत सरकार द्वारा प्रदेश के आठ आकांक्षी जनपदों में शत- प्रतिशत तैनाती किए जाने के निर्देश हैं। किसी प्रतिस्थानी की तैनाती न होने के कारण शासकीय कार्यों को सुचारू रूप से संपादित कराने जाने में कठिनाई उत्पन्न होगी। इसलिए किसी प्रतिस्थानी के आने तक इनके स्थानांतरण पर रोक लगाई जाती है। डीएम द्वारा स्थानांतरण पर रोक लगाने के बाद ए आर टी ओ प्रदीप कुमार ने आर टी ओ बांदा को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि बीते दिन मुझे कार्यमुक्त कर नवीन तैनाती के स्थान पर योगदान देने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही चार्ज अपने स्तर से ए आर टी ओ प्रवर्तन विवेक शुक्ला को प्रदान किया गया है। इसलिए इनके द्वारा अपने पदीय दायित्यों एवं कर्तव्यों का निर्वहन कर रहा है। स्थानांतरण पर रोक के बाद डीएम और आर टी ओ के निर्देश पर प्रतिस्थानी के आने तक अपने पदीय दायित्यों व कार्यों का निर्वहन जारी रखने को कहा गया है।

# शिव भक्तों की कांवड़ यात्रा शुरु आज प्रथम सोमवार का होगा जलाभिषेक

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

हमारे देश में ऐसे कई रहस्यमयी और चमत्कारिक शिव मंदिर हैं। जो आज भी शिव भक्तो के आस्था का केन्द्र बने है। जनपद मे ताबेश्वर मंदिर सहित कुण्डेश्वर धाम जैसे आधा दर्जन से भी अधिक शिव मंदिर अति प्रचीन है।
जिसके बारे मे पूर्वजो द्वारा तरह-तरह की कहानियॉ सुनायी जाती रही है और प्रचीन काल से आस्था का केन्द्र बने है। वही सावन के महीने मे शिव मंदिरो का महत्व कुछ अधिक ही हो जाता है। श्रवण मास के प्रथम सोमवार की तैयारिया लगभग पूर्ण कर लिया गया है और शिव भक्त कॉवर लेकर निकल पडे है। जिनकी व्यवस्था के लिए स्थानीय प्रशासन सहित पुलिस प्रशासन मौके का दौरा करके व्यवस्था सुनिश्चित कर रहा है। पवित्र श्रवण मास चल रहा है जो प्रति तीन वर्ष बाद अधिक मास के चलते दो माह तक श्रवण मास माना जाना है। जनपद के कोने-कोने मे छोटे-बड़े शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ जुट रही है। कांवड़िया पवित्र नदियों से जल लेकर शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए पहले सोमवार को पहुंचना हैं।
चारों तरफ पूरा माहौल शिवमय हो चुका है। हर-हर महादेव, ओम नमः शिवाय के जयकारो के साथ शिव भक्त प्रतिदिन शिववालयो मे पहॅुच रहे है। वही सोमवार को विशेष शिव मंदिरों में पहुंचने वाले शिव भक्तो की सख्या अधिक हो जाती है। धर्म पुराणो के अनुसार भगवान शिव को श्रवण मास अति प्रिय है। इस मास मे प्रतिदिन शिवोपासना विधान बताया गया है। उसमे सोमवार का महत्व कुछ अधिक ही वर्णन है। कहा जाता है कि श्रवण मास मे लघुरुद्र, महारुद्र, अतिरुद्र का पाठ करना शिव भक्तो को करना चाहिये।
वही पार्थिव पूजन का विशेष महत्व का वर्णन किया गया है। इसी के चलते श्रवण मास में दूर-दूर से भक्त पैदल यात्रा कर जलाभिषेक करते हैं। .खास तौर पर सावन के सोमवार का विशेष महत्व रहता है। गंगा जल और दूध से अभिषेक व बेल पत्र अर्पित करने मात्र से ही भोलेनाथ भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं।

## सिविल इंजीनियर अनिमेष कुमार गुप्ता नियुक्त हुए प्रभास महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। प्रभास महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग ने सदर बाजार कर्वी निवासी सिविल इंजीनियर अनिमेष कुमार गुप्ता को प्रभास महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों के प्रस्ताव पर प्रभास महासभा का राष्ट्रीय संरक्षक नियुक्त किया। इस दौरान प्रभास महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, राष्ट्रीय महासचिव साधना मिश्रा, राष्ट्रीय प्रभारी रोहित कश्यप, कोषाध्यक्ष विष्णु कुमार अग्रहरि ने इं अनिमेष कुमार गुप्ता का स्वागत किया और नियुक्ति पत्र सौंपा। साथ ही समस्त पदाधिकारियों ने नई जिम्मेदारी के लिए उन्हें बधाई दी। संगठन के राष्ट्रीय प्रभारी रोहित कश्यप ने कहा कि प्रभास महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक के पद पर रहते हुए इं अनिमेष कुमार गुप्ता प्रभास महासभा को ऊंचाइयों पर ले जायेंगे।

## उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ: सभी 65 पदों के लिए निर्विरोध सम्पन्न हुआ निर्वाचन

# अखिलेश पाण्डेय लगातार चौथी बार बने जिलाध्यक्ष

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



कृषक इंटर कालेज भौंरी में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कार्यसमिति का निर्वाचन पांच सौ से अधिक शिक्षक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्वाचन अधिकारी मांडलिक मंत्री चित्रकूटधाम बॉदा आशुतोष त्रिपाठी व निर्वाचन पर्यवेक्षक प्रांतीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र श्रीवास्तव की देखरेख में निर्विरोध सम्पन्न हुआ। जिसमें लगातार चौथी बार अखिलेश कुमार पाण्डेय को जिलाध्यक्ष बनाया गया।
रविवार को निर्वाचन अधिकारी की मौजूदगी में जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मंत्री, संयुक्त मंत्री व कोषाध्यक्ष, महिला मोर्चा व संघर्ष समिति सहित 65 पदाधिकारियों का नामांकन कराया गया। सभी पदों पर एक-एक नामांकन होने के कारण सभी 65 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन घोषित करके निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी पदाधिकारियों को संगठन के संविधान की शपथ दिलाई गयी। निर्वाचन अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि इस समय पुरानी पेंशन हमारे संगठन का सबसे बडा और प्रमुख मुद्दा है और पुरानी पेंशन से कम पर हम कोई समझौता नहीं कर सकते हैं,हमारे प्रांतीय अध्यक्ष डा दिनेश चन्द्र शर्मा के नेतृत्व मे पिछले पांच वर्षों में तीन बार ब्लॉक से लेकर लखनऊ तक आंदोलन किया गया, लखनऊ मे लाखों शिक्षकों का प्रदर्शन ऐतिहासिक रहा। डा दिनेश चन्द्र शर्मा के नेतृत्व में ही तीन दिन की ऐतिहासिक हडताल हुयी,जिसके बाद ही पुरानी पेंशन एक चुनावी मुद्दा बना,यदि पुरानी पेंशन बहाल नहीं होती तो मजबूरन वोट की चोट करनी पडेगी और उसके लिए सभी शिक्षकों को जाति-धर्म, क्षेत्र और रिश्ते-नाते दारी की सीमा से ऊपर उठकर अपने हित मे फैसला करना पडेगा। निर्वाचन पर्यवेक्षक देवेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि चित्रकूट जनपद के संगठन का संघर्ष और त्याग पूरे प्रदेश के लिए उदाहरण है,यहां के संगठन के संघर्ष व बलिदान से अन्य जनपद भी प्रेरणा लेते हैं। नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने कहा कि वर्ष 2011 मे भ्रष्टाचार, शोषण और उत्पीड़न को समाप्त करने के लक्ष्य को लेकर हमारी टीम संगठन के नेतृत्व मे आई थी, वर्ष 2012 से 2020 तक शिक्षकों के सहयोग और समर्पण के कारण हमारा संगठन अपने उद्देश्य पर पूरी तरह सफल रहा, किंतु कुछ दलालों की साजिश के कारण 2021 से शिक्षकों का शोषण, उत्पीड़न और भ्रष्टाचार निरंतर बढ रहा है, जिसकी जिम्मेदारी अधिकारियों और कर्मचारियों से ज्यादा हमारे शिक्षकों की है, क्योंकि उनमे आत्मबल की इतनी कमी है कि डरकर तुरंत समझौता कर लेते हैं, इसलिए वर्तमान में हमारे संगठन का प्रमुख उद्देश्य है कि शिक्षकों के भय को समाप्त करके, उनको आत्मबली बनाना और उनके सहयोग से विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार, शोषण और उत्पीड़न को पूरी तरह समाप्त कराना। नव निर्वाचित जिला मंत्री आराधना सिंह ने कहा कि संगठन के इतिहास मे यह पहला अवसर है जब किसी महिला शिक्षिका को जिला मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी दी गयी है,यह सम्मान मेरा नहीं बल्कि जनपद की समस्त महिलाओ का है,इसलिए इस सम्मान को बचाने के लिए सभी महिला बहनें बढ़-चढ़कर संगठन का सहयोग और समर्थन करें। नव निर्वाचित वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक गर्ग ने अपने आभार प्रदर्शन में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की सम्पूर्ण कार्यसमिति को निर्विरोध निर्वाचित कराने के लिए समस्त शिक्षक प्रतिनिधियों,जनपद के समस्त शिक्षकों सहित निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचन पर्यवेक्षक,राष्ट्रपति व राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षकों, सेवानिवृत्त शिक्षकों सहित जनपद के मीडिया के बंधुओं को धन्यवाद देते हुये सभी का आभार प्रदर्शित किया।
इसके पूर्व हुए निर्विरोध निर्वाचन में संरक्षक पद पर लवलेश सिंह, शिवअवतार सिंह, मुख्य सचेतक पद पर अशोक त्रिपाठी, बालेन्द श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष पद पर अखिलेश कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक कुमार गर्ग, जिला मंत्री आराधना सिंह, संयुक्त मंत्री हरिशंकर तिवारी, कोषाध्यक्ष नारायण सिंह, उपाध्यक्ष शकुंतला वर्मा, कमलेश मिश्रा, वीरेंद्र श्रीवास्तव, अशोक तिवारी, विजय शुक्ला, संगठन मंत्री रामकुमारी, गंगा प्रसाद शुक्ला, अतुल द्विवेदी, कमलेश कुशवाहा, राधेचरण शुक्ला, प्रचार मंत्री आशीष श्रीवास्तव, प्रमोद द्विवेदी, शैयद अली, राजकुमार शर्मा, आडीटर, लेखाकार पद पर शुशील कुमार पाण्डेय, एकाउंटेंटध्आय व्यय निरीक्षक पद पर शशिभूषण सिंह, उप मंत्री पद पर अर्चना रिछारिया, अखिलेश सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, प्रदीप सिंह, पारसनाथ, प्रवक्ता पद पर प्रियंका शुक्ला, अरुण श्रीवास्तव, संकल्प पाण्डेय, सतीश सिंह, दौलतराम, मीडिया प्रभारी पद पर तबस्सुम, वेद प्रकाश, साकेत शुक्ला, शिवपूजन पाण्डेय, कुलदीप द्विवेदी को बनाया गया। इसी तरह महिला मोर्चा में जिलाध्यक्ष शहनाज बानो, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष पूजा नामदेव, जिला मंत्री खुशबू जायसवाल तथा संघर्ष समिति में जिलाध्यक्ष अजीत पाण्डेय, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष शिवशंकर भार्गव, जिला मंत्री दिनेश सिंह, ब्लाक अध्यक्ष मऊ कुलदीप द्विवेदी, ब्लाक मंत्री मऊ आलोक श्रीवास्तव, ब्लाक अध्यक्ष मानिकपुर अमित सोनी, ब्लाक मंत्री मानिकपुर सत्य प्रकाश त्रिपाठी, ब्लाक अध्यक्ष पहाडी अवधेश कुमार पाण्डेय, ब्लाक मंत्री गोविन्द सिंह, ब्लाक अध्यक्ष रामनगर सुरेन्द्र सिंह, ब्लाक मंत्री सचिन मिश्रा, ब्लाक अध्यक्ष चित्रकूट कुट्टराम तथा ब्लाक मंत्री शिवनंदन को बनाया गया। वही तहसील प्रभारी मऊ आलोक कुमार गर्ग, तहसील सह प्रभारी मऊ संतोष सिंह, तहसील प्रभारी राजापुर कार्तिकेय मिश्रा, तहसील सह प्रभारी राजापुर संदीप शुक्ला, तहसील प्रभारी मानिकपुर भगवानदीन मिश्रा सह प्रभारी अभिषेक तिवारी, तहसील प्रभारी कर्वी चन्द्रप्रकाश तिवारी तथा सह प्रभारी अजय कुमार गौतम को बनाया गया।

## पुलिस टीम ने आठ बालकों को परिजनों के सुपुर्द किया

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में चैकी परिक्रमा मार्ग पुलिस टीम द्वारा परिक्रमा के दौरान परिजनों से बिछड़े 8 वर्षीय बालक नैतिक पुत्र राकेश कुमार निवासी रैपुरा जनपद चित्रकूट को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया। चैकी परिक्रमा मार्ग उप निरीक्षक राजेश चैरसिया व आरक्षी रविन्द्र राठौर को बीती शाम परिक्रमा मार्ग चैकी के पास 8 वर्षीय बालक नैतिक मिला, जो अपने परिजनों से बिछड़ गया था। जिसपर आरक्षी ने सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से बालक के परिजनों की पहचान की। पुलिस टीम ने बालक के परिजनों को खोजबीन की गयी तो पीली कोठी से पहले उसके परिजन उन्हें मिल गये। चैकी लाकर बालक नैतिक को उनकी चाची डॉ सुधा सिंह के सुपुर्द किया गया। डॉ सुधा पत्नी अंकित कुमार निवासी रैपुरा अपने परिवार के साथ परिक्रमा लगा रही थीं।

# अभियान के माध्यम से कामदगिरि से निकाला जा चुका है हजारों टन कचरा: राकेश

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कामतानाथ परिक्रमा में कामदगिरि स्वच्छता समिति द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के माध्यम से हजारों टन कचरा कामदगिरि पर्वत से निकाला गया। अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने बताया कि स्वच्छता मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसडर राकेश केशरवानी ने बताया कि कामदगिरि स्वच्छता समिति द्वारा कामतानाथ पर्वत में यह स्वच्छता अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। जिसके माध्यम से हजारों टन कचरा कामतानाथ पर्वत का बाहर किया गया। भगवान कामतानाथ के पर्वत के किनारे हजारों टन कचरा जमा था जो कि कभी साफ ही नहीं हुआ था। अभियान के माध्यम से धीरे-धीरे उस कचरे को बाहर किया गया और कचरा निकालने का निरंतर प्रयास चल रहा है।
परिक्रमा मार्ग साफ और स्वच्छ हो इसके लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि इस तारीके के स्वच्छता अभियान से आम जनता में जागरूकता भी आती है और प्रकृति को संरक्षण मिलता है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वय शिवा कुमार ने बताया कि एक स्वच्छ शरीर में स्वास्थ्य मन का निवास होता है। अपने आसपास स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखें। इस मौके पर राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केशरवानी, सुमित केशरवानी, स्वच्छता प्रभारी जानकी प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद अग्रहरी, प्रेम नारायण त्रिपाठी, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# वीआईपी रोड ध्वस्त: शिव भक्तों मे रोष गन्दे पानी से गुजर कर पहुॅच रहे मंदिर

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर



वीआईपी रोड सिद्धपीठ श्री ताम्बेश्वर मंदिर जाने वाले मार्ग में नगर पालिका के ठेकेदारों की लापरवाही के चलते मंदिर जाने वाले मार्ग की सड़क एक वर्ष में ही उखड़ कर गड्ढों में तब्दील हो गयी हैं। जिससे मार्ग में भारी जलभराव की स्थिति बन गई है। केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के आवास से चंद कदम दूरी पर स्थित सड़क की दुर्दशा देखकर जनपद के अफसरों की कर्तव्य निष्ठा का अंदाजा भी लगाया जा सकता है। उन्हें न तो केंद्रीय मंत्री का किसी तरह का खौफ दिखाई देता है न ही प्रदेश सरकार की किसी कार्यवाही का कोई भय है। बुलेट चैराहे से तांबेश्वर मन्दिर मार्ग होते डाक बंगला जाने वाले मार्ग पर सड़क की दुर्दशा व जलभराव के चलते लोगो का निकलना दूभर है। श्रवण मास के दौरान तांबेश्वर मन्दिर में बड़ी संख्या में दर्शन को श्रद्धालुओ का आवागमन होता है। जिसमे बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे भी होते है। मन्दिर मार्ग के मुख्य चैराहे के निकट की सड़क टूटी होने व उसमे भारी जलभराव की वजह से श्रद्धालुओं को अनेक समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है। इसी मार्ग पर शहर का एक बड़ा विद्यालय भी है। जिसमे पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चों को प्रतिदिन इसी टूटी हुई सड़क के गड्ढों में भरे पानी से होकर जाना पड़ता है। बच्चों के साथ आने-जाने वाले अभिभावकों की बाइक अक्सर इन्ही गड्ढों में फंसकर दुर्घटना का शिकार भी हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण के पूर्व नालियॉ तो बनाई गई लेकिन जलनिकासी की समुचित व्यवस्था का ध्यान नहीं रखा गया। इसी मार्ग पर पहले दो जगह तालाब थे जहां बरसात का पानी जाता था। इन तलाबों पर अवैध अतिक्रमण कर पुराई कर दिए जाने से जल निकासी की समस्या और भी गंभीर हो गयी है। पानी की निकासी न होने से बरसात का पानी सड़क पर ही एकत्र हो जाता है। जिससे एक वर्ष पूर्व बनी सड़क उखड़ गयी। जल निकासी की बदहाल स्थिति से आमजनों के अलावा मन्दिर जाने वाले श्रद्धालुओं को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जब यह हाल वीआईपी रोड का है तो अन्य सडको का क्या हाल होगा यह लिखने की आवश्यक्ता नही है।

# नाबालिक का अपहरण करके किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

खेत से घर लौट रही किशोरी को रास्ते मे पहले से घात लगाये बैठे युवक अपहरण कर जंगल ले गया और दुष्कर्म को अंजाम दिया। शोर मचाने पर युवक ने जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। घर पहुंची पीड़िता ने घटना की जानकारी परिजनों को दिया। पिता के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। किशोरी का मेडिकल कराया गया। मामला बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग किशोरी को खेत जाते समय युवक ने रास्ते से अपहरण करने के बाद जंगल में ले जाकर जबरन दुष्कर्म व मारपीट किया। किशोरी के चीखने-चिल्लाने पर आस-पास खेतों में काम कर रहे लोग जब चीख-पुकार सुनकर दौड़े, तो आरोपी युवक जान से मारने की धमकी दे हुये मौके से फरार हो गया। किसी तरह घर पहुंची किशोरी ने पूरी घटना अपनी मां को बताई, तो बेटी को लेकर परिजन कोतवाली पहुंचे और आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दिया। पीडिता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके किशोरी का मेडिकल कराया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे युवक को गांधी चौराहा बिंदकी कस्बा से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी युवक नीरज कुमार के ऊपर अपहरण, दुष्कर्म, पॉस्को एक्ट के तहत् मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## प्रवेश दौड़ प्रतियोगिता सम्पन्न

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। अखंड हिंद फौज कमांड चित्रकूट की प्रवेशदौड़ प्रतियोगिता बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज बेडीपुलिया में रविवार को हुई। जिसमें लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान दिव्य जीवन दास महाराज, अखंड हिंद फौज के केन्द्रीय सदस्य कमलाकांत व विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला मंत्री रामशरण ने हरी झंडी दिखाकर प्रवेश दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

# 10 अगस्त से शुरू होगा फाइलेरिया उन्मूलन, घर-घर स्वास्थ कर्मी खिलायेंगे दवा

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत् आगामी दस अगस्त से प्रस्तावित आईडीए राउंड को लेकर सीएमओ कार्यालय के सभागार में ब्लॉक व शहरी क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुआ। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डा. डॉ अशोक कुमार ने कहा कि आगामी 10 अगस्त से आईडीए अभियान शुरू हो रहा है।
मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि इस दौरान एएनएम, आशा और आंगनबाडी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया से बचाव की तीन दवाएं अपने सामने ही खिलाएंगी। दवा खाने के बाद अगर जी मिचलाये या चक्कर आए तो घबराना नहीं है। यह लक्षण फाइलेरिया के परजीवी समाप्त होने के कारण सामने आते हैं जो स्वतः ठीक हो जाते हैं। जिले की शत- प्रतिशत् आबादी को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कहा कि आईडीए राउंड की सफलता के लिए ब्लॉक स्तर के स्वास्थ्य कर्मियों का तकनीकी



प्रशिक्षण एवं निरंतर संवेदीकरण जरुरी है। इसे ध्यान में रखते हुए आईडीए राउंड में पूरी तरह से ब्लॉक स्तरीय रणनीति पर जोर दिया जा रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी सुजाता ठाकुर ने सभी बीसीपीएम से कहा कि वह इस अभियान के सम्बन्ध में अपने-अपने क्षेत्र का माइक्रोप्लान जल्द ही तैयार कर लें। उन्होंने बताया की सभी ग्रामीण क्षेत्र के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और शहरी क्षेत्र के समस्त डीटीसी में रैपिड रिस्पांस टीम भी सक्रिय रूप से कार्य करेंगी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व नोडल अधिकारी डा. आरके सिंह ने आइवरमेक्टिन दवा ऊंचाई के अनुसार खिलाई जाएगी। एल्बेंडाजॉल को चबा कर ही खाना है। फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन दो वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती, एक माह के बच्चे वाली धात्री और गंभीर रूप से बीमार मरीज को छोड़कर सभी को करना है। एक से दो वर्ष की आयु के बच्चों को केवल आधी गोली एल्बेंडाजॉल खिलाई जाएगी। दवा का सेवन स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने सामने ही करवाएंगे। दवा खाली पेट नहीं खानी है। दवा खाने के बाद जी मिचलाना, चक्कर या उल्टी आए तो घबराएं नहीं, यह एक सामान्य प्रक्रिया है। ऐसा शरीर में आना शरीर में फाइलेरिया के परजीवी होने से हो सकता है, जो दवा खाने के बाद मरते हैं। 2380 टीमे को घर-घर दावा खिलाने के लिए लगाया जायेगा। इस मौके पर सभी सीएचसी के प्रभारी सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस। | लखनऊ। सोमवार। 10 जुलाई 2023



### मौसम पूर्वानुमान

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनांक 09- 12 जुलाई 2023 को तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 33.0 (-2.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 25.4 (+0.0)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 97 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 68 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 6.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 24.6

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# रजिस्ट्रेशन विहीन प्रखर, समृद्धि, हामिद, न्यू जहांगीर हॉस्पिटल पर कब चलेगा स्वास्थ विभाग का हंटर?












### मानक विहीन हामिद और समृद्धि हॉस्पिटल के मालिकान को नहीं है स्वास्थ्य विभाग का भय

हामिद व समृद्धि हॉस्पिटल ने मानक विहीनता की सारी हदें पार कर दी हैं। इन हॉस्पिटलों के पास ना तो ट्रेंड और डिग्री होल्डर नर्सिंग स्टाफ है। और ना ही हॉस्पिटल के माना कि पूरे हैं। एडिशनल सीएमओ डॉक्टर सुबोध प्रकाश ने बताया कि इन सभी को पूर्व में नोटिस दी जा चुकी है। और लगातार उत्तर प्रदेश शासन मानक विहीन अस्पतालों और इन अस्पतालों को चलाने वाले डॉक्टरों के खिलाफ पैनी नजर बनाए हुए हैं। शासन का निर्देश है कि मानक विहीन अस्पतालों को पूरी तरीके से बंद कर दिया जाए। उन्होंने बताया कि जल्द ही इन अस्पतालों पर कठोर कार्यवाही होने जा रही है।

जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे

**कानपुर नगर।** शहर के नामी-गिरामी अस्पतालों की सूची में अपना नाम शुमार रखने वाले प्रखर हॉस्पिटल, हामिद हॉस्पिटल एंड सर्जिकल सेंटर, समृद्धि हॉस्पिटल, न्यू जहांगीर हॉस्पिटल, का अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका है। लेकिन इन हॉस्पिटलों के मालिकान अपने रसूख के दम पर हॉस्पिटलों का संचालन कर रहे हैं। ज्ञातव्य हो कि बीते कुछ समय से जन एक्सप्रेस समाचार पत्र कानपुर शहर के नामचीन हॉस्पिटलों के महत्वपूर्ण अभिलेखों में काफी अनियमितताएं हैं। इन हॉस्पिटलों के अभी तक रजिस्ट्रेशन कंप्लीट नहीं हुए हैं। इसके बावजूद हॉस्पिटल में बिना किसी भय के मरीजों का उपचार किया जा रहा है। जैसा कि आपको पिछली खबर में बताया जा चुका है कि प्रखर हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर जे एस कुशवाहा जोकि सरकारी डॉक्टर होने के बावजूद अपना खुद का अस्पताल चला रहे हैं। इतना ही नहीं डॉक्टर जे एस कुशवाहा मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर के पद पर तैनात भी हैं। वहीं बात करें तो न्यू जहांगीर हॉस्पिटल की जहां के डॉक्टर इफ्तिखार खान जो वर्तमान समय में अकबरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सीएससी प्रभारी के रूप में तैनात हैं। सूत्रों की माने तो डॉक्टर इफ्तिखार खान ड्यूटी से अक्सर गायब रहते हैं वहां से इन्हें सरकारी वेतन तो मिल ही रहा है लेकिन इसके बावजूद यह अपने निजी अस्पताल को पूरा समय देते हैं। ऐसे डॉक्टरों पर उत्तर प्रदेश शासन को कठोर कार्यवाही करनी चाहिए जो अपने दायित्व का निर्वाहन न करते हुए सरकार को गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### 'आज कानपुर नगर निगम कर्मचारी संघ करेगा बैठक'



जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। प्रदेश के विभिन्न जनपदों के राज्य कर्मचारी एवं शिक्षक स्थानांतरण नीति व पूर्व प्रेषित मांग पत्र को लेकर 10 जुलाई को कानपुर नगर निगम कर्मचारी संघ मोतीझील के कार्यालय मे बैठक करेंगे। जिसमें राज्य कर्मचारी, शिक्षक, निकाय एवं स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी प्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी देते हुए कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश के मंडल अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा ने बताया कि शिक्षक स्थानांतरण नीति व पूर्व प्रेषित मांग पत्र का समाधान न होने पर मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करने की तैयारी की गई है। उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल जुलूस को सफल बनाने के लिए 11 जुलाई 2023 को रणनीति तैयार की जाएगी।

### गंगा बैराज में हो रहा मछलियों का अवैध शिकार

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। कोहना थाना क्षेत्र के गंगा बैराज में अवैध तरीके से मछलियों का शिकार किया जा रहा है। वही मछलियां बेचने जा रहे युवक को सिपाही ने दौड़ाकर पकड़ लिया इस दौरान युवक के साथी भागने में कामयाब हो गए। आपको बता दें कि तमाम कवायदों के बाद भी कोहना के गंगा बैराज में मछलियों के शिकार पर रोक नही लग पाई है।दिन रात गंगा बैराज में मछलियों का शिकार किया जा रहा है।देर रात कोहना थाने में तैनात सिपाही राहुल वर्मा गस्त पर थे तभी बाइक सवार दो युवक बड़े से झोले में कुछ ले जाते हुये दिखाई दिये। सिपाहि राहुल वर्मा ने युवकों को रोकने का पर्यस किय्या तो वह झोला फेंककर भागने लगे।जिस पर राहुल ने एक युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया जबकि दूसरा साथी मौके से भगने में सफल हो गया। पकड़े गए युवक की पहचान कोहना के मछुवा नगर निवासी पवन के रूप में हुई है जबकि फरार अभियुक्त अभिषेक है वही झोले में काफी मात्रा में मछलियां बरामद हुई है। जिसके बाद युवक को थाने ले जाकर पूँछताछ की गई और मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाई की जा रही है।वही मछलियों को गड्ढा खोदकर जमीन में गाड़ दिया गया है।

### गोदाम में लगी भीषण आग, फायर ब्रिगेड बुझाने में जुटी

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। थाना सीसामऊ क्षेत्र के कानपुर टेनरी स्थित मोटर सेल्स कारपोरेशन के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग लगने की जानकारी जैसे ही फायर बिग्रेड को मिली वैसे ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां आग बुझाने में जुट गई। आपको बताते चलें कि सीसामऊ थाना क्षेत्र के कानपुर टेनरी स्थित एक मोटर सेल्स कारपोरेशन के गोदाम में भीषण आग लग गई आग लगने की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया तो वही आनन-फानन में इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां आग बुझाने के प्रयास में जुटी हुई है।

### करंट लगने से युवक की दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। सजेती थाना क्षेत्र के कोटरा गांव निवासी रामबाबू निषाद के 5 पुत्रो में दूसरे नंबर का पुत्र सुभाष उर्फ सुघर बीती देर रात घर से खाना खाने के बाद खेत पर बन रहे मकान में सोने गया था।रास्ते में जाते समय सुभाष टूटे पड़े बिजली के तार के करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गयी।सुबह घटना की जानकारी होने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।ग्राम प्रधान सूबेदार सिंह ने बताया कि मृतक सुभाष गुजरात में प्राइवेट फैक्ट्री में नौकरी करता था और 2 माह पहले गांव लौटा था और अपने खेतों के पास मकान बनवा रहा था। सूचना पर पहुंची सजेती पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### पत्नी की पिटाई कर पति ने पी डाई, हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। रावतपुर थाना क्षेत्र में पत्नी की पिटाई कर युवक ने डाई पी ली। मिली जानकारी के अनुसार रावतपुर थानाक्षेत्र के विनायकपुर में नशे में धुत नीरज नाम के शख्स ने अपनी पत्नी प्रमिला और बच्चो की पिटाई कर दी और फिर डाई पी ली। हालांकि दो बार मकान मालिक ने डाई को छीन कर फेंक दी लेकिन तीसरी बार युवक ने डाई पी ली।आनन फानन में पत्नी प्रमिला ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुची पुलिस के आने से पहले युवक घर से भाग गया। थोड़ी देर बाद जब वह वापस घर आया तो पत्नी ने पुनः पुलिस को सूचना देकर बुला लिया जिसके बाद पुलिस ने युवक को अस्पताल में भर्ती कराया और मामंले कि जांच में जुटी है।

## 'बेहतर बनने के लिए हमें आधुनिक युग की तरफ जाना होगा'



### नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में आ रही कई समस्याएं

शिक्षा मंथन कार्यक्रम में राज्यपाल के विशेष कार्य अधिकारी डॉ. पंकज एल जानी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के बारे में बात करते हुए कहा कि महाविद्यालयों में स्किल कोर्सो की शुरुआत हो चुकी है लेकिन आज भी कई कॉलेजों में स्किल कोर्स पढ़ाने के लिए शिक्षक नहीं है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों के पास फंड की भी कमी है जिसके कारण वह अपने इंफ्रास्ट्रक्चर व संसाधनों में सुधार कर अपेक्षित बदलाव नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुसार स्टडी मेटेरियल का भी अभाव है। कोई छात्र चाहता है कि वह अपने दो क्रेडिट पॉइंट लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय के किसी कोर्स में प्रवेश ले। लेकिन प्रॉपर जानकारी न होने से वह ऐसा नहीं कर पाता है। विज्ञान के तमाम महाविद्यालयों मैं लैब भी नहीं है जिसके कारण रिसर्च वर्क नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीकी का उपयोग करने में भी महाविद्यालय काफी पीछे हैं।

जन एक्सप्रेस। प्रदीप शर्मा

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में चल रहे शिक्षा मंथन कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर योगेश सिंह ने कहा कि सेमेस्टर परीक्षाओं के होने से शिक्षा में काफी बदलाव आया है। बेहतर बनने के लिए हमें आधुनिक युग की तरफ जाना है।

उन्होंने कहा कि रिसोर्सेस का प्रयोग कब कहां करना है इसका चयन करना जरूरी है क्योंकि इसका फायदा बच्चों को मिलना चाहिए तभी वह आगे बढ़ पाएंगे। उन्होंने नई शिक्षा नीति में क्रेडिट ट्रांसफर पॉलिसी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से अपने यहां लीडरशिप विकसित करने की बात कही जिससे छात्र छात्राएं आगे चलकर देश का नेतृत्व करने में सक्षम हो। उन्होंने कहा कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी से लोगों को बहुत उम्मीदें हैं हमें अपनी क्वालिटी मेन पावर को मजबूत बनाना है। शिक्षकों को भी नई तरह से बदलना है बच्चों की विधा को इंप्रूव करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें बच्चों को टीमवर्क के फायदे बताने के साथ ही अच्छाई को प्रमोट करना होगा।

## मंदिर में चप्पल चोरी पर युवक ने दर्ज कराई एफआईआर

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा



**कानपुर नगर।** भैरव मंदिर गए एक भक्त की मंदिर से चप्पल चोरी हो गई। जिस पर दबौली निवासी कांति शरण निगम ने एफआईआर दर्ज कराई है। युवक मंदिर के बाहर चप्पल उतार कर दर्शन करने गया था। दर्शन कर लौटा यो उसकी चप्पल गायब थी। थाने में सुनवाई न होने पर युवक ने ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराई है। युवक ने बताया मंदिर में भक्तों बहुत की आस्था के साथ जाता है मंदिर परिसर से चप्पल चोरी होना बड़ी ही निंदनीय बात है। मंदिर से चप्पल चोरी पर उन्होंने कोहना थाने में शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। चप्पल चोरी की बात कहकर टाल दी गई। इसके बाद उन्होंने चप्पल चोरी की ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराई। प्रमुख मंदिर और धार्मिक स्थानों से चप्पल जूते चोरी होना कोई असामान्य बात नहीं है इसके पीछे कोई गिरोह भी हो सकता है। कई गिरोह तो ऐसे भी हैं जिन्होंने चप्पल जूते की दुकान तक खोल रखी है जहां से सस्ते दामों पर चप्पल जूता बेचे जाते हैं।

## जीने के रास्ते से घर में दाखिल हुए चोर, लाखों का माल किया पार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



साढ़ थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी अंतर्गत कुम्हडिया गांव में बीती रात चोरों ने दो घरों से लाखो का माल उड़ा दिया लेकीन तीसरे घर में चोरी निष्फल रहे।

कुम्हडिया गांव निवासी उपेंद्र कुमार पाण्डेय (रीटायर्ड सीआरपीएफ) पुत्र स्व कृष्णकुमार पाण्डेय अपनी पत्नी मालती वा दो बच्चे विवेक और सिवांश के साथ रहते हैं चोरों ने करीब तीस फीट की दीवाल से चढ़कर जीने से नीचे उतरकर चोरी को अंजाम दिया जिसमे एक हार, 4 कंगन, 2 झुमकी, 2 झाले, 4 अंगूठी, मंगलसूत्र, 2 चैन, 2 पायल , 1 बेंदी, 1 नथुनी , 2 बाली, 2 चांदी के सिक्के वा पैतीश सौ रुपए ले गए जिसकी तहरीर भीतरगांव चौकी में दी गई लगभग 8 लाख की चोरी हुई हैं वही दूसरी चोरी जयकरण पाल पुत्र चिरंजीव पाल अपनी पत्नी जयश्री के साथ रहते हैं चोर घर के पीछे से चढ़कर नसेनी के सहारे आंगन में उतरकर 1 झुमकी, 1 माला, 1 कील, पायल, तोड़िया वा 5 हजार रूपए ले गए जिसकी कीमत लगभग पचास हजार रुपए होगी( इसके अलावा तीसरी चोरी ननखऊं कुशवाहा पुत्र पराग कुशवाहा के घर चोर गए पर जानकारी होने पर भाग गए साढ़ थाना प्रभारी इस बताया चोरों की तलाश जारी है।

## 'शरीअते इस्लामिया अल्लाह का कानून, इसमें किसी तरह की कोई कमी नहीं'

### मुसलमानों के शरई मामलों को भी यू.सी.सी. से दूर रखा जाये : काजी ए शहर हाफिज़ मामूर अहमद जामई

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



राजनीतिक लाभ के लिये समाज से सद्भावना को खत्म करने के कृत्य से देश को नुक्सान पहुंचेगा, जिस देशप्रेमी कभी बर्दाश्त नहीं कर सकते। समान नागरिक संहिता द्वारा देशवासियों के धार्मिक और सांस्कृतिक मान्यताओं पर प्रहार करने का प्रयास किया जा रहा है, जिस पर ऐतराज करके अपना विरोध दर्ज कराना समस्त न्यायप्रिय नागरिकों के लिये लाज़मी और ज़रूरी है। इन विचारों को काज़ी ए शहर कानपुर हाफिज़ व कारी मामूर अहमद जामई ने परेड स्थित कार्यालय में यूनिफार्म सिविल कोड के सम्बन्ध से आयोजित बैठक से सम्बोधित करते हुए किया। काज़ी ए शहर ने कहा कि सरकार जिस तरह आदिवासियों और ईसाइयों को यू.सी.सी. से दूर रखने पर विमर्श कर रही है, उसी तरह हमारी अपील है कि मुसलमानों के शरई मामलों को यू.सी.सी. से दूर रखा जाये। उन्होंने बताया कि शरीअते इस्लामी किसी इंसान का बनाया हुआ कानून नहीं बल्कि कायनात को बनाने और उसको चलाने वाले अल्लाह का बनाया मुकम्मल जीवन संहिता है, इंसानो की समझ में तो कमी पाई जा सकती है, लेकिन हमारा ईमान है कि अल्लाह के इस कानून में किसी तरह की कोई कमी नहीं है, इसको मान लेने में भी सारी इंसानियत के लिये दुनिया व आखिरत की भलाई है, उन्होंने कहा कि हमारी जान व माल और दुनिया की सारी नेमतों से ज़्यादा कीमती हमारा ईमान है और सच्चा ग़ैरतमंद मुसलमान हर चीज़ में कमी-ज़्यादती बर्दाश्त कर सकता है लेकिन कभी अपने दीन व ईमान और शरई मामलों में समझौता नही कर सकता। हाफ़िज़ मामूर अहमद जामई ने कहा कि हम जिस देश में रहते हैं यहां के संविधान और कानून को मानते हैं, हिन्दुस्तान के सविधान की मूल अनुच्छेदों में हमें अपनी संस्कृति और सभ्यता पर क़ायत रहने की स्वतंत्रता दी गई है, यू.सी.सी. देश के संविधान के मूलभूत सिद्धांतों का स्पष्ट उल्लंघन है। अन्य समस्त भारतीय की तरह भारतीय मुसलमान भी देश के तमाम कानूनों और कत्र्व्यों को मान कर उस पर अमल करते रहे हैं, हर लिहाज़ से उसका ख्याल रखा है, इसी तरह अपने व्यक्तिगत, खानदानी और पारिवारिक मामलों में शरीअत पर अमल करते हुए अपनी संस्कृति और तहजीब पर क़ायम रहे हैं और आगे भी क़ायम रहेंगे, इसमें आज तक कोई परेशानी नहीं आई है, देश के संविधान और शरीअत के तरीक़ों में कहीं कोई टकराव नहीं है, शरई मामलों में दखल स्वीकार्य नहीं है, जो लोग अपने राजनीतिक और व्यक्तिगत लाभ की खातिर अवाम का हमदर्द बनकर देश के कानून और शरीअत में टकराव की बातें कर रहे हैं, उन्हें चाहिए कि वह देश के संविधान और कानून के साथ-साथ पहले शरीअते इस्लामिया को पूर्ण रूप से समझें, फिर उस पर अपनी राय दें। जिस तरह यू.सी.सी. के नाम पर मीडिया द्वारा पूर्व नियोजित तरीके से समाज को विभाजित करने और डिबेट के नाम पर उन्हें एक दूसरे से लड़ाने का काम किया जा रहा है और राजनीतिक लाभ के लिये साजिश के तहत देश के माहौल को खराब करने की कोशिशें की जा रही हैं, यह हमारे देश के हित में नहीं है, हम अपनी ताक़तभर ऐसे प्रयासों को सफल नहीं होने देंगे। बैठक में काज़ी ए शहर हाफिज़ मामूर अहमद जामई के साथ मुहम्मद साद हातिम, क़ारी मुहम्मद ग़ज़ाली खां के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

## शातिर बाइक सवार युवकों ने मोबाइल लूट घटना को दिया अंजाम

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत साइकिल सवार युवक का मोबाइल झपट्टा मार कर शातिर बाइक सवार युवकों ने लूट लिया। इस दौरान युवक ने दौड़ कर बाइक सवार युवकों का पीछा किया लेकिन तेज रफ्तार होने के कारण भागने में सफल हुए। पीड़ित ने कल्याणपुर थाने में प्रार्थना पत्र दे कार्यवाही की मांग की है

कल्याणपुर थाना क्षेत्र स्थित मदारपुर निवासी ऋषभ वर्मा कपड़े की दुकान में काम करता है। ऋषभ वर्मा ने रविवार को कल्याणपुर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते शनिवार की रात्रि काम करने के बाद वह पी रोड से होते हुए सेलटैक्स ऑफिस के पास मदारपुर स्थित घर के लिए निकला था कुछ दूरी पर चार खंबा तिराहे पर पहुंचा ही था जब तक वह कुछ समझ पाता इस दौरान शातिर बाइक सवार युवकों ने झपट्टा मारकर फोन छीन लिया इसके बाद ऋषभ वर्मा ने साइकिल से पीछा किया अचानक से साइकिल की चैन उतरने पर वह साइकिल छोड़कर बाइक सवार युवकों के पीछे भागने लगा इस दौरान शातिर बाइक युवक तेज रफ्तार करते हुए भाग निकले घर पहुंचने पर ऋषभ ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि इस प्रकार के मामले की कोई जानकारी नहीं है यदि प्रार्थना पत्र मिलता है तो कार्रवाई की जाएगी।

## सावन के पहले सोमवार पर बदला रहेगा शहर का यातायात

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



### यहां रहेगी पार्किंग की व्यवस्था

ग्रीन पार्क से शराब गद्दी तिराहा- ग्रीन पार्क की ओर से आने वाले दर्शनार्थियों के वाहनों की पार्किंग शराब गद्दी तिराहे से ग्रीन पार्क चौराहे तक सड़क के दोनों ओर अपने वाहनों को पार्क करेंगे। ग्रीन पार्क स्टेडियम के पीछे सड़क के दोनों तरफ डीएवी की ओर से आने वाले दर्शनार्थियों के वाहनों की पार्किंग डीएवी तिराहा से यूनियन बैंक तिराहा सड़क के दोनो ओर अपने वाहनों को पार्क करेंगे। रैन बसेरा / बक्कल पार्किंग टैपको की तरफ से आने वाले दर्शनार्थियों के वाहनों की पार्किंग रैन बसेरा पार्किंग में अपने वाहनों को पार्क करेंगे। टैपको आवासीय पार्किंग टैपको की तरफ से आने वाले दर्शनार्थियों के वाहनों की पार्किंग टैपको के अन्दर आवासीय पार्किंग में अपने वाहनों को पार्क करेंगे।

सावन मास के अवसर पर आज बिल्हौर की ओर से आने वाले मध्यम एवं भारी वाहन चौबेपुर से मंधना चौराहा की ओर नही जा सकेंगे, ऐसे वाहन चौबेपुर क्रासिंग से शिवली होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। मंधना चौराहा से कोई भी मध्यम एवं भारी वाहन कल्यानपुर क्रासिंग की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन बायें गंगाबैराज होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।

ब्लू बर्ड तिराहा से कोई भी मध्यम एवं भारी वाहन बिठूर की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन जो गंगा बैराज की ओर से अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। गंगा बैराज से कर्बला चौराह / कम्पनी बाग चौराहा की ओर कोई भी मध्यम एवं भारी वाहन नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन मन्धना होते हुए अथवा शुक्लागंज होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। बीमा चौराहा से सिद्धनाथ घाट की ओर कोई भी मध्यम एवं भारी वाहन नही जा सकेंगे। ऐसे वाहन सीधे जे0के0 चौराहा से होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। शिवराजपुर से फतेहपुर चौरासी की ओर कोई भी मध्यम तथा भारी वाहन नहीं जा सकेंगे। 7. यश कोठारी चौराहा से सिंहपुर कल्यानपुर एवं यश कोठारी चौराहा से विठूर कस्बा की ओर कोई भी मध्यम तथा भारी वाहन नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन मन्धना की ओर से अथवा गंगा बैराज से अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।

## उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणोत्तर एसोसिएशन ने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यालय में की बैठक

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणोत्तर एसोसिएशन की मंत्रणा बैठक बीते दिन रविवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय कार्यालय संघ भवन लखनऊ में आयोजित हुई। जिसमें पुरानी पेंशन बहाली, शिक्षक पद पर पदोन्नति , अवकाश नकदीकरण, मेडिकल सुविधा का लाभ वेतन विसंगतियों का निराकरण आदि मांगों पर तथा संगठन को मजबूत बनाए जाने पर चर्चा की गई। माध्यमिक शिक्षणेत्तर एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री संतोष तिवारी ने बताया कि बैठक में 30 अगस्त तक जनपद इकाइयों का गठन एवं सदस्यता अभियान , 10अगस्त को पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच के बैनर तले दिल्ली की महारैली में प्रतिभाग, 13 सितंबर 2023 को प्रदेश के सभी जनपदों के जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों पर धरना प्रदर्शन, अक्टूबर माह में मंडलीय बैठके, नवंबर में लखनऊ में प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मुज्तबा हुसैन व संचालन प्रदेश महामंत्री संतोष तिवारी ने किया।

इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष संतोष सिंह, जनार्दन यादव, बलवंत सिंह, अमित सिंह, बलवंत पांडेय, सुनील सिंह, रूपेश, जितेंद्र सिंह सहित अन्य प्रांतीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

अंतर्जनपदीय गिरोह ने किया फ्रॉड

# जल जीवन मिशन में नौकरी के नाम पर फ्रॉड, पीड़ित ने दर्ज कराया मुकदमा

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जलजीवन मिशन योजना में सर्वे आडिट कार्य के लिए बेरोजगार युवकों के ठगे जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। मामला स्थानीय जनपद से जुड़ा है। जहां तहरीर के अनुसार मार्च महीने में जनपद गोंडा के सतनामी का पुरवा थाना धानेपुर निवासी अवधेश कुमार मिश्रा पुत्र गया प्रसाद मिश्रा ने बल्दीराय थाना क्षेत्र के वलीपुर निवासी दिलदार हुसैन पुत्र मुर्तजा हुसैन को नगर कोतवाली के तुराबखानी आकर जलजीवन मिशन योजना के सर्वे/आडिट कार्य की जानकारी दी। अवधेश ने दिलदार को बताया कि वह हिंदुस्तान इंफ्राटेक लिमिटेड का प्रोपराइटर है। जिसे जलजीवन मिशन योजना का आडिट का कार्य मिला हुआ है इस कार्य के लिए हर ब्लॉक के से एक एक प्रतिनिधि की आवश्यकता है। ऑडिट कार्य के लिए सभी को अच्छी खासी रकम मिलेगी। जिस ब्लॉक में जितनी ग्राम पंचायते है उस हिसाब से 18 हजार से 25 हजार तक सिकोर्टी मनी देनी पड़ेगी। इस बात पर विश्वास




करते हुए दिलदार हुसैन ने कुड़वार ब्लॉक के लिए विजय प्रकाश तिवारी, जयसिंहपुर के लिए आशीष मौर्य, धनपतगंज ब्लॉक के लिए अहमद हुसैन, बल्दीराय ब्लॉक के लिए इन्तिज़ार अहमद सहित सभी ब्लॉकों के लिए एक एक व्यक्तियों से सिकोर्टी मनी कम्पनी के केनरा बैंक के गाजियाबाद स्थित खाते व नगद 4 लाख 42 हजार पांच सौ रुपया लिया। सभी व्यक्तियों द्वारा 15 मार्च से अपने अपने ब्लॉक में सर्वे ऑडिट का कार्य शुरू कर दिया गया।

सभी लोगो को अवधेश मिश्रा द्वारा बताया गया था कि हर ग्राम पंचायत के प्रत्येक घर जाकर नाम, मोबाइल नम्बर व आधार नम्बर लेकर कम्पनी की वेबसाइट पर अपलोड करना है। पेमेंट के लिए बताया गया था कि हर माह की 1 या 2 तारीख को खाते में भेज दिया जायेगा। जब सभी लोगो द्वारा कार्य करते हुए कुछ समय बीत गया तो पेमेंट की मांग करने पर अवधेश मिश्रा द्वारा बहानेबाजी की जाने लगी। इसी बीच बीते 05 जुलाई को दिलदार हुसैन द्वारा जब अवधेश मिश्रा से सभी लोगो का पेमेंट देने की बात फोन से हुई तो उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि पेमेंट भूल जाओ और जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बंध में नगर कोतवाल राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। जो भी सही तथ्य मिलेंगे उसके अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

# गायत्री उपासना से व्यक्तित्व में पैदा होता है, आकर्षण

जन एक्सप्रेस। अमेठी

गृहे गृहे गायत्री महायज्ञ के पचासवें चरण में गायत्री नगर अमेठी के 22 घरों व मुसाफिरखाना के 9 घरों सहित कुल 31 घरों में गायत्री महायज्ञ एक साथ एक समय सम्पन्न हुआ। यज्ञाचार्य रमेश चंद्र पांडेय ने बताया कि गायत्री उपासना नियमित करने से व्यक्तित्व में आकर्षण पैदा होता है। गायत्री उपासना करने वाले व्यक्ति की बातों का लोगों पर विशेष प्रभाव पड़ता है तथा उसके सभी काम बनते चले जाते हैं। सुभाष चंद्र द्विवेदी ने बताया कि गायत्री महाविज्ञान में परम पूज्य गुरुदेव ने लिखा है कि गायत्री वह दैवीय शक्ति है जिससे संबंध स्थापित करके मनुष्य अपने जीवन के विकास के मार्ग को सुगम बना



सकता है।

यह मनुष्य को सद्बुद्धि की प्रेरणा देती है। मगनलाल कौशल ने बताया कि विधि-विधान से की गई गायत्री उपासना अत्यंत फलदायी होती है। इंद्रदेव शर्मा ने बताया कि गायत्री उपासना के प्रभाव से जीवन मे संकल्प उभरते हैं, सत्साहस बढ़ता है और जीवन सतगुणी होता जाता है। मानवीय उत्कर्ष का यही सर्वोत्तम विधान है। रविवार की सुबह युगतीर्थ शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार अमेठी के यज्ञ आचार्य ने विधि विधान के साथ यज्ञ कर्म सम्पन्न कराते हुए देव स्थापना कराई व लोगों को भारतीय संस्कृति व संस्कारों को अपनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर देव दक्षिणा के रूप में एक बुराई छोड़ने का भी संकल्प कराया गया। जिला समन्वयक डॉ. त्रिवेणी सिंह ने सावन के पावन माह में यज्ञ कराने वाले सभी यज्ञाचार्यों और यजमानों को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में आभार व्यक्त किया।

# हर एक शिक्षण संस्थान में दो-दो वृक्ष लगाने का संकल्प

जन एक्सप्रेस। अमेठी

रंजू सिंह पत्नी धीरेन्द्र प्रताप सिंह अध्यक्ष नरेंद्र सिंह जन सेवा समिति ने सांगीपुर तिलोई के कर्मठ शिक्षक रहे स्व.नरेन्द्र बहादुर सिंह की स्मृति में विकास क्षेत्र तिलोई के प्रत्येक शिक्षण संस्थान में दो-दो वृक्ष लगाने का संकल्प गत वर्ष लिया था। इसी संकल्प के तहत संस्थापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी के साथ एस के खरे मेमोरियल पब्लिक स्कूल तिलोई पहुंचकर अपने ससुर स्वर्गीय नरेंद्र बहादुर सिंह की स्मृति में वृक्षारोपण करके पर्यावरण की स्वच्छता व शुद्धता में अपना योगदान दिया।



विद्यालय के संस्थापक अम्बिका शरण खरे ने रन्जू सिंह एवं धीरेन्द्र प्रताप सिंह को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। रन्जू सिंह ने कहा हम सभी को दूषित हो रहे पर्यावरण की स्वच्छता हेतु अपने-अपने घर गांव में दो वृक्ष लगाने का संकल्प लेना चाहिए। धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा वृक्ष ही जीवन हैं। इन वृक्षों से ही हम सबको शुद्ध आक्सीजन मिलती है,जो हमारे जीवन का आधार है। आइये संकल्प लें पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ, धरती माता को स्वर्ग बनाओ। संस्थापक अम्बिका शरण खरे ने विद्यालय में वृक्षारोपण करने के लिए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर पंकज अवस्थी पूर्व मण्डल अध्यक्ष, रिंकी सिंह, प्राची सिंह एवं आराध्या ने भी एक-एक पौधा लगाया।

## नशेड़ीओ से तंग आकर युवती घर में हुई कैद

जन एक्सप्रेस/तिलोई अमेठी। मोहनगंज थाना क्षेत्र के डहरुआ मजरे पाकरगांव में घर में अकेले रही किशोरी के घर का दरवाजा तीन नशेड़ी युवकों ने पीट पीट कर खुलवाने की असफल कोशिश की लेकिन किशोरी ने दरवाजा नहीं खोला तो मां बहन की गलियां देते हुए वापस लौट गए।दोपहर में किशोरी का पिता जब घर वापस आया तो किशोरी ने पूरी घटना बताई। किशोरी का पिता उन नशेड़ी युवकों से मिलकर पूछताछ की तो उन लोगों ने दबंगई करते हुए उसे गाली देते हुए पिटाई कर दी। किशोरी के पिता ने बताया कि जब भी उसकी बेटी कहीं जाती है तो यही तीनों युवक उससे छेड़खानी करते रहे हैं। इन लोगों की वजह से किशोरी ने कहीं भी आना जाना बंद कर घर में कैद होकर रह गई। पीड़ित पिता बेटी को लेकर थाना मोहनगंज पहुंचा,जहां लिखित प्रार्थना पत्र दिया। मोहनगंज थाना प्रभारी धीरेंद्र कुमार यादव द्वारा पिता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# देख रेख के अभाव में खराब हो गई सड़कें

जन एक्सप्रेस। नसीराबाद,अमेठी

राहगीरों को सुगम यातायात मुहैया करवाने के उददेश्य से करोड़ों ख़र्च कर सड़को का निर्माण तो कराया गया किंतु देख रेख के अभाव में सड़के बदहाल हो गई। इन सड़कों पर इतने खतरनाक गडढे हो गये हैं कि इन पर चलना खतरे से खाली नहीं है।गड्ढों में डूबती उतराती सड़कें सलोन विधानसभा क्षेत्र के छतोह ब्लॉक की पहचान बन गई हैं।

अगर इनकी मरम्मत नहीं हो सकती तो सरकार को चाहिए कि इस जमीन का उपयोग फसल उगाने में करे।फिलहाल क्षेत्र की परेशान हाल जनता का तो यही कहना है। नसीराबाद संडहा मखदूमपुर मार्ग लगभग 15 किलोमीटर पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। और इसकी मरम्मत की मांग 2017 के विधान सभा



चुनाव से लगातार जनता कर रही है। यही हाल जायस सलोन मार्ग से निकले मेहंदी गंज बेवल सन्नहिया मार्ग लंबाई लगभग 7 किलोमीटर का है,जिसको देखने से ही विभागीय लापरवाही और जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा साफ नजर आती है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे,उनमें जलभराव और सड़क के दो तिहाई भाग को ढके हुए जंगली बबूल के पेड़ क्षेत्र के विकास को चुनौती दे रहे हैं।

इतना बुरा हाल तब है जब कि ये सड़कें दो तीन जनपदों के सैकड़ों गांवों को जोड़ती हैं और इन पर कई इंटर कॉलेज, डिग्री कॉलेज, परिषदीय स्कूल और सरकारी अस्पताल स्थित हैं। प्रदेश के मुखिया योगी आदित्य नाथ ने गड्ढा मुक्त सड़कों का जो नारा दिया था उसे शायद यहां के जिम्मेदार गड्ढा युक्त समझ बैठे हैं। केंद्रीय मंत्री व सांसद अमेठी स्मृति ईरानी के पिछले जनसंवाद कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार कोरी की मौजूदगी में यह मुद्दा क्षेत्रीयजनता और पार्टी कार्यकर्ताओं ने फिर से प्रमुखता से उठाया लेकिन इसके बावजूद अभी तक विभाग की सक्रियता दिखाई नहीं पड़ रही है। ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक,विधान परिषद सदस्य और सांसद तक के सारे पद भारतीय जनता पार्टी की झोली में डालने वाली जनता को पिछले चुनावों में नेताओं द्वारा किए गए वादों के पूरा होने का इंतज़ार है।

# आई0एम0ए0 द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेन्स का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायबरेली द्वारा रविवार को स्थानीय आई0एम0ए0 भवन में 4:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में सत्यम हॉस्पिटल की घटना पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्यों ने विस्तृत रूप से घटनाक्रम को प्रेस के सामने रखा घटनाक्रम इस प्रकार हैं कि 13 जून 2023 को बेबी राघव नाम से 2 महीने का बच्चा जिसका वजन 2 किलो 700 ग्राम था बुखार और लूज मोशन के साथ वजन न बढ़ पाने की शिकायत लेकर सत्यम हॉस्पिटल में भर्ती होने के लिए आया उस समय बच्चे की कंडीशन अच्छी नहीं थी बच्चे की कंडीशन मरीज के अभिभावकों को भलीभांति समझाने के पश्चात बच्चे को भर्ती किया गया। जांच में बच्चे में निमोनिया और सेपसीस की शिकायत पाई गई जिसका प्रभावी इलाज किया गया 3 दिन में बच्चे कि निमोनिया में सुधार होना शुरू हो गया जिसकी वजह से बच्चा दूध पीने लगा। 16 तारीख को चिकित्सक के राउंड के समय बाएं हाथ की कोहनी पर थोड़ी सी ललाई दिखी एंटीबायोटिक पहले से चल रही थी और मरीज में सुधार हो रहा था इसको देखते हुए चिकित्सक द्वारा एंटीसेप्टिक क्रीम साथ में ललाई पर लगाने के लिए जोड़ दी गई 18 जून को ललाई और सूजन बड़ी हुई थी कालापन थोड़ा बड़ा दिखा तो मरीज के अभिभावक बच्चे को सर्जन डॉ0 आरबी वर्मा की क्लीनिक पर दिखाने ले गए और उनकी राय ली और वापस बच्चे को सत्यम हॉस्पिटल में भर्ती कर दिया। ललाई और बच्चे के काउंट बढ़े होने के कारण चिकित्सक द्वारा दवाएं और अपग्रेड कर दी गई जिससे कि बच्चे की सेहत में जल्द से जल्द और सुधार हो 20 जून को मरीज अपने बच्चे को जिला अस्पताल में सर्जन डॉक्टर जे के लाल को दिखाने ले गया उन्होंने मरीज को नेक्रोसिस की सफाई के लिए अगले दिन 21 तारीख को बुलाया 21 तारीख को मरीज अपनी मर्जी से बिना चिकित्सक कि राय लिए अस्पताल से अपनी मरीज की छुट्टी करा ली जिसे मेडिकल भाषा में लामा कहते हैं सत्यम हॉस्पिटल में जब तक मरीज भर्ती रहा उसका बिना लापरवाही के पूरा ध्यान रखा गया। 22 तारीख को मरीज एम्स में भर्ती हुआ और 27 को मरीज फिर वहां से बिना चिकित्सक के राय के वहां से अपने मरीज को लेकर चले गए वहां पर उसका इलाज किया गया। इस प्रकार यह मरीज पहले सत्यम और फिर एम्स से अपनी मर्जी से अपना मरीज ले गया 27 जून से 3 जुलाई तक मरीज ने कहां इलाज कराया किसी को नहीं पता। आई0एम0ए0 द्वारा करीब 27000 रूपए मरीज पर खर्च किए गए और डॉ अल्ताफ द्वारा करीब 7500 रूपए खर्च किए गए। आई0एम0ए0 अपने सदस्यों के साथ हमेशा खड़ा है।

## संदिग्ध अवस्था में मिला शव

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। डीह थाना क्षेत्र में शनिवार की रात गांव से बाहर सड़क किनारे बूढ़े बाबा मंदिर बना कर रह रहे पुजारी की भारी वस्तु और धारदार हथियार से प्रहार करके नृशंस हत्या कर दी गयी। हत्यारोपियों ने पुजारी के गुप्तांग में भी प्रहार किया। पुजारी के कपड़े झुलसे हुए पाए गए, पुजारी का रक्तरंजित मंदिर में शव मिलने से दहशत फैल गई। कमालपुर बडैला निवासी मेड़ई राम (65) गांव से आधा किलोमीटर दूर अपने खेत के पास मंदिर बनाकर 12 वर्ष से रहते थे और मंदिर में पूजा पाठ करते थे, गांव में बेटे और बहू रहती हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, अपर पुलिस अधीक्षक के अलावा फोरेंसिक टीम ने जांच शुरू की और परिजनों से पूछताछ की।

# दो पक्षों मे मारपीट : एक की सुनवाई दूसरे को पुलिस भी कर रही गुमराह

जन एक्सप्रेस। लम्भुआ सुल्तानपुर

घटना लम्भुआ थाना अंतर्गत डकाही की है गांव वासियों से बात करने पर पता चला कि 5 जुलाई 23 की शाम को दारू के नशे में राम बहादुर वर्मा वा राकेश वर्मा ने राम मनोरथ पाल को डकाही बाईपास के पास खूब गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। उमर दराज होने के कारण नशे की हालत को देखते हुए कुछ ना बोलते हुए घर चले गए लेकिन जब गांव में उनके नातियों को पता चला तो राम बहादुर को बच्चों ने मारा पीटा और राम बहादुर द्वारा एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई कोतवाली लम्भुआ में 0212/23 में धारा 323, 504, 506 में अभियोग पंजीकृत किया गया। यह घटना 48 घंटे भी नहीं बीती थी पुनः गोलबंद होकर राम मनोरथ पाल के घर गाली गलौज करने लगे उन लोगों के ना बोलने और न जवाब देने पर गोलबंद लोग अनिल विश्वकर्मा सुत राम बसंत विश्वकर्मा के कहने पर रविंद्र पाल उर्फ कल्लू पाल के सेहन दरवाजे पर पहुंचकर सचिन पाल सुत रामकेवल पाल को सिर में सरिया से प्रहार करने के बाद बीच-बचाव करने पहुंचे रविंदरपाल सुत स्व राम राज पाल(कल्लू पाल) को भी सरिया से सिर में मार दिया वहीं वगल में खड़े रजनीश पाल सुत राजेन्द्र पाल को कान के पास भी चोट आई इन सब को लहूलुहान देखकर परिवार वालों ने घर की छत पर से चढ़कर अद्धा गुम्मा फेंकना शुरू किया जिसके कारण राम बहादुर वर्मा सुत स्व राम कृपाल वर्मा व उनकी पुत्री रूचि, रिचा पुत्र अमन वर्मा सुत नागेन्द्र वर्मा वा राहुल वर्मा सुत स्व दयाराम वर्मा, सुधा वर्मा पत्नी स्व दयाराम वर्मा, शकुंतला वर्मा पत्नी राम बहादुर वर्मा वा दोनों पुत्री शिखा, नेहा के साथ साथ रीता, नीता व अनिल विस्वकर्मा सुतगण राम बसंत विस्वकर्मा यह सभी लामबंद गोलबंद होकर रविंद्र पाल के सेहन दरवाजे पर पहुंचकर लाठी डंडा लोहे की रॉड चाकू से लैस होकर साथ ही महिलाओं ने अद्धा डंडा लेकर हमलावर होती रही पाल परिवार ने तहरीर के माध्यम से कोतवाली प्रभारी को बताया इस झगड़े की फसाद विश्वकर्मा परिवार रहा जो पूर्व में जमीनी विवाद को लेकर के भी आरोप लगाने में लगी रही है दारू गोश्त खिलाना पिलाना गांव की शांति भंग कराने में महती भूमिका निभा रहा है कारण सिर्फ जमीनी विवाद है रविंद्र पाल का कहना है कि हमारी बाग में अवैध रूप से मकान बनाया जा रहा है रोकने पर अमादा फौजदारी हो रहे हैं ईर्ष्या सिर्फ एक बात को लेकर है संजय वर्मा की अनुज वधु अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रही थी और मैं सभासद का उम्मीदवार था। जब संजय वर्मा सुत त्रिभुवन वर्मा से वार्ता की तो पता चला कि वह लखनऊ में अपने किसी निजी कार्य से गए थे और 7 जुलाई को वह लम्भुआ में थे ही नहीं तो किसके घर में गया मुझे जबरिया फसाया जा रहा है। और मेरे निजी जीवन से छेड़छाड़ की जा रही है, जिससे मेरा राजनीतिक व व्यवहारिक कैरियर खत्म हो सके, बड़े मजे की बात तो यह है की इसी प्रकारण मे एक एफ आई आर 5/7/23 को दर्ज है और मामले मे विस्वकर्मा परिवार के आने के बाद और बड़ी धाराओं मे शिला वर्मा ने मुकदमा 8/7/23 दर्ज करवाया जबकि पाल परिवार को सुल्तानपुर हॉस्पिटल से 8 तारीख को देर मे छोड़ा गया चोट गंभीर होने के कारण शिला के दबाव मे पुलिस ने शिला की तरफ से मुकदमा तो दर्ज कर ही लिया लेकिन पाल परिवार की तरफ से प्रार्थना पत्र पर खबर लिखें जाने तक कोई कार्यवाही नहीं की गई।

## स्टेयरिंग फेल होने से कार पलटी, 02 की हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर सड़क हादसा हो गया। स्टेरिंग फेल होने से अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे गड्ढे में पलट गयी जिससे कार सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। मामला भदोखर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जमालपुर गांव के पास का है जहां कार सवार चार युवक प्रयागराज से लखनऊ जा रहे थे तभी अचानक जमालपुर गांव के पास कार की स्टेरिंग फेल हो गई जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई, कार पलटने से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया वहीं कार में फंसे लोगों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकाल कर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# चौहान गुट द्वारा लावारिश लाश का किया गया दाह संस्कार

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट लगातार लगातार अपने सराहनीय कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश सहित जनपद रायबरेली में जाना जाता है। प्रदेश मीडिया प्रभारी एस के सोनी ने जानकारी देते हुए बताया चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चैहान ने अपनी टीम के साथ एक बार फिर सराहनीय कार्य करते हुए कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में मिले सर कटे लावारिस शव को गोद लेकर अंतिम संस्कार करवाया है, जिसकी चर्चा चारों ओर होते हुए उनके इस कार्य को लोगों ने सराहनीह कार्य बताया।

प्रदेश अध्यक्ष जी0सी0 चौहान ने कहा यह कोई पहला कार्य नहीं है इससे पहले भी दर्जनों शवो को



व्यापार मंडल चौहान गुट गोद ले चुका है इसके साथ ही गरीब असहाय की मदद सहित व्यापारियों के उत्पीड़न की समस्याओं के निस्तारण कार्य लगातार जारी हैं। जी0सी0 सिंह चौहान व जिला महामंत्री मो0 उमर ने कोतवाली नगर लिखित जानकारी मिलने पर शव को गोद लेकर मुंशीगंज दाह संस्कार ग्रह में विधि विधान से अंतिम संस्कार करवाया। इस कार्य में उनके साथ प्रदेश सचिव संदीप पाठक व प्रदीप सोनी भी मौजूद रहे। प्रदेश मीडिया प्रभारी एसके सोनी ने बताया नगर कोतवाली क्षेत्र के मामा निकट रेलवे ट्रैक पर एक सप्ताह पूर्व 25 जून 2023 को एक अज्ञात लावारिस शव का सर ट्रेन से क्षत विक्षप्त हो गया, शव में सर प्राप्त नही हुआ।

लगभग 10 दिन परिजनों के इंतजार के बाद जिसे नगर पुलिस ने पीएम करवाते हुए 182630721 को रविवार को बिना सर के शव को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल को कॉस्ट्रेबल अभिषेक यादव, एम्बुलेंस वाहन शकील के साथ शव को दाह-संस्कार ग्रह पहुंचाया। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी एसके सोनी ने मीडिया को दी।

## खेल मैदान और आंगनवाड़ी निर्माण के लिए भूमि पूजन

जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर। कुड़वार विकास खंड के बहमरपुर ग्राम पंचायत के ग्रामीणों को 14 लाख 23 हजार के खेल मैदान और 12 लाख के नए आंगनबाड़ी केंद्र की सौगात मिली है। रविवार को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कुड़वार योगेंद्र प्रताप सिंह ने भूमि पूजन किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी खेल मैदान का अभाव है। जिसके चलते ग्रामीण प्रतिभाओं को निखरने का अवसर नहीं मिल पाता। युवा वर्ग दौड़ का अभ्यास करने के लिए सड़कों पर जाता है, जिससे दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है। गांव में खेल का मैदान बन जाने से अब युवा गांव में ही खेल और दौड़ का अभ्यास कर सकेंगे। भाजपा नेता व प्रधान प्रतिनिधि चिरंजीवी ने ग्राम वासियों को यह तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि बहमरपुर ग्राम पंचायत को मॉडल ग्राम पंचायत का स्वरूप देना ही हमारा लक्ष्य है। कहा कि गांव में प्रतिभाओं की कमी नहीं है।

# वृक्षों के बिना नहीं की जा सकती है जीवन की कल्पना : शशिकांत शर्मा

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

रायबरेली जनपद के प्रतिष्ठित व अग्रणी शिक्षण संस्थान समूह न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट्स के संस्थापक शशिकांत शर्मा ने वृक्षारोपण का वादा पूरा करते हुए शहर के कई वार्डों में पौधे रोपित किए। इस मौके पर शशिकांत शर्मा के साथ पूर्व सभासद लाल मणि चौधरी, पूर्व सभासद बलराज राणा, समर बहादुर यादव, संजय सिंह, राजीव सिंह, गिरीश श्रीवास्तव व विकास यादव ने वृक्षारोपण के कार्यक्रम में भाग लिया। शहर के कई वार्डों में भिन्न-भिन्न प्रकार के पेड़ लगाए गए और आवश्यकता अनुसार ट्री गॉर्ड भी लगाए गए।

शशिकांत शर्मा ने कहा पेड़-पौधे हमारे परिवार के सदस्य जैसे है जो हमेशा हमें जीवन्त बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, इनके बिना हम जीवन की कल्पना ही नहीं कर सकते हैं। मैं विज्ञान का शिक्षक हूँ मैं जानता हूँ कि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में क्या योगदान है, एक सामान्य वृक्ष सालभर में करीब 20 किलो धूल सोखता है इसी तरह एक वृक्ष एक साल में करीब 700 किलोग्राम ऑक्सीजन उत्सर्जित



करता है और साथ ही 20 टन कार्बन डाइऑक्साइड को सोखता है। जिस तरह पेड़ों की कटान हो रही है और नए पौधे कम लगाए जा रहे हैं इससे 100 साल बाद स्थिति भयावह हो जाएगी यदि आज हम सबने अपनी जिम्मेदारी नहीं समझी तो आने वाली पीढियाँ हमें माफ नहीं करेगी, मुझे प्रेरणा मिली, इसलिए मैंने अपने शहर को हरा-भरा बनाने के लिए अपना प्रयास शुरु किया है और शहर के आमजन से भी अच्छा सहयोग मिल रहा है। रविवार के दिन शशिकांत शर्मा ने शहर के कई वार्डों में वृक्षारोपण किया। श्री शर्मा ने वार्ड संख्या एक की सभासद सरिता देवी, पूर्व सभासद अनिल कुमार पासी, रंजीत, दिलीप कुमार, अनूप कुमार, रोहित कुमार, संजय, वार्ड संख्या बारह की सभासद रीता यादव, पूर्व सभासद राजकुमार यादव, पूर्व प्रधान मिथलेश यादव, मनोज वर्मा, लक्ष्मी मिश्रा, रामे यादव, सत्यवती पटेल, रेनू यादव, शिल्पा मौर्या, सुनील यादव, रामकुमार यादव साथ ही वार्ड नंबर 14 के सभासद कमरुद्दीन उर्फ आसिफ, सभासद परमजीत सिंह, सुरेंद्र गोल्डन, मोनू संदीप सिंह, अश्वनी वर्मा, सभासद रोहित पांडे, युवा सपा नेता राहुल निर्मल, हारून प्रधान, जावेद भाई, पप्पू सारंग, गया प्रसाद, सभासद एवं जिला योजना समिति की सदस्य पुष्पा यादव, देवेंद्र सिंह, सागर वर्मा का वृक्षारोपण में भाग लेने के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि आने वाले दिनों में शहर के दूसरे वार्डों में वृक्षारोपण किया जाएगा।

# शव निकालने के लिए नहर में कूदा युवक, लापता

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

एक युवती नहर में डूब गई। जिससे उसकी मौत हो गई। युवती के शव को बाहर निकालने के लिए एक युवक नहर में कूदा और डूब गया। घंटों तलाश के बाद भी युवक का पता नहीं चल सका है। घटना जिले के धनपतगंज थाना अंतर्गत हरौरा बाजार के पाठक का पुरवा पुल के पास की है। यहां एक दिन पूर्व नहर में कूदी युवती के शव को निकालने के चक्कर में नहर में एक युवक डूब गया। काफी खोजबीन के बाद भी सुराग नहीं लग सका है।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार को बल्दीराय थानाक्षेत्र के नांदा स्थित नहर के पुल से कुंवासी गांव निवासी साजिया बानो पुत्री सगीर (17) वर्ष नहर में कूद गई थी। पुल पर चप्पल से परिजनों ने युवती की पहचान की थी। काफी खोजबीन के बाद भी युवती का पता नहीं चल सका था। इस बीच शनिवार को हरौरा के निकट नहर में एक युवती के शव की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। ग्रामीणों की भारी भीड़ के बीच एक युवक नहर में युवती के शव को देखते ही कूद गया।

युवक को कूदता देखकर हड़कम्प मच गया। युवती के परिवारीजनों ने युवक की पहचान सैफ पुत्र दिलशाद थाना गोसाईगंज के रूप में की है। धनपतगंज थानाध्यक्ष श्रीराम पांडेय ने बताया कि युवती का शव निकलवा कर बल्दीराय पुलिस को सौंप दिया है। गोताखोरों की मदद से युवक की खोजबीन जारी है।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 37°C | 25°C |
| कानपुर | 37°C | 26°C |
| देहरादून | 30°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 35°C | 23°C |

# महंगाई पर आप ने खोया आपा

## महिलाओं ने लखनऊ में किया पैदल मार्च, पुलिस से झड़प, प्रदर्शन के दौरान हिरासत में

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

बढ़ती महंगाई के खिलाफ आप महिला कार्यकर्ताओं ने राजधानी लखनऊ में पैदल मार्च कर केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। आम आदमी पार्टी महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष नीलम यादव के नेतृत्व में आप महिला कार्यकर्त्ता पत्रकारपुरम चौराहे पर एकत्रित हुए। जहां उन्होंने केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुलिस से नोकझोंक हुई, प्रशासन ने भारी संख्या में पुलिस फोर्स लगाकर कार्यकर्ताओं को पत्रकारपुरम चौराहे से पहले ही रोक लिया।



महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्षा नीलम यादव ने इस मौके पर कहा सरकार की गलत नीतियों की वजह से आटा, दाल, सब्जी, तेल, घरेलू सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल और दवाओं की कीमतें आसमान छू रही है. गरीब और जरूरतमंद जनता को दो वक्त का खाना तक नसीब नहीं हो पा रहा है। बढ़ती महंगाई के कारण महिलाओं का रसोई बजट गड़बड़ा गया है। महिलाओं को घर परिवार चलाने में दिक्कतें उठानी पड़ रही है। प्रचंड बहुमत वाली भाजपा सरकार ने प्रत्येक वस्तु के दाम बढ़ाकर आम आदमी का जीवन दूभर कर दिया है। चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महंगाई पर अंकुश लगाने का वादा किया था लेकिन केंद्र सरकार महंगाई पर अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। जनता इस महंगाई से बेहाल है। नीलम यादव ने कहा जहां एक तरफ पूरा देश महंगाई से परेशान है सरकार को इसकी चिंता होनी चाहिए लेकिन 24 घंटे मोदी सरकार साजिश रचने, गंदी राजनीति करने में अपना समय बर्बाद कर रही है।

नीलम यादव ने केंद्र सरकार से महंगाई पर अंकुश लगाने की मांग की है ऐसा न होने पर आम आदमी पार्टी चरणबद्ध तरीके से महंगाई के खिलाफ आंदोलन करेगी। इस मौके पर रेखा जायसवाल, दीप्ति मिश्रा, सुशीला वर्मा, निशा निगम, जस्मीत कौर, शिवाली, सरिता द्विवेदी पुष्पा सिंह,रीता सिंह, अर्चना श्रीवास्तव राजकुमारी यादव, ज्योति सिंह मौजूद रहीं।

### नगर विकास मंत्री ने अफसरों को दिए निर्देश, जल निकासी का बेहतर प्रबंध करें

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने निकाय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बरसात के मौसम में प्रदेश के नगरीय निकायों की जल निकासी, साफ–सफाई, कूड़ा उठान, सुंदरीकरण, सड़क मरम्मत तथा जन सुविधाओं के सुचारु संचालन के कार्यों में कहीं पर भी ढिलाई न बरती जाए। निकाय अधिकारी प्रतिदिन क्षेत्रों में जाकर कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करें और नागरिकों के सामने उत्पन्न समस्याओं का तत्काल समाधान कराएं। कहीं से भी जन सुविधाओं को लेकर शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने तथा उनके सुझाव पर अमल करने की बात भी कही।

## लखनऊ ईडी को मिले तीन नए उप निदेशक, दिल्ली में लेंगे प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में कई बड़ी जांचें संभाल रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के लखनऊ स्थित जोनल मुख्यालय को और मजबूत किया जा रहा है। लखनऊ जोनल कार्यालय में उप निदेशक पेमइया केडी, सुमित शर्मा व अदीब दौलत खान को नियुक्त किया गया है।

तीन सहायक निदेशक जय कुमार ठाकुर, प्रदीप सिंह व जतिन कुमार सांची दो सहायक प्रवर्तन अधिकारी अभिषेक राज पांडेय व अवनीश कुमार की भी नियुक्ति की गई है। इनके अलावा प्रयागराज स्थित ईडी कार्यालय में सहायक निदेशक अंकुर गुप्ता की तैनाती की गई है।

सभी अधिकारी दिल्ली स्थित मुख्यालय में प्रशिक्षण पूरा कर फील्ड में काम आरंभ करेंगे। नए अधिकारी 10 जुलाई को लखनऊ व प्रयागराज में अपना कार्यभार संभाल सकते हैं। उत्तर प्रदेश में खनन घोटाला, गोमती रिवरफ्रंट घोटाला, छात्रवृत्ति घोटाला व बाइक बोट घोटाला समेत कई अन्य बड़ों मामलों की जांच कर रहा है।

ईडी माफिया मुख्तार अंसारी व अतीक अहमद के विरुद्ध भी मनी लांड्रिंग के तहत केस दर्ज कर छानबीन कर रहा है। माफिया की अपराध की काली कमाई से जुटाई गई बेनामी संपत्तियों की जांच में तेजी लाई गई है। बड़े घोटालों की जांच में भी ईडी अपनी कार्रवाई का दायरा बढ़ा रहा है। नए अधिकारियों की तैनाती से उसकी जांच के कदम और तेज होंगे। बीते तीन माह में लखनऊ ईडी को 15 नए अधिकारी मिले हैं।

### भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान को लेकर बैठक

## पहले की सरकार सिर्फ भ्रष्टाचार गिनाती थी... जबकि हम उपलब्धियां : भूपेंद्र चौधरी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

रविवार सुबह भाजपा उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने बैठक की। 15 जुलाई तक बड़ाए गए महाजन-सम्पर्क अभियान को लेकर पदाधिकारियों को आगे के दिशा-निर्देश दिए गए। बीजेपी अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा पीएम मोदी के नेतृत्व में हम सरकार की उपलब्धियां गिना रहे पहले की सरकारों में केवल घोटाले हुए। इसलिए उनके पास बताने के लिए कुछ नहीं है। हम सभी को बूथ स्तर पर जाकर सरकार की सभी योजनाओं के बारे में बताना चाहिए। हर घर तक केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार की योजना पहुंचाने की लक्ष्य रखना होगा।

प्रदेश की सभी पदाधिकारी रहे मौजूद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने प्रदेश कार्यालय में बैठक करके महा-जनसम्पर्क अभियान के विगत अभियानों व कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ घर-घर सम्पर्क अभियान तथा सम्पर्क से समर्थन अभियान से हर घर-हर जन तक पहुंचने का मंत्र दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार के 9 वर्ष की उपलब्धियां लेकर जन-जन तक पहुंचने के महा-जनसंपर्क अभियान की वर्चुअल बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी तथा एमएलसी उपस्थित रहे।




### विपक्ष के झूठ, फरेब व षडयंत्रकारी राजनीति का जवाब मोदी सरकार की उपलब्धियां : भूपेन्द्र सिंह चौधरी

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि महा–जनसम्पर्क अभियान के तहत विगत सभी कार्यक्रम व अभियान सफल व प्रभावी रहे है। उन्होंने कहा कि सम्पर्क से समर्थन तथा घर–घर सम्पर्क अभियान के लिए एक बार फिर जुटना है और हर घर की दहलीज तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि प्रभावी अभियान के लिए शक्तिकेन्द्र पर जिम्मेदारियां व जवाबदेही तय की जाए। कार्ययोजना बनाकर सघन जनसंपर्क के द्वारा केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को हर घर तक पहुंचाया जाए। जिलापंचायत अध्यक्ष तथा सदस्य, ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधान, सहकारिता क्षेत्र से जुड़े पार्टी के नेताओं के साथ पार्टी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मिलकर प्रत्येक गांव में मोदी सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाये। उन्होंने कहा कि विपक्ष के झूठ, फरेब व षडयंत्रकारी राजनीति का जवाब मोदी सरकार व योगी सरकार की गरीब कल्याणकारी नीतियां, सुशासन, सशक्त कानून व्यवस्था, राष्ट्रहित में समर्पित भाजपा सरकारों का प्रत्येक निर्णय तथा देश व प्रदेश का चहुंमुखी विकास है।

### मिस्डकॉल करके पीएम मोदी का करें समर्थन

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि महा–जनसंपर्क अभियान के तहत 15 जुलाई तक प्रत्येक घर तक जनसंपर्क सुनिश्चित करना है। सम्पर्क से समर्थन अभियान के तहत प्रत्येक लोकसभा में एक हजार विशिष्ट जनों से सम्पर्क करना है। घर–घर सम्पर्क अभियान के माध्यम से प्रत्येक घर तक केन्द्र सरकार की उपलब्धियों का पत्रक लेकर जनमानस से यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के लिए आशीर्वाद तथा जन समर्थन प्राप्त करना है। अभियान के तहत जिला प्रभारी जिलों में प्रवास करेंगे। वहीं मंडल प्रभारी शक्तिकेन्द्रों पर प्रवास सुनिश्चित कर बूथ अध्यक्षों के साथ अभियान को गति देंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय परिसरों में शिक्षकों तथा युवाओं के बीच सम्पर्क से समर्थन अभियान के माध्यम से 9090902024 पर मिस्ड कॉल के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए समर्थन प्राप्त करने के लिए पार्टी के नेता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा कार्यकर्ता पहुंचेंगे।

# माइक्रो इंडस्ट्री के लिए अलग सेल बनाए जाने की मांग

## पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन ने कहा- माइक्रो सेक्टर देगा सबसे ज्यादा जॉब

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

माइक्रो इंडस्ट्री को लिए अलग से सेल बनाने की जरूरत है। एमएसएमई में इनका प्रतिशत 99 फीसदी है। उसके बाद भी यह हासिए पर है। ऐसे में उसके लिए एक अलग सेल बनाने की जरूरत है। माइक्रो इंडस्ट्री ही एमएमएमई की वास्तविक आत्मा है। यूपी सरकार के पूर्व मुख्य सचिव और स्माल इंडस्ट्रीज मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन (सीमा) के संरक्षक आलोक रंजन ने यह बात कही।

आलोक रंजन रविवार को गोमती नगर स्थित सीमा कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि माइक्रो इंडस्ट्री को लेकर अलग से सेल बननी चाहिए। जिससे कि इस पर ज्यादा से ज्यादा फोकस हो सके। एमएसएमई विभाग आज माइक्रो पर टिका है। इसके अलावा सबसे ज्यादा नौकरी भी इसी सेक्टर से निकलती है। बताया कि मौजूदा दौर में एमएसएमई सेक्टर का 97 फीसदी नौकरी केवल माइक्रो सेक्टर से आता है। उन्होंने कहा कि इज ऑफ डूंइग के लिए माइंडसेट को बदलने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि अलग से सेल बनाने का फायदा यूपी सरकार के 89 लाख परिवारों को सीधा लाभ होगा। अगर माइक्रो सेक्टर पर ठीक से काम किया गया तो एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था वाले लक्ष्य को प्राप्त करने में सबसे ज्यादा मदद मिलेगी। अभी तक माइक्रो सेक्टर से एक 10 करोड़ से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल चुका है। इस पर ठीक से काम किया गया तो यह संख्या और ज्यादा बढ़ेगी।



### 14 फीसदी हिस्सेदारी यूपी से है

देश के एमएसएमई सेक्टर में करीब 14.20 हिस्सा अकेले उप्र से आता है। यूपी सरकार ने एमएसएमई को लेकर काफी काम किया है। अगर अलग सेल बढ़ा दिया जाए तो यह भागीदारी 20 से 25 फीसदी तक बढ़ जाएगी। आलोक रंजन ने बताया कि एमएसएमई मंत्री राकेश सचान को एक कापी इसकी भेजी गई है। बताया कि एमएसएमई सेक्टर में सुधार के लिए एक प्लान उनको दिया गया है। अगर सरकार उसके हिसाब से काम करती है तो निश्चित तौर पर माइक्रो सेक्टर को फायदा होगा।

### लखनऊ और कानपुर में सैकड़ों कारोबारियों के साथ हुई चर्चा

सीमा के अध्यक्ष शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि एमएसएमई और माइक्रो के कारोबारियों की समस्याओं को लेकर लखनऊ और कानपुर में कार्यक्रम किया गया था। इसमें कारोबारियों ने अपनी समस्याएं बताई थी। जिसमें लाइसेंस मिलने से लेकर बिजली और बाकी समस्याओं पर बात की गई थी। उसको लेकर भी सीमा की तरफ से एक सुझाव एमएसएमई विभाग को दिया जाएगा। इससे कि इस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि नीतियां बनाने से पहले स्टडी करने की जरूरत है। बिना स्टडी नीति बनाने नहीं बनानी चाहिए।

### इन बातों को भी सरकार के सामने रखा जाएगा

- बैंक का समर्थन माइक्रो सेक्टर को कम मिलता है। यह सुनिश्चित होना चाहिए कि बैंक माइक्रो कारोबारियों को आसानी से लोन दे।
- अभियान चला कर माइक्रो सेक्टर के कारोबारियों का रजिस्ट्रेशन कराया जाए, जिससे कि उनको सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।
- प्रदेश में 96 लाख माइक्रो कारोबारियों में महज 14 लाख लोगों ने ही अपना रजिस्ट्रेशन कराया कराया है। बाकी लोग रजिस्ट्रेशन क्यों नहीं कराए इसकी जांच होनी चाहिए। जो कमियां हो उसको दूर करना चाहिए
- कारोबारियों का पैसा सरकार से समय से मिले इसके लिए अलग से सेल हो। अभी 45 दिन का नियम है कि लेकिन 6 महीने तक पैसा नहीं मिलता।

## बिना मान्यता प्राप्त किये चल रहे विद्यालय, शिक्षा अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

**जन एक्सप्रेस। बीकेटी, लखनऊ**

शिक्षा विभाग माध्यमिक उत्तर प्रदेश के सचिव द्वारा गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर लगाम लगाने के लिए कड़ा फरमान जारी किया है। फिर भी इटौजा व बीकेटी अन्य क्षेत्र में गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय चलते नजर आ रहे हैं।बता दें कि जिला विद्यालय लखनऊ व अन्य शिक्षा विभाग माध्यमिक के आला अफसर सचिव के निर्देशों को धता बताकर अभी तक इन विद्यालयों पर कोई अंकुश नहीं लगा पा रहे है। माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज उत्तर प्रदेश के सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने पत्रांक परिषद 9 मान्यता 187 को निजी सचिव उत्तर प्रदेश विशेष सचिव शिक्षा निदेशक तथा जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक को 23 मई 2023 को अधिकारियों की बैठक करके 31 मई 2023 को शिक्षा के इन आला अफसरों को कड़ा निर्देश दिया है कि गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर कड़ा अंकुश लगाकर बंद किया जाए। पर सचिव का यह निर्देश को आज तक अमलीजामा नहीं पहना सके है। गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय आज भी धड़ल्ले से चल रहे है। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने विशेष सचिव शिक्षा निदेशक व जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक को 23 मई 2023 को निर्देश दिये थे गांव में अभी से लगने लगे है।

शिक्षा विभाग माध्यमिक व वेसिक के आला अफसर गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर शिकंजा कसने में कतराते है। इस प्रकार इटौजा, बीकेटी क्षेत्रों में धड़ल्ले से गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय दौड़ने लगे है।

### शिक्षा सत्र शुरू होते ही इटौंजा क्षेत्र में गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के वैनर व पोस्टर

इटौंजा, अर्जुनपुर, दुघरा, कुम्हरावां,मुसपिपरी,बगहा, अमानीगंज, इंदारा तथा गांव गाँव गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों की धूम मची हुई है। वहीं इटौजा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं नागरिकों ने बताया कि इटौजा व महोना एवं बीकेटी में दर्जनों कोचिंग संस्थाएं दौड़ रही है। महिंगवा, कुम्हरावां राजागढ़ा मसपिपरी तथा प्रत्येक गांव में गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय दौड़ रहे है। इन गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य कक्षा 9 व 11 के छात्र छात्राओं का नाम व रजिस्ट्रेशन मान्यता प्राप्त विद्यालय में करा देते है। फिर इनसे प्रतिमाह 600 से 1000 रुपये तक की फीस वसूल करते है। जब इस संबंध में मुकेश कुमार पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक, लखनऊ से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि इटौंजा क्षेत्र में बिना मान्यता के स्कूल संचालित हो रहे हैं। मेरी जानकारी में नहीं है। आपके माध्यम से मुझे जानकारी हुई है। क्षेत्र का दौरा कर ऐसे स्कूलों को चिन्हित कर आवश्यक विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# विद्यार्थी परिषद ने मनाया अपना 75वां वर्षगाठ

**जन एक्सप्रेस। बीकेटी, लखनऊ**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लखनऊ जिले ने विद्यार्थी परिषद के 75 वे वर्षगांठ के अवसर पर बख्शी का तालाब नगर इकाई का पुनर्गठन और छठा मील नगर इकाई का गठन किया गया। बता दें कि बख्शी का तालाब नगर अध्यक्ष के नाते अनूप त्रिपाठी और नगर मंत्री के नाते अभिषेक सिंह को जिम्मेदारी मिलीं और छठा मील नगर इकाई के लिए नगर अध्यक्ष पवन सिंह और नगर मंत्री अर्पित वर्मा को निर्वाचित किया गया। वहीं चुनाव अधिकारी जिला प्रमुख आकाश बाजपेई उपस्थित रहें। प्रवासी प्रांत कार्यालय मंत्री मार्तंड प्रताप सिंह ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए कार्य कर रहे हैं। हम सभी युवा हैं युवा होने के नाते हमारी जिम्मेदारी समाज को परिवर्तित करने में और बढ़ जाती हैं। विद्यार्थी परिषद के 75 में वर्षगांठ के अवसर पर विद्यार्थी परिषद ने हॉस्टल में ध्वजारोहण बख्शी का तालाब इंटर कॉलेज में वृक्षारोपण और नगर पंचायत में सफाई अभियान के माध्यम से अपना पछतरवा वर्षगांठ मनाया। कार्यक्रम में नगर उपाध्यक्ष अनिल गौतम, विभाग छात्रा प्रमुख दिव्यानी, विभाग संयोजक अशोक पांडे, प्रांजल, अविरल, नितेश, दिव्यांश सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### यूपी के कई इलाकों में वर्षा जारी, 8 जिलों में रेड अलर्ट

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

यूपी के पश्चिमी जिलों में बारिश लगातार जारी है। अगले चार दिनों में रेड अलर्ट भी जारी किया है। कुछ इलाकों में बारिश हो रही है। लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, गोरखपुर आदि जिलों में सुबह से काले घने बादल छाए हुए हैं। वहीं मेरठ, बुलंदशहर, गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, बागपत, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर, अमरोहा, संभल, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, मथुरा, अलीगढ़, एटा, हाथरस, कासगंज, इटावा, औरैया में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने सोमवार को पश्चिमी यूपी के आठ जिलों में भारी बारिश के प्रति चेतावनी जारी की है।

## इटौंजा पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस। इटौजा, लखनऊ**

पुलिस उपायुक्त उत्तरी एस0एम0 कासिम आब्दी व अपर पुलिस आयुक्त अभजीत आर शंकर के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी के निर्देशन में इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी के नेतृत्व में इटौंजा पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि उपनिरीक्षक बजरंगी गौतम कांस्टेबल कमलेश कुमार ने राधेलाल पुत्र मोहनलाल निवासी ग्राम पृथ्वीनगर उम्र 60 वर्ष को घर पर न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र दिखाकर घर से गिरफ्तार कर लिया। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि व्यक्ति पर संगीन धाराओं पर मुकदमा दर्ज हैं जिसको गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।



## इटौंजा पुलिस ने एक महिला वारंटी को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। इटौजा, लखनऊ**

पुलिस उपायुक्त उत्तरी एस.एम. कासिम आब्दी व अपर पुलिस आयुक्त अभजीत आर शंकर के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी के निर्देशन में इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी के नेतृत्व में इटौंजा पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि उपनिरीक्षक बजरंगी गौतम, कांस्टेबल दुर्गपाल सिंह, महिला कांस्टेबल दीपिका कुमारी ने विद्दा देवी पत्नी स्व रमेश रावत निवासी ग्राम भवानीपुर उम्र 45 वर्ष को न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र दिखाकर घर से गिरफ्तार कर लिया। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी ने बताया कि महिला कच्ची शराब बेचने का काम करती थीं जिसका न्यायालय द्वारा जारी वारंट पर गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायालय भेजा गया है।



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता अनुरक्षण खण्ड नं0- 1 (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पत्रांक : 1812/निविदा/2023 — दिनांक 04/07/2023

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड–1 (सिविल) नो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों की प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित कार्य के लिये लोक निर्माण विभाग क्लासें ए/बी/सी/डी में भवन कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार निविदा डालने के योग्य होंगे।

| क्र0 स0 | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदाप्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्यपूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | लखनऊ | 2059 अनुरक्षण मद के अन्तर्गत विकास भवन के विभिन्न तलों पर रंगाई–पुताई का कार्य। | 4.50 | 0.45 | Rs. 766 | 03 Month | अधि0 अभि0 अनु0 ख0 –1(सि0), लो0 नि0 वि0 लखनऊ |
| 2 | लखनऊ | 2059 अनुरक्षण मद के अन्तर्गत विकास भवन के विभिन्न तलों पर विभिन्न सिविल अनुरक्षण कार्य। | 3.57 | 0.36 | Rs. 677 | 03 Month | अधि0 अभि0 अनु0 ख0 –1(सि0), लो0 नि0 वि0 लखनऊ |

निविदा प्रपत्र सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता जिनका उल्लेख उक्त तालिका के स्तन्म में किया गया है के कार्यालय में **पूर्वाहन 10 :00 बजे से अपराहन 01 :00 बजे तक दिनांक 14.07.2023 से दिनांक 20.07.2023 तक** निविदाएं बेची जायेगी तथा दिनांक 20.07.2023 को अपराहन 02 :30 बजे तक जमा की जा सकती है, जिनको उसी कार्य दिवस में **दिनांक 20.07.2023 को 03.00 बजे** जिलाधिकारी के कार्यालय में इच्छुक निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी। यदि उक्त निविदा प्राप्त करने एवं खोलने की तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होता है तो निविदा प्राप्त एवं खोलने की तिथि अगला कार्य दिवस होगा और खोलने के समय, स्थल तथा वैधता में कोई परिवर्तन नहीं होगा। निविदा से सम्बंधित विस्तृत विवरण इस कार्यालय से उपरोक्त तिथियों में देखा जा सकता है।

(प्रकाश चन्द्र)
अधिशासी अभियन्ता
अनुरक्षण खण्ड नं0–1 (सिविल)
लो0नि0वि0, लखनऊ

UPID: 192016, Dt. 07.07.2023
Website: www.up.gov.in

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# क्या यही है ममता का 'ऑल इज वेल'

**पश्चिम बंगाल पंचायत चुनावों में हिंसा की घटनाओं से राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल उठे हैं। बंगाल में राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं की सरेआम हत्या, हिंसा, आगजनी, बमबाजी की बढ़ती घटनाएं और राज्यपाल का अपमान तथा उनके आदेशों की अवमानना की खबरें आम बात हो गयी है जोकि चिंताजनक स्थिति है।**

*एक टीवी समाचार चैनल के स्टिंग में बंगाल में बमों के जिस कारोबार को दिखाया गया है उससे सवाल उठता है कि क्या पुलिस प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है? यही नहीं, विभिन्न अदालतें कई बार बंगाल में राजनीतिक हिंसा की स्थिति पर चिंता जता चुकी हैं लेकिन इसके बावजूद स्थिति में सुधार नहीं आना इस आरोप को बल प्रदान करता है कि हिंसक तत्वों को सत्ता का समर्थन प्राप्त है। पंचायत चुनाव के लिए मतदान वाले दिन बंगाल में कोई बैलेट बॉक्स लेकर भागता दिखा तो किसी ने बैलेट बॉक्स को आग के हवाले कर दिया तो किसी ने पोलिंग स्टेशन पर तोड़फोड़ की तो किसी ने दूसरे दलों के कार्यकर्ताओं से मारपीट की। कहीं बम फटे, कहीं गोली चली और खबरों के मुताबिक इस चुनावी हिंसा में अब तक राजनीतिक दलों के 15 कार्यकर्ताओं की हत्या हो चुकी है। क्या यही वह शोनार बांग्ला है जिसकी कल्पना रविन्द्र नाथ टैगोर ने की थी? क्या यही वह लोकतंत्र है जिसके लिए सुभाष चंद्र बोस ने आजादी की लड़ाई लड़ी थी? पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को प्रधानमंत्री पद की सबसे बढ़िया उम्मीदवार बताने वाले क्या देश को बताएंगे कि आज जो बंगाल में हो रहा है क्या ऐसी ही बम और बंदूक की संस्कृति वह पूरे देश में लाना चाहते हैं? इसके अलावा, हिंसा के इस माहौल को देखकर भी अवार्ड वापसी गैंग जिस तरह चुप्पी साधे हुए है उसको देखते हुए मानवाधिकारों और अभिव्यक्ति की आजादी के प्रति उनका दोगलापन एक बार फिर देश के सामने आ गया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेन्दु अधिकारी ने अगर राज्य में राष्ट्रपति शासन की मांग की है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है क्योंकि यदि निर्वाचित सरकार से हालात नहीं संभल रहे तो लोगों को यूं ही मरने और हिंसा में घायल होने के लिए नहीं छोड़ा जा सकता। हालिया इतिहास पर गौर करें तो यह देखने को मिलता है कि पश्चिम बंगाल में चुनावों के ऐलान के साथ ही शुरू होने वाला हिंसा का दौर परिणाम बाद तक जारी रहता है। राज्य विधानसभा चुनावों के दौरान लगभग महीने भर जो हिंसा हुई थी उसमें पीड़ितों को आज तक न्याय नहीं मिला। विधानसभा चुनावों के दौरान हुई राजनीतिक हिंसा में भी कई लोग मारे गये थे, किसी को जला कर मारा गया था, किसी को बम से उड़ाया गया था, किसी को फंदे पर लटकाया गया था तो किसी को अन्य निर्मम तरीके से मौत के घाट उतारा गया था। यही नहीं, महिलाओं के साथ दुराचार और दुर्व्यवहार हुआ था, घरों और संपत्तियों को नुकसान पहुँचाया गया था, हालात यह हो गये थे कि बड़ी संख्या में लोग विस्थापित हो गये थे। दुखद है कि आज भी उनमें से अधिकांश लोग न्याय की बाट जोह रहे हैं। बहरहाल, बंगाल में पंचायत चुनावों का जब ऐलान हुआ उसके बाद से राज्य में हिंसा का तांडव जारी है मगर राज्य सरकार ऑल इज वेल के दावे पर अडिग है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बात तो लोकतंत्र की करती हैं लेकिन उनके अपने राज्य में लोकतंत्र का हाल यह है कि सैंकड़ों की संख्या में विपक्षी दलों के उम्मीदवारों ने पंचायत चुनावों से अपने नाम वापस ले लिये क्योंकि नामांकन दाखिल करने के बाद से उन्हें धमकियां मिल रही थीं। चुनाव को लोकतंत्र का उत्सव माना गया है लेकिन आज के बंगाल का सच यह है कि कोई भी चुनाव आने पर जनता के मन में अपनी सुरक्षा को लेकर डर बैठ जाता है। तृणमूल कांग्रेस ने माँ, माटी और मानुष के नाम पर वोट माँगे थे इसलिए उसे मंथन करना चाहिए कि पार्टी अपने वादे पर कितनी खरी उतरी है?*

## एक्सप्रेस आलेख

**धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन के महीने में भगवान विष्णु शयन कर रहे होते हैं जो अगले चार महीनों तक सोते हैं जिसे सनातन धर्म में चौमासा से जाना समझा जाता है। इस दौरान सृष्टि को चलाने की जिम्मेदारी भगवान शिव को प्राप्त होती है। भगवान शिव ने सती को दक्ष प्रजापति के यज्ञ में जाने से मना किया था लेकिन सती जी पिता के यहाँ हो रहे कार्यक्रम में बिना भगवान शिव के जा पहुँची। वहां भगवान शिव का अपमान होते देख सती ने योगाग्नि में खुद को समर्पित कर अपना जीवन समाप्त कर लिया।**

# पावन और सुहावन है सावन का महीना



-रमा निवास तिवारी

**सावन प्रेम का प्रतिनिधि मास है। नायक नायिका के प्रेम का पल्लवन हो या अपने इष्ट के प्रति किसी निष्ठ के प्रेम का प्रवाह,यह महीना उसे शिखर बिन्दु तक ले जाने का कोई प्रयास नही छोड़ता है। हमारा वातावरण हमारे मन के भावों को बदल देता है। श्रावण मास में उमड़ते-घुमड़ते काले मेघों की गर्जना और उसके बाद बरसते बादलों से जब धरती की पिपासा शान्त हो रही होती है तो दूसरी तरफ गर्मी की व्याकुलता से लोगों को राहत भी मिल रही होती है। खेतों में धान लगाने की कवायद युद्ध स्तर पर जारी रहती है।गाँव के छोटे छोटे बच्चे खेतों में धान रोप रहे हों और इसी बीच बारिश होने लगे तो उनका आनंद देखते ही बनता है।**



सावन का महीना शुरू हो गया है। इस महीने का जिक्र मात्र हमें भगवान शिव से जोड़ देता है। सावन यानि मस्ती का महीना, सावन मतलब मेलों का महीना, सावन यानि मेघ मल्हारों का महीना। सावन महीने का इन सबों से गहरा नाता है।सावन का महीना चल रहा हो और झूले का जिक्र न हो तो इस महीने के साथ बहुत बड़ा अन्याय हो रहा है ऐसा मानना चाहिए। इस माह में झूले की परम्परा को इस बात से भी समझा जा सकता है कि अयोध्या समेत तमाम तीर्थ स्थलों में भगवान को उनके भक्त झूला झुलाते हैं और महीने भर मठ मंदिरों में झूला महोत्सव के रूप में यह पर्व बड़ी ही श्रृद्धा और आनंद के साथ मनाया जाता है। सावन प्रेम का प्रतिनिधि मास है। नायक नायिका के प्रेम का पल्लवन हो या अपने इष्ट के प्रति किसी निष्ठ के प्रेम का प्रवाह,यह महीना उसे शिखर बिन्दु तक ले जाने का कोई प्रयास नही छोड़ता है। हमारा वातावरण हमारे मन के भावों को बदल देता है। श्रावण मास में उमड़ते घुमड़ते काले मेघों की गर्जना और उसके बाद बरसते बादलों से जब धरती की पिपासा शान्त हो रही होती है तो दूसरी तरफ गर्मी की व्याकुलता से लोगों को राहत भी मिल रही होती है। खेतों में धान लगाने की कवायद युद्ध स्तर पर जारी रहती है।गाँव के छोटे छोटे बच्चे खेतों में धान रोप रहे हों और इसी बीच बारिश होने लगे तो उनका आनंद देखते ही बनता है। ऐसा दृश्य और आनंद तो सावन में ही सुलभ होता है।सावन का महीना तो अपनी सुन्दरता के लिए विख्यात है।यूँ ही नही युगल प्रेमियों ने इसे अपने लिए पेटेंट करा रखा है। फिल्म वालों ने भी कहाँ इसे बख्शा। 'सावन का महीना पवन करे शोर' और 'सावन के झूलों ने मुझको बुलाया' ऐसे तमाम गानों में सावन के मनभावन दृश्यों को डालकर फिल्मकारों ने लोगों के दिलों पर राज किया है। योगियों और भोगियों दोनों की ही सक्रियता सावन बढ़ा देता है। प्रकृति का सौन्दर्य उद्दीपन का काम करता है,जो योगियों को राम और भोगियों को काम की तरफ ले जाता है।सावन में भगवान शिव की उपासना का विशेष महत्व है।पूरा महीना सनातन धर्म से जुड़े लोग शिव उपासना में लगे रहते हैं। शिव भक्त साल भर इस महीने का इन्तजार करते हैं। देशभर के शिवालय भक्तों की आस्था का केंद्र बने रहते हैं। द्वादश ज्योतिर्लिंगों वाले मंदिर सावन भर भक्तों से पटे रहते हैं।सावन महीने में प्रकृति की सुंदरता बढ़ जाती है।प्रकृति किसी नवयौवना की भांति सावन के महीने में अपने पूरे श्रृंगार के साथ सजी धजी रहती है, जिसका जादू लोगों पर चलना लाजमी है।सावन माह के आध्यात्मिक वैशिष्ट्य का एक अलग पहलू है। भगवान शिव को सावन का महीना अतिप्रिय है। इसके पीछे तमाम पौराणिक कथायें है। अमरता की चाहत में देवताओं और दैत्यों द्वारा किया गया समुद्र मंथन श्रावण मास में ही हुआ था। समुद्र मंथन से जब हलाहल निकला तो देवताओं ने उसे भगवान भोलेनाथ को पीने के लिए कहा, विष के ताप से सृष्टि झुलसने लगी थी तब देवताओं के आग्रह और सृष्टि को नष्ट होने से बचाने के लिए उन्होंने उस विष को पी लिया। और इस प्रकार विष के दुष्प्रभाव से समस्त सृष्टि की रक्षा की थी।यह घटना सावन मास को शिव जी से जोड़ती है। पौराणिक प्रसंगों के अन्तर्गत एक कथा के अनुसार सावन के महीने में ही मार्कण्डेय जी की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अभयता प्रदान की थी, जिसके बल पर वे यमपाश से मुक्त हो गये थे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन के महीने में भगवान विष्णु शयन कर रहे होते हैं जो अगले चार महीनों तक सोते हैं जिसे सनातन धर्म में चौमासा से जाना समझा जाता है। इस दौरान सृष्टि को चलाने की जिम्मेदारी भगवान शिव को प्राप्त होती है। भगवान शिव ने सती को दक्ष प्रजापति के यज्ञ में जाने से मना किया था लेकिन सती जी पिता के यहाँ हो रहे कार्यक्रम में बिना भगवान शिव के जा पहुँची। वहां भगवान शिव का अपमान होते देख सती ने योगाग्नि में खुद को समर्पित कर अपना जीवन समाप्त कर लिया। सती अगले जन्म में राजा हिमांचल और मैना की पुत्री बनकर पार्वती के रुप में अवतरित हुई थीं। गुरु देवर्षि नारद के कहने पर भगवान शिव की प्राप्ति के लिए पार्वती ने कठोर तपस्या की थी, शिव जी उनके कठोर तप से प्रसन्न हुए और पार्वती जी से विवाह कर उन्हें अर्धांगिनी बनाया। पार्वती जी ने जिस महीने में इस कठोर तप को सिद्ध किया वह सावन ही था। शिव और सावन का एक सम्बन्ध यह भी है। वैसे तो सावन के पूरे महीने भर शिव पूजन में भक्त व्यस्त रहते हैं किन्तु सावन के सोमवारों में शिवभक्तों का आनंद अपने चरम पर होता है। शिव का अर्थ कल्याण होता है। शिव उपासना के लिए बढ़े कदम कल्याण की ओर जाते हैं।श्रावण मास में शिव आराधना जगत के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। सावन में यदि प्रकृति का चरित्र बदलता है तो व्यक्ति का चरित्र भी बदल जाता है। व्रतों, त्यौहारों और पूजा पाठ के क्रियाकलापों से लोकमंगल की साधना भी हो जाती है और अन्तर्जगत की मलिनता भी जाती रहती है। भीषण गर्मी से तप्त जनजीवन को काले काले मेघों की घोर प्रतीक्षा सावन के महीने में ही आकर समाप्त होती है। शहरों में घरों की बालकनी हो या गांवो में घरों के आगे का छप्पर दोनों ही जगह से रिमझिम बारिश का आनंद सावन में ही सुलभ होता है। व्यस्त जिन्दगी के बोझ तले दबा इन्सान भी सावन में यत्र तत्र लगने वाले मेलों में जाकर मन बदल लेता है, बच्चों को भी घूमने का अवसर मिल जाता है। गुड़िया पीटते हुए गाँव के छोटे छोटे बालकों का हर्ष जब सातवें आसमान पर होता है तो उस खुशी की तुलना भला किससे की जा सकती है।



## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अष्टमी 18:44 तक |
| नक्षत्रः | रेवती 18:59 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | सोमवार |
| योगः | अतिगण्ड, 12:33 तक |
| सूर्योदयः | 05:32 |
| सूर्यास्तः | 19:20 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 07:15-08:59 तक |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:02-12:50 तक |

# जन एक्सप्रेस

### भाव आसमान !

*गायब हुआ टमाटर ।*
*भाव आसमान में ।*
*किचन से नदारद ।*
*बढ़ गया सम्मान ।।*
*हुई सब्जी फीकी ।*
*मच गई है रार ।।*
*लगता है फरार वो ।*
*ना रहा अधिकार ।।*
*पिज्जा बर्गर सैंडविच ।*
*खोज रहे हैं राह ।।*
*जनमानस की थाली ।*
*बन रही गवाह ।।*
*हास्यास्पद है स्थिति ।*
*है यही अब हाल ।।*
*लगता मानसून ने ।*
*काटा है बवाल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# हल्दी से टैनिंग कैसे दूर करें? जानें ये तरीके जिनसे ठीक हो जाएगी धूप से झुलसी त्वचा




**हल्दी** में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो शरीर की सूजन को कम करने में सहायक होते हैं। इसके साथ ही त्वचा की समस्याओं को दूर करने लिए भी आप हल्दी का इस्तेमाल कर सकते हैं। सदियों से त्वचा की रंगत को निखारने के लिए हल्दी का उपयोग किया जा रहा है। हल्दी में एंटी इंफ्लेमटरी और एंटी बैक्टीरियल गुण त्वचा के इंफेक्शन को दूर करने में सहायक होते हैं। हल्दी के फेस पैक से आप त्वचा के पिंपल्स, मुंहासे, दानें, रैशेज, झाइया, झुर्रियां और टैन की समस्या को आसानी से दूर कर सकते हैं। गर्मियां आते ही लोगों को टैनिंग की समस्या हो जाती है। सूर्य की यूवी किरणों की वजह से टैनिंग होने के कारण त्वचा पर कालापन आ जाता है और कई बार त्वचा में जलन भी होने लगती है। इस लेख में आपको हल्दी से टैनिंग दूर करने के तरीके को बताया गया है।

**हल्दी और नींबू के पैक से टैन को करें दूर** – इस फेसपैक को बनाने के लिए आप एक चम्मच हल्दी ले लें। इसके साथ ही आपको करीब दो नींबू के रस की आवश्यकता होगी। चेहरे या त्वचा की टैनिंग को दूर करने के लिए आप एक बाउल में हल्दी और नींबू को मिक्स कर लें। इसके बाद इस पैक को प्रभावित त्वचा पर करीब 20 मिनट के लिए लगाकर छोड़ दें। जब पैक हल्का सूख जाए तो इसे नॉर्मल पानी से धोकर साफ कर लें। बेहतर रिजल्ट पाने के लिए आप इस पैक को सप्ताह में तीन बार लगा सकते हैं। इस पैक में मौजूद साइट्रिक एसिड त्वचा की टैनिंग को दूर कर, उसके रंग को एक समान बनाता है।

**हल्दी और दही के उपयोग से टैन को करें दूर**– हल्दी और दही के पैक से मेलेनिन को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। इससे चेहरे और त्वचा का कालापन दूर होता है। दही से रंग में निखार आता है, साथ ही ये सन टैन की समस्या को दूर करने में सहायक होते हैं। इस पैक को बनाने के लिए एक बड़ा चम्मच दही लें। एक बाउल में दही और हल्दी को मिला लें। इसके साथ ही आप पैक में गुलाब जल करीब एक चम्मच मिलाएं। इस पैक को चेहरे पर करीब 20 से 25 मिनट तक लगाएं। जब ये पैक हल्का सूख जाए तो आप इसे पानी से साफ कर लें।

**बेसन और हल्दी से सन टैन दूर करें** – इस पैक से आप त्वचा को एक्सफोलिएट कर सकते हैं। इस पैक को बनाने के लिए आप एक चम्मच बेसन और एक चौथाई चम्मच हल्दी को लें। इन दोनों को एक बाउल में मिक्स कर लें। इस पैक को त्वचा पर करीब 20 मिनट के लिए लगाएं। इसके बाद इसे नॉर्मल पानी से धो लें। हल्दी से आप स्किन को निखारने और चमकाने के लिए उपयोग कर सकते हैं। इससे चेहरे की कई समस्याएं दूर होती है। अगर आप भी फेस पैक में हल्दी का उपयोग करते हैं, तो इससे आपको कई फायदे मिलते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# पहली बार 'दलित' प्रधानमंत्री......?



-डॉ0 ओ0 पी0 मिश्र

**2024 का लोकसभा चुनाव सत्तारुढ़ भाजपा के लिए जितना अहम है उतना ही अहम विपक्ष के लिए भी है। विपक्ष जहां मोदी को हटाना चाहता है, वहीं भाजपा तीसरी बार सत्ता प्राप्त करना चाहती है। वैसे जिस तरह की रिपोर्ट और सर्वे आ रहे है उसके मुताबिक भाजपा अर्थात एनडीए सत्ता तो पुनः प्राप्त कर लेगी। लेकिन उसकी सीटे करीब 40-45 कम हो सकती हैं**

**जानते चले कि एक जमाने में दलित, मुस्लिम ठाकुर और ब्राह्मण कांग्रेस का वोट बैंक हुआ करते थे। जो समय के साथ अलग-अलग खेमों में चले गए। इस काम में सबसे अहम भूमिका मंडल-कमंडल ने निभाई। मतदाताओं की सोच को अपने मुताबिक राजनीतिक दलों के नेताओं ने ध्रुवीकरण किया। अब जब कांग्रेस ने आम आदमी की परेशानियों को लेकर चुनाव मैदान में उतरने वाली है तो उसे कुछ तो नया करना ही होगा। और इससे नया तो कुछ हो ही नहीं सकता कि 1947 में मिली आजादी के बाद देश का प्रधानमंत्री कोई 'दलित' बिरादरी का व्यक्ति बने। अगर कांग्रेस की इस स्ट्रेटजी को समझा जाए तो पता चलता है कि 20 प्रतिशत दलित, 15 प्रतिशत मुस्लिम तथा 10 प्रतिशत अन्य को साध कर कांग्रेस भाजपा को पटकनी देना चाहती है।**

**लेख** की हेडिंग पढ़कर पाठकों का चौंकना स्वाभाविक है क्योंकि अगर ऐसा होता है जिसकी संभावना बन रही है तो इतिहास करवट जरूर लेगा और सारी मान्यताएं तथा संभावनाएं धरी की धरी रह जाएंगी। पाठकों को याद होगा प्रधानमंत्री तथा राष्ट्रपति की जाति बताने का प्रारंभ सबसे पहले भारतीय जनता पार्टी ने किया था। 2014 के लोकसभा चुनाव के समय तत्कालीन पार्टी अध्यक्ष तथा वर्तमान मे गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार की एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि हम पहली बार 'पिछड़े वर्ग' का प्रधानमंत्री दे रहे हैं। चूंकि बिहार मे पिछड़े वर्ग का मतदाता संख्या मे काफी है। इसलिए पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को अपने पाले में करने के लिए यह प्रयोग किया गया था। उसी तर्ज पर चलते हुए यदि कांग्रेस पार्टी अचानक से यह घोषणा करती है कि आजादी के बाद पहली बार 'दलित' प्रधानमंत्री तो कोई आश्चर्य की बात नहीं।

पाठक यह बात भली-भांति जानते हैं कि 2024 का लोकसभा चुनाव सत्तारूढ़ भाजपा के लिए जितना अहम है उतना ही अहम विपक्ष के लिए भी है। विपक्ष जहां मोदी को हटाना चाहता है, वहीं भाजपा तीसरी बार सत्ता प्राप्त करना चाहती है। वैसे जिस तरह की रिपोर्ट और सर्वे आ रहे है उसके मुताबिक भाजपा अर्थात एनडीए सत्ता तो पुनः प्राप्त कर लेगी। लेकिन उसकी सीटे करीब 40-45 कम हो सकती हैं तथा उसका वोट प्रतिशत 3 से 4 तक कम हो सकता है। यह सर्वे रिपोर्ट अभी तक की परिस्थितियों के आधार पर तैयार की गई है। आगे क्या होगा? ऊंट किस करवट बैठेगा कहा नहीं जा सकता। कांग्रेस के इनर सर्किल से प्राप्त जानकारी के मुताबिक यदि विपक्षी एकता किसी कारणवश परवान नहीं चढ़ती है तो कांग्रेस तुरुप का यह इक्का अंतिम समय में इस्तेमाल कर सकती है। जानते चले कि एक जमाने में दलित, मुस्लिम ठाकुर और ब्राह्मण कांग्रेस का वोट बैंक हुआ करते थे। जो समय के साथ अलग-अलग खेमों में चले गए। इस काम में सबसे अहम भूमिका मंडल-कमंडल ने निभाई। मतदाताओं की सोच को अपने मुताबिक राजनीतिक दलों के नेताओं ने ध्रुवीकरण किया। अब जब कांग्रेस ने आम आदमी की परेशानियों को लेकर चुनाव मैदान में उतरने वाली है तो उसे कुछ तो नया करना ही होगा। और इससे नया तो कुछ हो ही नहीं सकता कि 1947 में मिली आजादी के बाद देश का प्रधानमंत्री कोई 'दलित' बिरादरी का व्यक्ति बने। अगर कांग्रेस की इस स्ट्रेटजी को समझा जाए तो पता चलता है कि 20 प्रतिशत दलित, 15 प्रतिशत मुस्लिम तथा 10 प्रतिशत अन्य को साध कर कांग्रेस भाजपा को पटकनी देना चाहती है। बताते चलें कि 2014 के लोकसभा चुनाव में जहां भाजपा को 32 प्रतिशत के करीब वोट मिले थे । वहीं 2019 में उसे 37 प्रतिशत प्राप्त हुए थे। उस लिहाज से दलित प्रधानमंत्री घोषित करने से कांग्रेस के पास 20 प्लस 15 प्लस 10 यानि 45 प्रतिशत वोट हो जाते हैं। पाठकगण यह बात भली-भांति जानते हैं कि मुस्लिम मतदाता अमूमन उसी पार्टी को वोट करता है जो भाजपा को शिकस्त दे रही हो। ऐसे में यह सोचना और कहना कि मुस्लिम मतदाता अलग- अलग राज्यो में अलग-अलग पैटर्न का इस्तेमाल करती है, गलत है। जब चुनाव राष्ट्रीय संदर्भ में हो रहे होंगे और कांग्रेस दलित प्रधानमंत्री को सामने लाकर चुनाव मैदान में होगी तो दलित और मुस्लिम मत सीधे-सीधे कांग्रेस को ही मिलेंगे किसी अन्य को नहीं। इसके अलावा देश में एक वह भी समाज है जो भाजपा की नीतियों और रीतियों से बिल्कुल नहीं सहमत है लेकिन 'खामोश' है। पंगा नहीं लेना चाहता। वरना उसे राष्ट्रद्रोही बता दिया जाएगा। वह भी कांग्रेस के खेमे में जाने को व्याकुल है?

बस समय का इंतजार है। क्योंकि वह जान चुका है कि छोटे-छोटे दल सिर्फ 'व्यापारी' हैं और अपने व्यापार को सही ढंग से चलाने के लिए वे सत्तारूढ़ दल के साथ रहना ही बेहतर समझते हैं।कुल मिलाकर यदि कांग्रेस ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर दिया तो 2024 का लोकसभा चुनाव यकीनन ऐसा दिलचस्प होगा जैसा अब तक कभी नहीं हुआ।

# सावन का पहला सोमवार आज, भुईफोरवानाथ मंदिर, लिलौटी नाथ मंदिर और देवकली समेत कई मंदिरों में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

*जिले के प्राचीन छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में भोर की पहली किरण के साथ उमड़ने लगेगा कांवड़ियों का सैलाब, बड़ी संख्या में भक्तों का काफिला सुबह पांच बजे से कतारबद्ध होने लगता है और बारी आने पर भगवान शिव का रुद्राभिषेक करते हैं श्रद्धालु*

जन एक्सप्रेस। सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** भगवान शंकर के भक्तों के लिए सावन का महीना बहुत ही पावन होता है. इस पूरे महीने भोले शंकर को प्रसन्न करने के लिए भक्त तरह-तरह के जतन करते हैं। कहा जाता है कि सावन में शिव को प्रसन्न करना और भी ज्यादा आसान होता है। यही वजह है कि भक्त पूरे माह भगवान की विशेष उपासना करते हैं। इस बार 19 साल बाद ऐसे संयोग बने हैं कि सावन का महीना दो महीने तक चलने वाला है। सावन का महीना 4 जुलाई, 2023 से शुरू प्रारंभ हो चुका है। और 31 अगस्त तक यानी 58 दिन तक चलेगा आज यानि 10 जुलाई को सावन का पहला सोमवार पड़ने वाला है, ऐसे में आइए आपको बताते हैं कि सावन के महीने में भगवान शंकर की उपासना करते समय आपको किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।



### शिव पूजन में इन बातों का रखें विशेष ध्यान

- स्नान कर के ही पूजा में बैठें।
- साफ सुथरा वस्त्र धारण करें।
- आसन एक दम स्वच्छ चाहिए (दर्भासन हो तो उत्तम)।
- पूर्व या उत्तर दिशा में मुंह कर के ही पूजा करें।
- बिल्व पत्र पर जो चिकनाहट वाला भाग होता है, वही शिवलिंग पर चढ़ाएं (खंडित बिल्व पत्र मत चढ़ाएं)।
- संपूर्ण परिक्रमा कभी न करें (जहां से जल पसार हो रहा हे वहां से वापस आ जाएं)।
- पूजन में चंपा के पुष्प का प्रयोग ना करें।
- बिल्व पत्र के उपरांत आक के फूल, धतुरा पुष्प या नील कमल का प्रयोग अवश्य कर सकते हैं।
- शिव प्रसाद से कभी भी इंकार न करें।

### पूजन सामग्री

शिव की मूर्ति या शिवलिंगम, अबीर- गुलाल, चन्दन (सफ़ेद) अगरबत्ती धुप (गुग्गुल) बिलिपत्र बिल्व फल, तुलसी, दूर्वा, चावल, पुष्प, फल,मिठाई, पान-सुपारी,जनेऊ, पंचामृत, आसन, कलश, दीपक, शंख, घंट, आरती इन सब चीजो का होना आवश्यक है।

### पूजन विधि

श्रावण सोमवार के दिन शिव अभिषेक करने के लिये सबसे पहले एक मिट्टी का बर्तन लेकर उसमें पानी भरकर, पानी में बेलपत्र, आक धतूरे के पुष्प, चावल आदि डालकर शिवलिंग को अर्पित किये जाते है।व्रत के दिन शिवपुराण का पाठ सुनना चाहिए और मन में असात्विक विचारों को आने से रोकना चाहिए।सोमवार के अगले दिन अथवा प्रदोष काल के समय सवेरे जौ, तिल, खीर और बेलपत्र का हवन करके व्रत समाप्त किया जाता है.जो इंसान भगवन शंकर का पूजन करना चाहता हे उसे प्रातः कल जल्दी उठकर प्रातः कर्म पूरे करने के बाद पूर्व दिशा या इशान कोने की और अपना मुख रख कर.. प्रथम आचमन करना चाहिए बाद में खुद के ललाट पर तिलक करना चाहिए।

# लापरवाही : लाखों रुपये की खाद भीगी तीन दिनों से खड़े ट्रक, नहीं उतरी खाद



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

शहर के इफको गोदाम पर जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते लाखों रुपये की हजारों बोरी एनपीके खाद बारिश में भीग गई है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि पानी के संपर्क में आकर खाद खराब हो जाती है।चार दिन पहले सीतापुर में खाद की रैक उतारी गई थी। जिसके बाद ट्रकों में लादकर खीरी भेजा गया था। इसी दौरान हुई बरसात में खाद की बोरियां भीग गईं। हाल यह हुआ कि तीन दिनों से खड़े ट्रकों को अनलोड नहीं कराया गया, जिससे बोरी में भरी खाद खराब होने लगी। खाद बारिश के पानी में भीग जाने के बाद भी विभागीय अधिकारियों और गोदाम प्रभारी मामले को दबाने में लगे रहे।एक ट्रक में 500 से लेकर 600 बोरियां लोड की जाती हैं। हकीकत जानने का प्रयास किया गया तो राज से पर्दा खुला। गोदाम में हजारों बोरियां भीगी पाई गईं। ज्यादा भीगी बोरी को स्टाक से अलग रखा जा रहा था। गोदाम में बोरियां रख रहे मजदूरों का कहना था कि जितनी भी बोरियां लगाई जा रही हैं, वह सब भीगी हैं।

एआर कोआपरेटिव पीके शुक्ला का कहना था कि जानकारी मिलने के बाद निरीक्षण के लिए गया था। कुछ बोरियां आंशिक रूप से भीगी हैं, जिन्हें अलग रखवाया गया है। बाकी बाद में देखा जाएगा। हालांकि, कितनी बोरियां भीगी है, इसका वह उत्तर नहीं दे सके।

### 1470 रुपये है एक बोरी खाद की कीमत

पहाड़ापुर में बने इफको के गोदाम में एनपीके खाद की बोरियों को स्टाक किया जा रहा है। उक्त एक बोरी खाद की कीमत 4500 रुपये है। सब्सिडी पर यह 1470 रुपये पर मिलती है। मौके पर देखा गया कि एक हजार से ज्यादा बोरियां स्टाक की जा चुकी थीं, जबकि आठ से दस ट्रक खाद से लदे खड़े थे। ऐसे में करोड़ों रुपयों की खाद बरसाती पानी से भीग कर खराब होने की आशंका है। ट्रक ड्राइवर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि खाद सीतापुर में ही भीग गई थी, फिर यहां भेज दिया गया। वहां काम करने वाले लोगों ने बताया कि भीगी खाद को सुखाकर समितियों पर भेजा जाएगा। लेकिन, इससे किसानों को शुद्ध खाद न मिल सकेगी।

### कृषि अधिकारी- हल्के पानी का असर नहीं

जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि खाद की बोरी पर हल्के पानी का कोई असर नहीं पड़ता है। यदि ज्यादा भीग जाए तो खाद की गुणवत्ता में 50 से लेकर 70 प्रतिशत तक की कमी आ जाती है। भीगी बोरियों को बिल्कुल अलग रखवाया जा रहा है। सारे ट्रक अनलोड हो जाने के बाद समीक्षा की जाएगी। इफ्को के एरिया मैनेजर एससी मिश्रा ने कहा कि बारिश में खाद भीगी है। बारिश को रोका नहीं जा सकता है। इसका जो भी नुकसान होगा, हम झेलेंगे। ठेकेदार पर पेनाल्टी डालेंगे।

# पालिका सभागार में प्रेस क्लब मोहम्मदी की हुई मासिक बैठक

जन एक्सप्रेस। सिदाकत मंसूरी

**मोहम्मदी खीरी।** प्रेस क्लब मोहम्मदी की मासिक बैठक वरिष्ठ पत्रकार विमल सिंह की अध्यक्षता में वातानुकूलित सभागार नगर पालिका परिषद में संपन्न हुई।संगठन विस्तार के लिए हुआ विचार-विमर्श।प्रेस क्लब अध्यक्ष शिवम राठौर ने बैठक में कहा प्रेस क्लब के सम्मानित सभी पदाधिकारियों के सम्मान में कोई भी आंच नहीं आएगी बशर्ते आप लोग भी पत्रकारिता क्षेत्र में अपनी गरिमा बनाकर कार्य करें जब तक आप सभी के पास रोजगार नहीं होगा तब तक आप सफलता प्राप्त नहीं कर सकते हैं।

पत्रकारिता सिर्फ 2 घंटे करें शेष समय में अपना काम करें साफ-सुथरी पत्रिकारिता आप कर सकते हैं। आप अगर गलत नहीं है कोई भी अधिकारी आप के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पाएगा। जनहित से जुड़ी समाचारों को आप सभी प्रकाशित करें। मोहम्मद इलियास ने जो लगातार तीन बार बैठक में सम्मिलित नहीं हुआ उनको ग्रुप से बाहर करने का सुझाव रखा जिस पर सभी पदाधिकारियों ने सहमति प्रदान की प्रेस क्लब मोहम्मदी के तीन सदस्यों को ग्रुप से हटाया गया। शाहनवाज एवं अश्वनी राजपूत ने कांवरियों के शुगम यात्रा के लिए चर्चा की।

महामंत्री तनवीर ने हम सबके बीच जो पत्रकार साथी नहीं रहे उनके पत्थर लगाने की बात पालिका अध्यक्ष से दूरभाष से बात रखी।वरिष्ठ पत्रकार विमल सिंह ने सभी पदाधिकारियों को प्रेस क्लब मोहम्मदी पदाधिकारियों के आईडी कार्ड वितरित किए।

इस मौके पर रियासत अली, अमित कुशवाहा जाकिर खान शमशाद तोहिद मंसूरी सिदाकत मंसूरी बबली गोपाल मिश्रा विनीत सिंह अनुज कुमार वाहिद अली जसवंत सिंह अर्जुन राठौर शारिब अली शुभम कुमार फिरोज मंसूरी कपिल कुमार सहित प्रेस क्लब मोहम्मदी के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### धुसकिया सामुदायिक शौचालय महज बना शोपीस

जन एक्सप्रेस/रिजवान खान/पलियाकलां खीरी। चंदन चौकी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत धुसकिया में निर्माणाधीन सामुदायिक शौचालय महज शोपीस बन कर रह गया है जिसके फलस्वरुप ग्रामीण एवम आगंतुक राहगीर खुले में शौच करने पर विवश हो रहे हैं। उल्लेखनीय राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत धुसकिया में स्थित प्राथमिक




विद्यालय के निकट सार्वजनिक सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था जिसकी देख रेख एवम समुचित व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए एक केयर टेकर के रूप में गांव की फूल कुमारी को नियुक्त किया गया है जिसको मेहनताना के रूप में 6हजार रूपए महीना तथा रख रखाव को दुरस्त रखने के लिए तीन हजार रुपए अतिरिक्त दिया जाता है किंतु ग्रामीणों के अनुसार नियमत: शौचालय सुबह पांच बजे से रात्रि दस बजे तक खुलने का समय निर्धारित है किन्तु केयर टेकर फूल कुमारी सुबह आकार सिर्फ महिला शौचालय का ताला खोलती है और पुरुषों का शौचालय पूरे दिन बंद रहता है जिसके फलस्वरुप पुरूषों को शौच के लिए भटकना पड़ता है इसके अतिरिक्त मोटर न चलने की वजह से सेंटेक्स टंकी में पानी भी नही रहता है। जिससे ग्रामीणों का सामुदायिक शौचालय में जाने से मोह भंग हो रहा है जब कोई सम्बन्धित विभाग के अधिकारी एवम नेताओ का दौरा होता है तभी केयर टेकर द्वारा उक्त शौचालय की साफ सफाई कर पुरुष एवम महिला शौचालय खोल कर चाक चौबंद कर दिया जाता है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

### अवध पत्रकार संघ महमूदाबाद की नई कार्यकारिणी का गठन

जन एक्सप्रेस/महमूदाबाद (सीतापुर)। अवध पत्रकार संघ महमूदाबाद की कार्यकारिणी गठन के लिए रविवार की सुबह चुनाव सम्पन्न हुआ। सीता इण्टर कालेज में पत्रकारों ने नई कार्यकारिणी का चुनाव किया। बैठक में रमेश वाजपेयी विरल को सर्वसम्मति से पुन: अध्यक्ष चुना



गया। कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को मिष्ठान्न खिलाकर बधाई दी। पत्रकार संघ में अध्यक्ष पद पर रमेश वाजपेयी के साथ-साथ उपाध्यक्ष पद पर श्रीश रस्तोगी, सुधीर श्रीवास्तव, इरफान मंसूरी, रामनोरथ अवस्थी, महामंत्री पद पर राजकुमार जैन, कोषाध्यक्ष पद पर धीरेंद्र मिश्र, आय-व्यय निरीक्षक पद पर अनंत रत्नम वाजपेयी, मंत्री पद पर जितेंद्र वर्मा, अनुज वर्मा, अमर बहादुर सिंह, विष्णु पोरवाल, संयुक्त मंत्री पद पर दीपक गुप्त, नवनीत पाण्डेय, मो. अब्दुल्ला खान, संगठन मंत्री पद पर आयूष जैन, आसिफ सईद को चुना गया। इसी तरह सदस्य पद हेतु इरफान खान, आंजनेय आशीष, शशांक शेखर, वागीश दिनकर, हरिशंकर शुक्ल, हरिशंकर शुक्ल, अरूण सिंह, विकास शुक्ल, अमित वाजपेयी, सुनील वर्मा को मनोनीत किया गया। सभी पत्रकारों ने अध्यक्ष पद पर मनोनीत होने पर रमेश वाजपेयी को माल्यार्पण कर बधाई दी। अध्यक्ष ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को सम्मानित किया। बैठक में पत्रकार हितों को लेकर चर्चा हुई।

### कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में वैदिक ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

जन एक्सप्रेस/पलिया कलां खीरी। भीरा रोड़ इस्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य सुनील शुक्ला ने छात्र छात्राओं के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें कई छात्र व छात्राओं ने सहभागिता की जिसमे प्रथम स्थान पर दिव्यांशु, द्वितीय सोनम,व तृतीय स्थान पर ज्योति,रही सभी



छात्र छात्राओं को सम्मानित कर छात्र व छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। स्कूल स्टाफ के साथ प्रधानाचार्य सुनील शुक्ला उपस्थित रहे।

### मिल डायवर्जन मार्ग पर चढ़ाई जाएगी ढाई सेंटीमीटर की परत

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। छोटी काशी गोला गोकरण नाथ में सात दिवसीय सावन मेला प्रारंभ हो चुका है। आज पहला सोमवार है। भूतनाथ मार्ग सहित कांवरियों को निकलने वाले सभी सड़क मार्गों का पैच वर्क पूरा कर दिया गया है। मंगलवार से मिल ड्राइवर जन्मार्ग पर ढाई सेंटीमीटर की नई परत चढ़ाने का काम शुरू किया जाएगा।सड़कों के निर्माण, पैच वर्क के संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने बताया कि सावन मेला के संबंध में सड़कों की मरम्मत को लेकर उन्होंने लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद से व्यक्तिगत अनुरोध किया था।उनके अनुरोध और उनके के दिशा निर्देश पर गोला में सड़कों की मरम्मत व पैच वर्क का कार्य शुरू हो चुका है। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से वस्तुस्थिति की रिपोर्ट तलब की। गोला के एई रामलाल ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के आधीन सभी सड़कों का पैच वर्क व निर्माण कराया जा रहा है। भूतनाथ मार्ग (1. किलोमीटर) का पैचवर्क पूरा हो चुका है। गोला शहरी भाग में 5.5 किलोमीटर का पैच वर्क किया गया। गोला मिल डायवर्जन रोड पर 3.5 किलोमीटर का पैच वर्क पूर्ण है। मंगलवार को इस सड़क का डीसी करण किया जाएगा। सड़क पर ढाई सेंटीमीटर की एक नई परत बिछाई जाएगी।

### युवक ने फांसी लगाकर दे दी जान

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। शनिवार की देर रात नगर के बाईपास मार्ग निवासी एक 40 वर्षीय युवक विनोद वर्मा ने अपने घर में ही पत्नी की साड़ी से फंदा बनाकर जान दे दी। घटना की सूचना पाकर चौकी प्रभारी प्रवीण सिंह यादव दलबल सहित मौके पर पहुंचे। शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था । मृतक विनोद कुमार वर्मा 40 वर्ष ने पत्नी की साड़ी का फंदा बनाकर खुदकुशी की है। मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि मृतक ने कई लोगों को मोटी रकम उधार दे रखी थी और वह वसूल नहीं हो पा रही थी उसी कारण से परेशान होकर उसने अपनी जान दे दी है। वहीं कुछ लोगों का यह भी कहना है कि पत्नी से विवाद हुआ था उसी के बाद विनोद ने फांसी लगाई है।

# इंटरनेट मीडिया द्वारा भगवान श्री राम और राजपूत परिवार पर अभद्र टिप्पणी करने वाले पर मुकदमा

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

तहसील गोला गोकर्णनाथ व कोतवाली मोहम्मदी के अंतर्गत ग्राम कुंभी के एक युवक ने इंस्टाग्राम आईडी के जरिए भगवान श्री राम और राजपूत परिवार पर अभद्र टिप्पणी का मामला सुर्खियों में आया है।जिस पर मोहम्मदी कोतवाली द्वारा अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आपको पूरा मामला बताते चलें। ग्राम कुंभी के निवासी रुपेश पुत्र बब्लू की इंस्टाग्राम आईडी पर भगवान श्री राम और राजपूत को लेकर एक पोस्ट डाली गई थी। जिस पर ग्राम कुंभी के ही निवासी विशाल गौतम पुत्र रंजीत ने अभद्र टिप्पणी की थी।विशाल गौतम द्वारा भगवान श्रीराम को लेकर अभद्र टिप्पणी करना पड़ गया महंगा।विशाल गौतम के द्वारा भगवान श्री राम और राजपूत परिवार पर अपमानजनिक टिप्पणी करने पर ग्रामीणों के साथ-साथ क्षेत्र में भी रोष पनप गया।भगवान श्री राम पर अभद्र




टिप्पणी की जानकारी श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के कार्यकर्ता को हुई।जिसने इस संगठन के जिला अध्यक्ष आशीष भदौरिया को बताया।जिस पर आशीष भदौरिया ने नाराजगी जाहिर कर संगठन के कार्यकर्ता राज प्रताप सिंह भदौरिया, रंजीत सिंह एडवोकेट, उतमवीर सिंह, सौरभ सिंह परमार, अमर सिंह, अमित सिंह भदौरिया, सौरभ सिंह चौहान, दीपक सिंह अन्य सभी सम्मानित बंधु के साथ मिलकर विशाल गौतम के खिलाफ मोहम्मदी कोतवाली में तहरीर देकर आरोपित के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की थी। कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि विशाल गौतम जातिय हिंसा व अपराधिक षड्यंत्र के तहत क्षत्रिय समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है और धार्मिक हिंसा फैलाने के उद्देश्य से हिंदुओं के आराध्य भगवान श्री राम को इंस्टाग्राम आईडी पर अपमानजनिक भद्दी-भद्दी गालियां दी है।जिससे क्षत्रिय के साथ संपूर्ण हिंदुओं की भावनाओं और सामाजिक सदभाव को ठेस पहुंची है।तथा इंस्टाग्राम पर विशाल गौतम द्वारा की गई टिप्पणी का स्क्रीनशॉट फोटो भी तहरीर में संलग्न कर दिया गया है। संगठन के द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार आरोपित विशाल गौतम के खिलाफ मोहम्मदी पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# लूट का प्रयास करने वाले लुटेरे चढ़े पुलिस के हत्थे

## मेडिकल स्टोर पर गन प्वाइंट पर लूट का किया था प्रयास

जन एक्सप्रेस। शाजिफ हुसैन

लखीमपुर खीरी।कोतवाली सदर इलाके के बेहजम रोड स्थित लवी मेडिकल स्टोर पर लूट का प्रयास करने वाले दो आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया है। अपराधियों के कब्जे से लूट में प्रयुक्त बाइक और एक तमंचा कारतूस के साथ बरामद किया है।

दोनों की गिरफ्तारी बेहजम रोड बकैनिया नहर पुलिया से हुई है। गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान राहुल वर्मा पुत्र उत्तम वर्मा निवासी गुम चीनी थाना फरधान और मोहित वर्मा पुत्र मदन लाल गुलचोरी के रूप में हुई है।बता दें कि रात करीब 9 बजे दो युवक बेहजम रोड स्थित लवी मेडिकल स्टोर पर पहुंचे और कुछ दवाएं मांगी। मेडिकल स्टोर संचालक अजय सरोज दवाएं निकालने लगे तो राहुल वर्मा ने तमंचा निकाल लिया और गल्ले में पड़ी रकम मांगने लगे। लेकिन



मेडिकल स्वामी ने हिम्मत दिखाते हुए राहुल के हाथ से तमंचा छीन लिया। इसके बाद आरोपी मौके से तमंचा छोड़कर फरार हो गया।

ये मेडिकल स्टोर संचालक अजय सरोज हैं जिन्होंने बदमाशों से लोहा लेकर लूटपाट बचा ली। बताते चलें शहर के व्यस्ततम इलाके में हुई लूट का असफल प्रयास करने वाले लोगों को गिरफ्तार करने के लिए क्षेत्राधिकारी सदर संदीप सिह द्वारा वरिष्ठ उप निरीक्षक सुनित कुमार, जयप्रकाश यादव, और उनकी सहयोगी टीम विजय शर्मा, अरविंद कुमार, हेमंद्र तालिब, अरविंद कुमार, विकास चौहान, यतेन्द्र पवार, को घटना के खुलासे की जिम्मेदारी सौंपी गई।

टीम ने घटना में प्रयुक्त तमंचा और मोटरसाइकिल सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# दो महिलाओं की मौत के बाद भी नहीं जागे जिम्मेदार

## दुर्घटना जोन बन गया है पुलिस पिकेट का प्वाइंट, नहर विभाग की उदासीनता आई सामने

जन एक्सप्रेस। आशीष कुमार तिवारी

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** रोशन नगर ममरी रोड पर परेली नहर पुलिया के पास दुर्घटना ज़ोन बन गया है। माइनर सफाई कराने वाले ठेकेदार द्वारा माइनर की पटरी पर मिट्टी लगवा कर दीवार जैसा बना दिए जाने से दूसरी तरफ दिखाई न देने से कई लोगों की जान जा चुकी है।फिर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

रोशन नगर ममरी रोड पर परेली के निकट माइनर पर अक्सर सड़क दुर्घटना हो रही है।दो महिलाओं की मौत और दर्जनों लोग घायल हो चुके हैं। जिसकी वजह है कि जो वाहन माइनर की पटरी से रोड पर आते हैं वह अक्सर रोड पर निकलने वाले वाहनों से टकरा जाते हैं। नागरिकों का कहना है कि माइनर की सफाई कराने वाले ठेकेदार ने जेसीबी से सफाई कराई और नहर के अंदर की मिट्टी एक तरफ लगवा दी जिससे एक तरफ ऊंची दीवार से बन गई फिर उस पर खरपतवार, पौधे उग जाने के कारण जब कोई भी मोहम्मदी की तरफ से ममरी रोशन नगर रोड के लिए आता है तो उसे इस रोड पर आने-जाने वाले वाहन दिखाई नहीं पड़ते अक्सर यह दुर्घटनाएं हो जाती हैं।

इसी जगह पर बना है पुलिस पिकेट-रोशन नगर ममरी रोड पर हो रही आपराधिक घटनाओं को लेकर क्षेत्रवासियों की मांग पर तत्कालीन पुलिस अधीक्षक रामानंद ने इसी पॉइंट पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई थी। बरसात और धूप में पुलिस कर्मियों को दिक्कत हुई तो इसके लिए ग्राम पंचायत रोशन नगर से तत्कालीन ग्राम प्रधान अनूप चंद वर्मा ने कक्ष का निर्माण करा दिया था। कक्ष का निर्माण होने के बाद पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगी तो रोड पर होने वाले अपराध एकबारगी थम गए थे। अब वह पुलिस पिकेट खाली पड़ा रहता है। वहां किसी की ड्यूटी नहीं लगती और 112 पुलिस भी उस पॉइंट पर मौजूद रहने की जहमत नहीं उठाती। इससे आए दिन वहां पर वाहन तेज गति से निकलते हैं और यह घटनाएं हो जाती हैं।

### यहां पर दुर्घटना से कई लोगों की जा चुकी है जान

परेली नहर पर बने पुलिस पिकेट के पास दो महिलाओं की मौत हो चुकी है जबकि दर्जनों लोग गंभीर घायल हो चुके हैं। किसी का जिला अस्पताल तो किसी का लखनऊ में इलाज चल रहा है। अभी पिछले माह 7 जून को हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कुइयाडीह निवासी पवन कुमार की पत्नी पूनम अपने बेटे सत्यम के साथ थाना क्षेत्र के ही ग्राम कैमा में मांगलिक कार्य में शामिल होने आई थी। वापस जा रहे थे कि इसी स्थान पर बाइकों की भिड़ंत में महिला गम्भीर हो गई थी जिसकी अस्पताल ले जाते रास्ते में मौत हो गई थी। जबकि उसका बेटा गंभीर घायल हो गया था। जिसका लखनऊ में इलाज चल रहा है। 3 जुलाई को खुटार थाना क्षेत्र के ग्राम गेहूं निवासी लज्जावती (70) अपने बेटे के साथ बाइक से जा रही थी कि इसी जगह पर बाइकों की भिड़ंत में लज्जावती की मौके पर मौत हो गई थी। उनका बेटा और दूसरा बाइक चालक घायल हो गए थे जिन अस्पताल ले जाया गया था। नहर पटरी को समतल कराए जाने को लेकर रोशन नगर निवासी अविनाश चंद्र वर्मा ने मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है।

# खैराबाद चर्चित हत्याकांड में शामिल 7 अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा

जन एक्सप्रेस। राजीव दिवाकर

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना खैराबाद अंतर्गत मो.किसानी टोला तिराहा के पास रमेश चंद्र मौर्या पुत्र सोहन मौर्या निवासी मो. किसानी टोला थाना खैराबाद जनपद सीतापुर की हत्या के संबंध में थाना खैराबाद में टीमों का गठन कर गहनतापूर्वक विस्तृत जांच, प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर संलिप्तों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया था। क्षेत्राधिकारी नगर सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित थाना खैराबाद पुलिस टीमो द्वारा संलिप्त कुल 7 अभियुक्तगण जिनमें एक अभियुक्त अयान उर्फ हमजा पुत्र साबिर नि. मोहल्ला कमालसराय कस्बा व थाना खैराबाद जनपद सीतापुर को काशीराम कालोनी खैराबाद से तथा तीन अभियुक्तों तथा सलीम पुत्र मो. सब्बीर मो. किसानी टोला कस्बा व थाना खैराबाद जनपद सीतापुर तथा मो. अलीम पुत्र मो.



सब्बीर निवासी मो0 किसानी टोला कस्बा व थाना खैराबाद जनपद सीतापुर तथा रमजान पुत्र मोहर्रम अली निवासी मो कमाल सराय कस्बा व थाना खैराबाद जनपद सीतापुर को बिसवा सीतापुर मार्ग पशु बाजार खैराबाद गेट से तथा अन्य तीन अभियुक्तो तथा तौहीद पुत्र शरीफ नि0 मो0 कमालसराय थाना खैराबाद जनपद सीतापुर तथा मो0 शफीक पुत्र मो0 याकूब नि0 मो0 किसानीटोला थाना खैराबाद जनपद सीतापुर तथा जमील पुत्र रसूल अहमद नि. मो0 किसानीटोला थाना खैराबाद जनपद सीतापुर को खैराबाद रेलवे स्टेशन के पास लखनऊ रोड से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्त अयान की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त तमंचा व कारतूस 315 बोर बरामद कर लिया गया है। मृतक रमेशचन्द्र मौर्य उपरोक्त का अभियुक्त अयान के पिता स्व. साबिर से अच्छा दोस्ताना होने के कारण घर आना जाना था। वर्ष 2018 में साबिर की मृत्यु होने के बाद भी रमेशचन्द्र अभियुक्त माँ से मिलने के लिए रोज घर पर आया करता था जिसे मोहल्ले के मुस्लिम समाज के कई लोग अतीक, लाइक व पूर्व सभासद सलीम एवं सलीम का भाई कलीम व अलीम एवं रमजानी, मंसूरी, गुलाम का भतीजा ताजुद्दीन, सोजब, जमील, मकसूद उर्फ पांडे, सफीक ड्राइवर इस बात पर अत्यन्त आपत्ति करते थे और ताना मारते रहते थे। अभियुक्त अयान को उक्त लोग व रिश्तेदार अतीक व लईक जो अयान के मौसा हैं उन्होने अभियुक्त अयान का साथ देने व परिवार का खर्चा उठाने, जमानत व कोर्ट कचहरी का खर्चा उठाने का आश्वासन दिया। अभियुक्त अयान द्वारा अपनी माँ को भी कई बार समझाने का प्रयास किया गया था व रमेश को भी कई बार घर पर आने से मना किया था। दोनो के न मानने पर दिनांक 06/07/2023 को रात्रि करीब 8.30 बजे किसानीटोला मोड़ के सामने अभियुक्त अयान अपने मौसा अतीक व लईक के साथ आस पास का माहौल परखने के बाद मौका पाकर अतीक और लईक के कहे जाने पर रमेश के पीछे से उसके सिर में गोली मार दी व तीनो वहाँ से भाग गये। भागते समय अभियुक्त अयान ने कच्चे नाले के पास झाडियों के पास तमंचे को छिपा कर भाग गया था। अभियुक्त अयान की निशानदेही पर तमंचा व खोखा कारतूस बरामद कर लिया गया है।

# लखनऊ एसटीएफ व कोतवाली की टीम ने लाखों कीमत की 239 पेटी अंग्रेजी शराब की बरामद

**लखनऊ एसटीएफ व नगर कोतवाली ने की सयुंक्त कार्यवाही**

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



लखनऊ एसटीएफ व नगर कोतवाली की टीम ने रविवार की भोर शहर के असैनी मोड से 239 पेटी अंग्रेजी शराब सहित एक कंटेनर गाड़ी बरामद की है। इस 2151 लीटर अंग्रेजी शराब की अनुमानित कीमत 15 लाख से अधिक है। एसटीएफ व शहर की पुलिस टीम ने इस शराब को विहार राज्य ले जा रहे चालक मोहम्मद परवेज पुत्र यामीन निवासी ग्राम अम्वेहता थाना कांधना जनपद शामली और परिचालक राजकुमार पुत्र चंद्रभान नाई निवासी दादाखेड़ा के पास पाई पुंडरी जनपद कैथल राज्य हरियाणा को कंटेनर गाड़ी के साथ गिरफ्तार किया है। मैन्युअल इंटेलिजेंस के आधार पर लखनऊ एसटीएफ की टीम को सूचना मिली की दिल्ली हरियाणा व पंजाब से अवैध अंग्रेजी शराब की तस्करी उत्तर प्रदेश सहित बिहार राज्य के विभिन्न जनपदों में की जा रही है। जिसमें उन्हें सूचना मिली कि शनिवार की रात दवाइयों से भरे कंटेनर के बीच में भारी मात्रा में शराब की पेटियां छिपाकर लोग बिहार राज्य को जा रहे है। इस सूचना पर लखनऊ एसटीएफ टीम के उप निरीक्षक प्रताप नारायण व मुख्य आरक्षी विद्यासागर, विनोद कुमार, दिलीप कुमार व कुलदीप कुमार सिंह लखनऊ अयोध्या हाईवे के असैनी अंडरपास के पास शराब से भरे कंटेनर को धर दबोचा। यहां जब टीम ने कंटेनर को अंदर से चेक किया तो कंटेनर में भारी मात्रा में दवाइयां सहित उसके बीच रखी 239 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। जिसके बाद टीम ने तत्काल कंटेनर दवाइयां सहित चालक परिचालक को गिरफ्तार कर नगर कोतवाली के हवाले कर दिया। यहां पूछताछ में मोहम्मद परवेज ने बताया कि गाड़ी का मालिक इसराइल पुत्र हसनैन इस कंटेनर को चंडीगढ़, हरियाणा, उत्तर प्रदेश सहित बिहार राज्य में चलवाता है।

इस कंटेनर को मेरे व रिजवान निवासी मुरादाबाद द्वारा चलाया जाता है। बीती 8 तारीख की सुबह रिजवान ने इस कंटेनर में अंग्रेजी दवाइयों के 1954 गत्तों के बीच अंग्रेजी शराब लोड कर इसे मुझे माल रोड ट्रांसपोर्ट नगर करनाल हरियाणा में दिया था। और बताया कि जीत रोडवेज फ्लैट ओनर एंड ट्रांसपोर्ट कांट्रेक्टर चंडीगढ़ ब्रांच माजरा रोड जरुआ चंडीगढ़ में मोटर मालिक ने यह अंग्रेजी दवा व अवैध शराब पहुंचाने के लिए 25 हजार देने को कहा है। जिसके लालच में हम इसे बिहार राज्य लेकर जा रहे थे। जहां पहुंचकर हमें पता चलता कि इन्हें किसे सप्लाई करना है।

# दो सिपाहियों पर धन उगाही आरोप वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस । रामसनेहीघाट-बाराबंकी

चौकी इंचार्ज सिद्धौर की गैर हाजिरी में दो सिपाहियों को तस्करों का पकड़ना महंगा पड़ रहा है। क्योंकि उनके द्वारा पकड़े गए एक युवक को थाने से छोड़ने के एवज में साठ हजार रूपये वसूली का आरोप है। जिसका वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल है। इसकी जांच सीओ रामसनेहीघाट द्वारा कर रहे है। उनके मुताबिक करीब सवा घंटे की वीडियो में जानकारी अस्पष्ट है। फिलहाल मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। पूरा मामला थाना असंद्रा के चौकी सिद्धौर क्षेत्र का है। जहां तैनात दो सिपाही अभिषेक सिंह व अभिषेक राजपूत पर आरोप है कि उन्होंने बीती 26 जून को नगर पंचायत सिद्धौर क्षेत्र के मालवीय नगर वार्ड निवासी मो. मामूर उर्फ राजा को मिल चौराहा से प्राइवेट गाड़ी में बैठा लिया। इस दौरान पीड़ित ने मोबाइल में गुप्त कैमरा चालू कर दिया। जिसमे मील चौराहा से अंसद्रा थाना परिसर तक रिकॉर्डिंग है।

जिसमें आरोप है कि पीड़ित से 2 किलो मार्फिन में फंसा कर धन उगाही के बाद की जा रही है।उसकी मां यास्मीन बानो पुत्र मकसूद अहमद की शिकायत पर सीओ रामसनेहीघाट जटाशंकर मिश्र ने जांच शुरू की है। उन्होंने बताया कि पीड़ित पक्ष बयान लिए गए है। सवा घंटा वीडिओ में स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। फिलहाल जा की जा रही है। बताया कि दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# सपा के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व मंत्री इंद्रजीत सिंह का निधन

जन एक्सप्रेस । उरई



समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री इंद्रजीत सिंह यादव का शनिवार देर रात लगभग 11 बजकर 30 मिनट पर निधन हो गया। वह लगभग 85 वर्ष के थे। शनिवार रात वह अपने पैतृक आवास सूर्य नगर उरई में थे। वहीं, उन्होंने अंतिम सांस ली। इद्रजीत सिंह के निधन से पार्टी में शोक की लहर है। जैसे ही यह खबर उनके घर आने जाने वालों का तांता लगा रहा,सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त कर सकते है। समाजवादी पार्टी संस्थापक सदस्य पूर्व मंत्री इंद्रजीत सिंह का उरई में निधन, अत्यंत दुखद ! शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करे। भावभीनी श्रद्धांजलि ! श्सपा के संस्थापक सदस्य होने और पार्टी संरक्षक मुलायम सिंह यादव के संघर्ष के दिनों से ही उनके साथ रहने की वजह से इंद्रजीत सिंह को समाजबादी परिवार के करीबियों में गिना जाता था। उधर एसआर इंटर कॉलेज में बुंदेलखंड के गांधी व उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री श्री इंद्रजीत यादव के दुखद निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। अशोक राठौर, अतर सिंह राठौर, अरविंद राठौर, सुरजीत राठौर, रमेश, राधेलाल राठौर, जितेंद्र राठौर, कमलेश राठौर, हरिशंकर राठौर, आदि ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए जनपद जालौन की अपूर्णनीय क्षति बताया सभा के अंत में दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा शोकाकुल परिवार को धैर्य प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना गई।

# ईमानदारी से करें ड्यूटी, नम्र रखें स्वभाव: एसपी दिनेश कुमार सिंह

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने रविवार को महादेवा ऑडिटोरियम में आयोजित समीक्षा बैठक में मेले में लगे पुलिसकर्मियों को अपनी ड्यूटी को पूरी ईमानदारी से करने की हिदायत दी। साथ ही कड़े निर्देश दिए कि यहां लोग बड़े श्रद्धा भाव से आते है। इन श्रद्धालुओं के साथ आप अपने व्यवहार को नम्र रखिए। यहां बैठक में शामिल अपर पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा ने पुलिस कर्मियों से कहा कि अपने-अपने चेकप्वाइंट पर मुस्तैदी से तैनात रहे। किंचित मात्र लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आगे बैठक में नवागत उप जिलाधिकारी रामनगर व क्षेत्राधिकारी रामनगर ने अपने संबोधन में पुलिसकर्मियों को ड्यूटी में कोई ढिलाई न करने की हिदायत दी। तदोपरांत आये नवागत अपर जिला अधिकारी अरुण सिंह सहित एएसपी उत्तरी आशुतोष मिश्रा व एसडीएम रामनगर ने दल बल के साथ संपूर्ण मेला परिसर में भ्रमण शील रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**मेधावी छात्र छात्राओं एवं बुजुर्गों का हुआ सम्मान**

# अखिल भारतीय दृढ़ोमर वैश्य समाज के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । कालपी



अखिल भारतीय दृढ़ोमर वैश्य समाज के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का धूमधाम से आयोजन किया गया। जिसमें बुजुर्गो एवं मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर शिक्षा एंव राजनीति में भागीदारी करने पर जोर दिया गया।

कालपी के टरनंनगंज में स्थित श्याम पैलेस सभागार में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के संरक्षक पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद शंकर गुप्ता कानपुर ने नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता एवं उनकी कार्यकारिणी तथा महिला शाखा की अध्यक्षा अवधेश ममता गुप्ता को शपथ दिलाई। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि समाज में कोई छोटा बड़ा नहीं होता, इसलिए समाज के हित के लिए सभी लोग अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वाह करने के लिए तत्पर रहें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि वैश्य समाज को व्यापारी वर्ग का माना जाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना कोई भी समाज तरक्की नहीं कर सकता है। उन्होंने सभी लोगों से अपने बच्चों को शिक्षित एवं संस्कार बान बनाने का आव्हान किया। इस मौके पर उन्होंने पूर्व मंत्री स्वर्गीय बाबू राम दादा के स्मरण का जिक्र करते हुए कहा कि उनके अंदर गजब का राजनीतिक कौशल था, कई चीजें हमने उनकी ग्रहण की है।अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सुमंत गुप्ता ने कहा समाज को संगठित तथा हर तरीके से मजबूत बनाने के लिए सभी लोगों को अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर मार्गदर्शक मंडल के बुजुर्ग सदस्य, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों, युवा प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सामूहिक विवाह समिति, राष्ट्रीय शिक्षा समिति, विधि सलाहकार, मीडिया प्रभारियों तथा पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में झांसी, हमीरपुर, बांदा, इंदौर, कटनी, जबलपुर, भोपाल, छतरपुर, टीकमगढ़, महोबा, कानपुर समेत तमाम जनपदों से समाज के नागरिकों तथा महिलाओं ने हिस्सेदारी की मंगल गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इसके अलावा अखिल भारतीय दृढ़ोमर वैश्य समाज तथा कालपी इकाई के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह भी विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय भी कराया गया। कृष्ण कुमार गुप्ता, हरिशंकर गुप्ता, डॉ राजेंद्र गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, लल्लूराम, राम अवतार, अखिलेश, संदीप गुप्ता, श्याम किशोर गुप्ता, पवन गुप्ता अंकित गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, सीताराम गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## भामाशाह के नाम से चौराहे का होगा नामकरण

**कालपी।** रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण वैश्य समाज के कार्यक्रम में पधारे अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुमंत गुप्ता ने कहां कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भामाशाह के जन्मदिन पर व्यापारी दिवस मनाने का ऐलान किया है। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव से आग्रह कि भामाशाह के नाम पर कालपी के किसी चौराहे का नामांतरण कराने का कष्ट करें। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने एलान किया कि भामाशाह चौराहा नामांकरण कराने के लिए पालिका के द्वारा पूरे प्रयास किए जाएंगे।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की एडेड संवर्ग के उपेंद्र शर्मा जिलाध्यक्ष व अरविंद सिंह तोमर बने जिला महामंत्री

जन एक्सप्रेस । उरई



राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश जनपद इकाई (प्राथमिक संवर्ग) द्वारा उमादत्त मिश्र जूनियर हाईस्कूल मैं रविवार को एडेड संवर्ग की जिला इकाई का निर्वाचन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न कराया गया। निर्वाचन पर्यवेक्षक के रूप में प्रदेश मीडिया प्रमुख बृजेश श्रीवास्तव व निर्वाचन अधिकारी अखिलेश अवस्थी जिला संरक्षक अखिलेश खरे मौजूद रहे।

निर्विरोध संपन्न हुए एडेड संवर्ग के निर्वाचन में जिलाध्यक्ष पद पर उपेंद्र कुमार शर्मा, जिला महामंत्री अरविंद सिंह तोमर, जिला संगठन मंत्री विकास कुमार, जिला कार्यकारी अध्यक्ष सीमा सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अनिल बाथम निर्वाचित किए गए। तत्पश्चात संपन्न हुई एडेड संवर्ग की जिला कार्यसमिति की बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए वृंदावन त्रिपाठी को जिला संरक्षक, संजीव गुर्जर को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, धीरेंद्र त्रिपाठी को जिला संयुक्त महामंत्री, सलिल कांत श्रीवास को जिला प्रवक्ता, योगेंद्र प्रताप सिंह को जिला सदस्यता प्रमुख, रमेश भारद्वाज को जिला ऑडिटर व मनीष गुप्ता को जिला मीडिया प्रभारी पद पर मनोनित किया गया है।

तत्पश्चात प्राथमिक संवर्ग के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान द्वारा मां सरस्वती के चित्र की अर्चना व माल्यार्पण कर गुरुवंदन कार्यक्रम की शुरूवात की गई।

मुख्य वक्ता के रूप में प्रीति त्रिपाठी मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्राथमिक संवर्ग के जिला महामंत्री इलयास मंसूरी, तनवीर अहमद, अरविंद स्वर्णकार, जिला मंत्री राजेंद्र यादव, राधेश्याम, देवेंद्र तोमर, पवन निरंजन, अनिल यादव, कीरत सिंह, नरेंद्र प्रताप सिंह, राममनोहर सिंह, नीतू सिंह, रेखा देवी, बृजेन्द्र सेंगर, ध्रुवेंद्र सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## सपा विधायक को सौंपा गया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** रविवार को विधानसभा जैदपुर से सपा विधायक गौरव कुमार रावत के शहर स्थित कार्यालय पर माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के पदाधिकारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर 9 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा है। श्री रावत ने शिक्षक संघ के पदाधिकारियों से मिले ज्ञापन को पढ़ने के बाद शिक्षकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नीरज पाण्डेय, वरिष्ठ मंत्री चन्द्र किशोर तिवारी, प्रदेश मंत्री शिव कैलाश सोनी,संगठन मंत्री संदीप कुमार,उपाध्यक्ष प्रवीन सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देशराज,मीडिया प्रभारी अमित कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## चोरों ने उड़ाई खड़ी ट्रैक्टर की ट्राली

**बाराबंकी।** सिरौलीगौसपुर मरकामऊ चौराहे पर हाजी कंप्यूटराइज धर्म कांटा के पश्चिम अजय मिश्रा की दुकान के बगल खड़ी विनोद कुमार मौर्य पिता सूर्य लाल ट्राली को चोरों ने उड़ा दिया।बता दें कि पीड़ित विनोद मौर्य लगभग 6 वर्ष से अपने सभी कृषि यंत्र अजय मिश्रा की दुकान के बगल खाली पड़ी जमीन पर खड़े करते है। बीती 8 जुलाई की रात को खड़े कृषि यंत्रों में ट्राली को चोरों ने अपना निशाना बना लिया। पीड़ित विनोद मौर्य जब सुबह मरकामऊ चौराहे पर पहुंचे तो देखा कि उनकी ट्रॉली वहां पर नहीं खड़ी है। काफी खोजबीन करने के बाद पीड़ित विनोद मौर्य ने कोतवाली बदोसराय मे लिखित शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# दो सदस्यीय टीम करेगी सीएचसी में टॉर्च की रोशनी में प्रसव मामले की जांच

जन एक्सप्रेस । कोंच

टॉर्च की रोशनी में दो प्रसूताओं का प्रसव किए जाने का वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल होने के बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमओ डॉ.नरेंद्रदेव शर्मा ने पूरे मामले की जांच के लिए एसीएमओ के नेतृत्व में दो सदस्यीय टीम बनाई है जो जल्द ही जांच के बाद उन्हें रिपोर्ट सौंपेगी। उनका कहना है, जो भी दोषी होगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। ये वायरल वीडियो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच का बताया जा रहा है।

शुक्रवार की देर शाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में क्षेत्र के ग्राम पनयारा और कस्बे के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी दो प्रसूताओं के प्रसव टॉर्च की रोशनी में किए जाने का वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल हुआ था। जिसमें प्रसूताओं के साथ आयी हुई महिला तीमारदारों ने वायरल वीडियो में साफ तौर पर आरोप लगाया था कि बिजली न आने पर जेनरेटर चलाने के लिए कहा लेकिन किसी भी स्वास्थ्य कर्मी ने उनकी बात नहीं सुनी जिससे मजबूरी में हम लोगों को खुद ही टॉर्च से रोशनी करनी पड़ी। मामले को लेकर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. दिनेश वरदिया का कहना था कि रात में बिजली नहीं आ रही थी और इन्वर्टर की लाइन भी खराब हो गई थी जिसे बदलने में और जेनरेटर चालू करने में समय लग गया था। गौर करने वाली बात यह भी है कि स्वास्थ्य केंद्र में रखा जेनेरेटर यदा कदा ही खास मौकों पर चलाया जाता है।

# अज्ञात कारणों के चलते अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

जन एक्सप्रेस । उरई

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बनफ्रा में अज्ञात कारणों के चलते अधेड़ ने फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के बनफ्रा गांव निवासी अजय 45 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते घर के कमरे में लगे हुक से रस्सी का फंद्रा डालकर फांसी लगाकर जान दे दी। फांसी के फंदे पर लटक रहे पुत्र के शव को देखकर परिजनों में चीख-पुकार शुरू हो गई। घर में मचा शोरगुल सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टर शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि वह वाहर रहकर पानी पूरी का धंधा करता था। जो 7 जुलाई को इंदौर से घर वापस आया था। मृतक के एक बेटी थी जिसकी शादी हो चुकी थी। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# सड़क हादसे में घायल ट्रक चालक की उपचार के दौरान मौत

**जिसका शनिवार को दाह संस्कार कर दिया गया**

जन एक्सप्रेस । जालौन

कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई।

कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़गुआ निवासी जगराम सिंह पाल का बड़ा बेटा ब्रजपाल 33 वर्ष जोकि ट्रक चालक था। जो ट्रक चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बताया गया कि शुक्रवार को वह जालौन के भिटारा गाँव के पास एक पेट्रोल पंप पर ट्रक खड़ा कर बाइक से अपने बच्चों से मिलने उरई जा रहा था। तभी उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी।

हादसे में बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया था। जिसे मौके पर पंहुची पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। हालत गम्भीर देखते हुए उसे ग्वालियर रेफर कर दिया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही कर शव को परिजनों के हवाले कर दिया था। जिसका शनिवार को दाह संस्कार कर दिया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा की मौत

**जन एक्सप्रेस/कुठौंद।** थाना क्षेत्र के ग्राम भदेख ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते छात्रा की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। वही मृतक छात्रा के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम भदेख निवासी ज्योति पाल 21 वर्ष पुत्री मोहर सिंह पाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की खबर गांव में फैलते ही पड़ोसियों के अलावा ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। वहीं घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। वहीं मृतिका के पिता का कहना है कि मृतिका बीएड की छात्रा थी, और उसके दो भाई लोकेन्द्र व शैलेंद्र है। जिसमें लोकेंद्र दिल्ली में रहता है। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका।

# सड़क हादसे में सोलर पावर प्लांट के मैनेजर के पत्नी की मौत

**बच्चों समेत पांच घायलों को उपचार के बाद किया गया रेफर**

जन एक्सप्रेस । जालौन



कोतवाली क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से घुस गई। जिसमें कार पर सवार पावर प्लांट मैनेजर की पत्नी की मौत हो गई। जबकि बच्चों समेत पांच लोगों को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। मैनपुरी जनपद के रहने वाले प्रबल सिकरवार जालौन जिले में कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम खुटैला स्थित पावर प्लांट पर मैनेजर पद पर तैनात है। जो अपनी पत्नी और बच्चों के साथ कोंच में निवास बनाये हुये थे। प्रबल अपनी पत्नी प्रियंका उर्फ रूबी 25 वर्ष, बच्चे रानी, रक्षित और कानपुर के रहने वाले अपने साथी प्रगत मालवीय व उनकी पत्नी रक्षा के साथ कार से राजस्थान के खाटू श्याम जी दर्शन करने के लिए गए हुए थे। जो रविवार की सुबह सभी लोग वापस लौट रहे थे। जब उनकी कार बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के 207.5 किलोमीटर के पास पहुंची, तभी आगे जा रहे ट्रक से उनकी पीछे से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें फंसकर सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घटना की जानकारी बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की पिकेट टीम को दी। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची टीम ने कार में फंसे सभी लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिये समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने प्रियंका को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य लोगों की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अज्ञात कारणों के चलते किशोरी ने गटका जहर हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस । उरई

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धरगुआ में अज्ञात कारणों के चलते किशोरी ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसे परिजनों द्वारा गंभीर हालत में उठाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। शहर कोतवाली के ग्राम धरगुवां निवासी अशोक कुमार की 15 वर्षीय पुत्री काल्पनिक नाम शिल्पी ने अज्ञात कारणों के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। ट्री की हालत बिगड़ती देख परिजन घबरा गए और उसे आनन-फानन में उठाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। मामले में पिता ने बताया कि पढाई को लेकर बेटी की घर में डांट लगा दी गई थी, जिससे उसने यह कदम उठाया।

# 2024 में भगवान श्रीराम के दर्शन करेंगे भक्त, तेज गति से चल रहा मंदिर निर्माण

**श्रीराम तीर्थ ट्रस्ट क्षेत्र ने मीडिया को कराया मंदिर का अवलोकन**

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर का निर्माण तेज गति से किया जा रहा है। श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार अगले साल यानी जनवरी 2024 में मंदिर के गर्भ गृह में भगवान राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। अगले साल श्रद्धालुओं को विश्व के सबसे दिव्य और भव्य राम मंदिर में रामलला के दर्शन हो सकेंगे। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर अपनी तय समय सीमा से पहले बनकर तैयार होगा। मंदिर का निर्माण तेज गति के साथ चल रहा है। 2024 तक भगवान रामलला की मंदिर के गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा हो जाएगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट क्षेत्र द्वारा मीडिया को आमंत्रित किया गया।



### राममंदिर के ग्राउंड फ्लोर का कार्य दिसंबर में तैयार हो जाएगा

ट्रस्ट के सदस्य ने बताया कि राममंदिर के ग्राउंड फ्लोर का काम पूरी तरह दिसंबर में तैयार हो जाएगा। इस दौरान फर्स्ट फ्लोर का ढांचा भी बहुत कुछ बनकर तैयार हो जाएगा। दिसंबर 2024 तक राम मंदिर का ढांचा पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा। शेष नक्काशी का काम साल 2025 में पूरा कर लिया जाएगा। साल 2024 में चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पहली चैत्र रामनवमी के दिन भगवान का जन्म उत्सव मनाया जाएगा। राम मंदिर में विराजमान रामलला के ऊपर भगवान राम के जन्म के समय ठीक 12:00 बजे रामनवमी के दिन सूर्य की किरण कुछ देर के लिए रामलला की मूर्ति पर पड़ेगी। इससे जन्म के समय रामलला का दर्शन बहुत ही दिव्य और भव्य होगा। भगवान श्री राम ने सूर्य वंश में जन्म लिया है। उनके जन्म के बाद सूर्य इस धरा धाम पर श्री राम लला का स्वागत करेंगे। खगोल शास्त्र के लोग इसको लेकर काम कर रहे हैं। भगवान श्री राम के जन्म के समय बहुत तेज धूप होती है। इसके साथ ठंडक भी होती है। मंद, शीतल हवाएं सरयू के जल को स्पर्श करते हुए भगवान राम के पास पहुंचती है।

### भगवान के ललाट पर पड़ेंगी सूर्य की किरणें

अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की नई तस्वीरें सामने आई हैं। पहले फ्लोर के निर्माण कार्य की है। मंदिर के बाहर 8 एकड़ में परकोटा बनाया जा रहा है। जिसका आयताकार 800 गुने 800 मीटर का बताया जा रहा है। गर्भगृह के बाहर मंडप की नक्काशी की जा रही है। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने बताया, साल 2024 में मकर संक्रांति के बाद शुभ मुहूर्त पर प्राण प्रतिष्ठा करने के बाद भक्त भगवान का दर्शन कर सकेंगे। पहली चैत्र राम नवमी पर सूर्य की किरण भगवान के ललाट पर पड़ेगी। इसकी व्यवस्था की जा रही है। राम लला के सामने 300 से 400 लोग आकर एक साथ दर्शन कर सकते है। ये मंदिर पूरी तरह से खास है। 500 सालों की प्रतीक्षा के बाद मंदिर का निर्माण हो रहा है। उन्होंने बताया, गाउंड फ्लोर में फर्श, लाइट और बारीकियों का काम होना बाकी है। ज्यादातर काम पूरा कर लिया गया है। भगवान की मूर्ति का काम तय समय से पूरा कर लिया जाएगा।

### राम मंदिर के आकर्षण का प्रमुख केंद्र मंडप

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य कामेश्वर चौपाल ने बताया, ग्राउंड फ्लोर में पांच मंडप है। मंडप राम मंदिर के आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगा। मुख्य मंडप से हमेशा भगवान की पताका फहराएगी। ग्राउंड फ्लोर का ढांचा बनकर तैयार हो चुका है। मंदिर के गर्भगृह की दीवार और छत बन चुकी है। फर्श और बाहर का काम बाकी है। मंदिर के ग्राउंड फ्लोर में 166 खंभों पर मूर्तियों को उकेरने का काम चल रहा है। इसके साथ ही मंदिर के गर्भ गृह में लगे 6 खंभे श्वेत संगमरमर के हैं। जबकि बाहरी खंभे पिंक सैंडस्टोन से बनाए गए हैं।

# अभाविप के 75वें स्थापना दिवस पर संगोष्ठी का किया गया आयोजन

**युवा चेतना सामाजिक परिवर्तन का वाहकः राहुल गौड़**

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर द्वारा अभाविप के 75वें स्थापना दिवस 'राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस' के अवसर पर संगोष्ठी एवं स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्यक्रम डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के श्री राम शोध पीठ के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांत प्रवासी राहुल गौड़ अखिल भारतीय संयोजक, मुख्य वक्ता सुबन्धु महानगर प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अयोध्या महानगर, महानगर उपाध्यक्ष डॉ अंकित मिश्रा, डॉ आलोक सिंह महानगर मंत्री अंशुमान सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सुबन्धु ने विद्यार्थियों को अवगत कराया कि इच्छा शक्ति के बल पर असंभव कार्य को भी संभव बनाया जा सकता है। अभाविप अपने 75वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है जिसमें देश के युवा राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ जुड़कर राष्ट्र का पुनर्निर्माण करेंगे। प्रांत प्रवासी राहुल गौड़ ने कहा कि युवा चेतना सामाजिक परिवर्तन का वाहक है। युवा आयु के आधार पर नहीं कहा जाता बल्कि कुछ कर लेने की ठान लेने वाला, असंभव को भी संभव बनाने के लिए प्रयत्नशील रहने वाला ही युवा है।

समस्या को समाधान व परेशानी को अवसर में बदलने वाला युवा होता है। विद्यार्थी परिषद ने अपने 75 वर्ष की ध्येय यात्रा में युवाओं के ऐसे ही चरित्र को गढ़ने का काम किया है। प्रतिकूल परिस्थितियों में भी विद्यार्थी परिषद ने इसी प्रकार से निरंतर विद्यार्थियों के अंदर उनके व्यक्तित्व विकास के लिए कार्य किया है। विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों को पुस्तक की पढ़ाई से बाहर निकाल कर उन्हें सामाजिक शैक्षणिक संदर्भों की ओर भी ध्यान आकृष्ट कराती है। अभाविप विवेकानंद को अपना आदर्श मानती है यह अभाविप की दूरदर्शिता का सूचक है।

समाज के ऐसे संगठन का सतत विकास स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि अभाविप की इस यात्रा में अनेक आयाम, कार्य, गतिविधियों से प्रत्येक विधा के विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अवसर मिले हैं। रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अभाविप ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास पर जोर दिया है जिससे अच्छे समाज व राष्ट्र का निर्माण हो सके।अभाविप शैक्षिक परिसरों में राष्ट्रभाव को बुलंद करता रहा है। महानगर उपाध्यक्ष डॉ अंकित मिश्रा ने कहा कि 75 वर्षों की यात्रा में विद्यार्थी परिषद ने अनेक उपलब्धियां अपने नाम की है। विद्यार्थी परिषद सत्ता परिवर्तन नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन में विश्वास रखती है। शैक्षिक व सामाजिक संदर्भों में अनुकूल परिस्थिति ही विद्यार्थी परिषद का ध्येय है। राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के पुनीत कार्य में प्रत्येक युवा को आगे आना चाहिए।

# बालू खनन के मामले में दो ट्रैक्टर ट्राली सीज

जन एक्सप्रेस। बहराइच



मोतीपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया है। अवैध बालू खनन की शिकायत पर दो ट्रैक्टर ट्राली की सीज कर दी। अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जिससे खनन माफियाओं में हड़कंप मचा है। अवैध खनन को लेकर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के कड़े आदेश है। जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर खनन माफियाओं पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बड़ी कार्यवाही की है। खनन माफियाओं को चिन्हित किया जा रहा है। थाना प्रभारी मुकेश सिंह व राजस्व विभाग खनन माफियाओं पर एक्शन मूड में आ गए।मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र मे हो रहे अवैध खनन की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक ने राजस टीम के साथ छापेमारी की। ट्रैक्टर ट्राली पर अवैध बालू खनन कर ले जाते समय दो ट्रैक्टर ट्राली पुलिस और राजस्व टीम ने पकड़ लिया। इनके चालक फरार हो गए। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली अपने कब्जे में ले ली और अज्ञात खनन माफियाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

# भाकियू का अनिश्चितकालीन धरना 46वें जारी

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



भारतीय किसान यूनियन द्वारा चलाया जा रहा अनिश्चितकालीन धरने के 46वे दिन पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार तथा राजस्व से संबंधित समस्याओं के संबंध में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह के आश्वासन पर स्थगित कर दिया गया। ज्ञातव्य है कि किसान समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन जनपद इकाई अयोध्या द्वारा 25-5- 2023 से तिकोनिया पार्क में अनिश्चितकालीन धरना चलाया जा रहा था धरने के 42 वे दिन सीओ सिटी के घेराव की घोषणा की गई थी जिसको लेकर पुलिस द्वारा भाकियू कार्यकर्ताओं/पदाधिकारियों के साथ बर्बरता पूर्वक धक्का-मुक्की व गाली गलौज तथा महिला कार्यकर्ताओं के साथ अश्लीलता की गई थी जिसकी उच्चस्तरीय जांच पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र अयोध्या से एक प्रतिनिधिमंडल भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में मिलकर किया। महानिरीक्षक पुलिस महोदय से पुलिस से संबंधित समस्याओं को विस्तृत चर्चा/वार्ता किया और समाधान का आश्वासन दिया भाकियू कार्यकर्ताओं के साथ हुई बर्बरता की जांच पुलिस अधीक्षक नगर से कराने का आदेश दिया तथा तपस्वी छावनी के महंथ, परमहंस द्वारा दिए गए गाली गलौज व अपशब्द की जांच कराकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह धरना स्थल पर पहुंचकर धरनाकारियों/भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों से लंबी वार्ता के बाद कई समस्याओं के संबंध में संबंधित उप जिलाधिकारी को निस्तारण हेतु शक्ति से निर्देश दिया तथा कुछ समस्याओं के संबंध में राजस्व कर्मियों को दिनांक 10-07-2023 को अभिलेखों के साथ अपने कार्यालय में तलब किया है। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहां की उच्च अधिकारियों पर विश्वास करते हुए समाधान का मौका दिया गया है। सितंबर माह में राष्ट्रीय महापंचायत का आयोजन किया जाएगा।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा, प्रदेश सचिव दिनेश दुबे, मध्यांचल प्रदेश सूर्यनाथ वर्मा, जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य,युवा जिला अध्यक्ष भागीरथी वर्मा, देवी प्रसाद वर्मा, रंजीत कोरी, संतोष वर्मा, मोहम्मद अयूब, जितेंद्र कुमार, सलीम उर्फ कट्टू, उर्मिला निषाद, मुनिया बानो, राजकुमार, देवीदीन आदि लोग रहे।

# नगर पालिका ने शुरू किया जल निकासी के लिए नालो का सफाई अभियान



जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर मे तहसील मुख्यालय तुलसीपुर के आदर्श नगर पंचायत द्वारा बरसात से पहले जल निकासी को लेकर रविवार को नगर के सभी छोटे-बड़े पुलिहा व बड़े नालों का विशेष सफाई अभियान चलाया गया। जानकारी के अनुसार 9 जुलाई को आदर्श नगर पालिका द्वारा शुरू किए गए सफाई अभियान का मुख्य उद्देश्य नगर को जल भराव से मुक्त रख। है । नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अदनान फिरोज़ ने बताया कि आदर्श नगर पंचायत का प्रयास है कि अधिक बरसात होने से पहले जल निकासी की समुचित व्यवस्था कर ली जाये जिससे आने वाले समय में अधिक बारिश होने पर भी नगर में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो । विशेष सफाई अभियान में अदनान फिरोज़ के साथ सभासद शकील अहमद, सभासद लाइक अंसारी, नावेद खान, राहिल खान, अंसार अहमद, मुशाहिद अली नगर पंचायत कर्मचारी राकेश कुमार, बुद्धि सागर मिश्रा, रवि, मोही, विक्की व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शौच गए युवक को पानी में खींच ले मगरमच्छ, संघर्ष कर बचाई जान, घायल

जन एक्सप्रेस। बिछिया, बहराइच



कोतवाली मुर्तिहा थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी एक युवक को उस समय मगरमच्छ गहरे पानी में खींच ले गया जब वह तालाब किनारे शौच किया गया था। युवक ने अपनी जान बचाने के लिए मगरमच्छ से काफी देर तक संघर्ष किया। इस संघर्ष में युवक घायल हो गया। लेकिन उसने मगरमच्छ से अपनी जान बचा ली। जानकारी होने पर आननफानन में लोगों युवक को सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराया है।

कोतवाली मुर्तिहा इलाके में कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के धर्मापुर रेंज अंतर्गत सेमरी घटही के सेमरी मलमला गांव निवासी रामनिवास (18 वर्ष) पुत्र संतराम निषाद शनिवार की दोपहर गांव में स्थित तालाब के किनारे शौच के लिए गया था। तालाब में मगरमच्छ भी पल रहा था। तालाब के पानी में हलचल समझ कर मगरमच्छ ने उस पर हमला कर दिया। उसके हाथ को मुंह में भरकर गहरे पानी में खींच ले गया। युवक मगरमच्छ के चंगुल में आने के बाद छटपटा कर बचने की जुगत करने लगा। युवक ने ग्रामीणों से मदद के लिए शोर मचाया। लेकिन आसपास मौजूद लोग पहुंच नहीं पाए। इस बीच कड़े संघर्ष के बाद मगरमच्छ से युवक ने अपने को छुड़ा लिया। लेकिन उसका हाथ मगरमच्छ चबा चुका था। मगरमच्छ और युवक के बीच जान बचाने को लेकर करीब 10 मिनट तक संघर्ष चलता रहा। युवक जैसे ही तालाब से बाहर निकला आसपास के लोग उसे स्थानीय चिकित्सक के यहां ले गए।

# विहिप व बजरंग दल के पदाधिकारियों ने किया मिहिंपुरवा नगर का भ्रमण

जन एक्सप्रेस। बहराइच



जिले के मिहींपुरवा तहसील में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा नगर भ्रमण कर कांवड़ यात्रा मार्ग में आने जाने पर कोई समस्या न आए। इस दृष्टि से विश्व हिंदू परिषद द्वारा नगर भ्रमण किया गया। विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष हेमन्त वर्मा ने बताया कि सावन मास में शिव भक्त कांवड़ यात्रा लेकर आते हैं। मिहीपुरवा नगर में आने वाले सभी शिव भक्तों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। इसलिए अतिक्रमण हटाने के साथ व मांस मछली की दुकानें उस रोड पर न लगे, जिस पर कांवरिया का आवागमन होगा। ऐसे में प्रखंड संयोजक बजरंग दल नीरज मिश्रा ने बताया कि प्रशासन को लिखित ज्ञापन दे दिया गया है। इस मौके पर प्रखंड मंत्री अरविंद मद्धेशिया, नगर अध्यक्ष वासु मद्धेशिया, नगर मंत्री अंकित राठौर, खंड अध्यक्ष उर्रा सुनील मद्धेशिया, खंड संयोजक अगंद, कुलदीप सुनील आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्राचार्य जेपी ने संपर्क से समर्थन अभियान के तहत कई विद्यालयों में किया संपर्क

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर




विधानसभा क्षेत्र तुलसीपुर में एमएलके पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पांडे की अगुवाई में कई विद्यालयों के प्रधानाचार्य व अध्यापकों से मिलकर संपर्क समर्थन अभियान चलाया गया तथा वहां के प्रधानाचार्य व अध्यापकों को बुकलेट भेंट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को बताते हुए 2024 के लिए समर्थन मांगा गया। जानकारी के अनुसार 8 जुलाई को भाजपा नेता प्राचार्य एमएलके पीजी कॉलेज प्रोफेसर जे पी पांडे के नेतृत्व में विधान सभा क्षेत्र तुलसीपुर के अंतर्गत स्थापित कई विद्यालयों एवं कॉलेजों में सम्पर्क से समर्थन कार्यक्रम के तहत मोदी सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के संदर्भ में समर्थन मांगा गया। अभियान के तहत जिन विद्यालयों में संपर्क से समर्थन अभियान चलाया गया उनमें प्रमुख रूप से बसंत लाल इंटर कॉलेज तुलसीपुर, स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज तुलसीपुर, ईसावस्यम इंटर कॉलेज तुलसीपुर तथा दीप नारायण सिंह डिग्री कॉलेज तुलसीपुर शामिल हैं जिनके प्रधानाचार्य व प्राध्यापकों से मुलाक़ात कर उन्हें बुकलेट भेंट किया गया और 9090902024 पर मिस कॉल करा कर समर्थन प्राप्त किया गया। साथ ही संपर्क से समर्थन अभियान के संदर्भ में सार्थक चर्चा की गई। अभियान के तहत बसंत लाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अशोक पांडे, स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राधेश्याम पांडे, इशावस्यम इंटर कॉलेज के प्रबंध निदेशक अक्षत पांडे तथा दीप नारायण डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ पवन कुमार शर्मा सहित अन्य कई प्रधानाचार्य व अध्यापकों से संपर्क कर समर्थन मांगा गया।

**शिविर में 2 दर्जन से अधिक लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान**

# बीसीएम में आयोजित रक्तदान शिविर का प्रधान मुख्य प्रबंधक द्वारा शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के बलरामपुर चीनी मिल में रविवार को लायंस क्लब तथा जिला संयुक्त चिकित्सालय के सौजन्य से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ चीनी मिल के मुख्य प्रधान प्रबंधक निष्काम गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी मिताली गुप्ता द्वारा किया गया। जानकारी के अनुसार 9 जुलाई को बलरामपुर चीनी मिल में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीसीएम के प्रधान मुख्य प्रबंधक निष्काम गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी मिताली गुप्ता ने फीता काटकर किया।

मुख्य अतिथि निष्काम गुप्ता ने स्वयं रक्तदान करके बताया कि चीनी मिल द्वारा अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य की परवाह करते हुए कैंप का आयोजन कराया गया है और भविष्य में भी इस प्रकार का आयोजन होता रहेगा। उन्होंने अपना अनुभव शेयर करते हुए सुझाव दिया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य की परवाह करते हुए रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं होती है, अपितु रक्तदान करके हम अपने साथ-साथ अन्य लोगों का जीवन भी बचा सकते हैं, इसीलिए कहा गया है कि रक्तदान महादान है। उन्होंने यह भी कहा कि एक व्यक्ति रक्तदान करके 4 लोगों का जीवन बचा सकता है । एक स्वस्थ व्यक्ति 3 माह में एक बार रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से हमें जो खुशी मिलती है वह अभिव्यक्त से परे है। मिल के प्रधान प्रबंधक विधि एवं कार्मिक राजीव अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान महादान होता है और रक्तदान करके हम अनेकों लोगों के जीवन को बचाने में सहायक होते हैं।

रक्तदान से बड़ा सेवा का कोई कार्य नहीं हो सकता तथा रक्तदान करने से हमारे शरीर पर भी कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान करने के लिए अपील किया। उन्होंने स्वयं 27 वीं बार रक्तदान करके अपना अनुभव शेयर किया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं होती है। उन्होंने सलाह दी कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए, जिसके लिए हमें समय-समय पर अपना स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य ही करना चाहिए।

इसी उद्देश्य से शिविर का आयोजन भी किया गया है। रक्तदान शिविर में निष्काम गुप्ता, मिताली गुप्ता, राजीव अग्रवाल, दिनेश सिंह चौहान, सचिन वर्मा, संतोष राय, एमके अग्रवाल, बीएन ठाकुर, प्रदुम सिंह, संजय शुक्ला, सुनील चौधरी, प्रदीप सिंह बिष्ट, वैभव त्रिपाठी, रोहित कश्यप, जतिन बंसल, हरीश सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, मनीष कुमार, अनिल कुमार, विनीत सिंह, राघवेंद्र कुमार व आरके सिंह सहित 2 दर्जन से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में संयुक्त जिला चिकित्सालय की ओर से डॉक्टर फरहाना, सीपी श्रीवास्तव, अशोक पांडे, हिमांशु तिवारी, अभिषेक सिंह, अमरीश, विकास एवं सोनम तिवारी तथा लायंस क्लब की ओर से लायन अशोक गुप्ता, लायन प्रदुम सिंह, लायन आलोक अग्रवाल, मनीष तुलस्यान, अरुण गुप्ता, प्रीतपाल सिंह व विनोद अग्रवाल मौजूद थे। चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक राजीव अग्रवाल, प्रधान प्रबंधक यांत्रिकी योगेंद्र सिंह बिष्ट, प्रधान प्रबंधक गन्ना श्याम सिंह, प्रधान प्रबंधक पावर केमिकल एमके अग्रवाल, अपर प्रधान प्रबंधक वाणिज्य बीएन ठाकुर, अपर प्रधान प्रबंधक उत्पादन एसडी पांडे, उप प्रधान प्रबंधक आईटी डीएस चौहान, मुख्य प्रबंधक टी एण्ड एस हरदयाल सिंह, श्रम कल्याण अधिकारी एसपी सिंह, सीनियर मेडिकल ऑफीसर पंकज व कंपाउंडर रामराज सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष व उनके प्रतिनिधि ने आवास पर लगाया जनता दरबार

**सुनी लोगों की समस्याएं किया निस्तारण**

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह व उनके प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित लगातार डेढ़ वर्षो से जनता की समस्याओं के निस्तारण हेतु अपने निज निवास सरायराशी पर प्रत्येक रविवार को जनता दरबार लगाते चले आ रहे हैं। रविवार को पूर्व की भांति जनता दरबार लगा इस जनता दरबार में ब्लाक से एडीओ समाज कल्याण, चौकी इंचार्ज पूरा बाजार रामप्रकाश मिश्र, शिक्षा विभाग से प्रदीप कुमार व अन्य विभाग के कर्मचारी जनता दरबार में उपस्थित रहे। जुलाई माह के दूसरे रविवार को लगे जनता दरबार में सैकड़ों फरियादी जिला पंचायत अध्यक्ष के यहां आकर अपनी समस्याओं को बताया। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह एवं उनके प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने जनता की समस्याओं से रूबरू होकर उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से उनकी समस्या का निस्तारण कराने का प्रयास किया। जिन विभागों के अधिकारी वा कर्मचारी उपस्थित नहीं हो पाए थे उनसे फोन पर वार्ता करके जनता की समस्याओं को सुनकर उनको निर्देशित कर शीघ्र समस्या निस्तारण के लिए निर्देशित किया। जनता दरबार में लगभग 200 फरियादियों के समस्याओं को सुनकर तत्काल निस्तारण हेतु प्रयास किया। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह के प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने मुलाकात में बताया कि प्रत्येक रविवार को तो जनता दरबार रहता ही है परंतु महीने में एक बार बृहद तरीके से जनता दरबार का आयोजन होता है जिसमें जिले के सभी जिम्मेदार संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहें, यह मेरा प्रयास रहता है।

# अमेरिका के धनंजय समेत पांच को कैलाश गौतम सम्मान

## न्यूजीलैंड की डॉ. सुनीता समेत सात को सुभद्रा कुमारी चौहान सम्मान

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**

अमेरिका के धनंजय कुमार समेत पांच साहित्यकारों को इस वर्ष का 'कैलाश गौतम सम्मान' प्रदान किया जाएगा। 'सुभद्रा कुमार चौहान सम्मान' न्यूजीलैंड की डॉ. सुनीता शर्मा समेत सात कवयित्रियों को मिलने जा रहा है। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में उर्दू की विभागाध्यक्ष डॉ. शबनम हमीद को इस वर्ष का 'अकबर इलाहाबादी सम्मान' प्रदान किया जाएगा।

यह घोषणा रविवार को छोटा बगहारा में हुई गुफ्तगू कार्यकारिणी की बैठक में की गई। गुफ्तगू के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद गाजी ने बताया कि इस वर्ष धनंजय कुमार (अमेरिका), प्रमोद दुबे (जबलपुर), डॉ. ओम प्रकाश कादयान (हिसार, हरियाणा), अनिल मानव (कौशांबी) और केदारनाथ सविता (मिर्ज़ापुर) को कैलाश गौतम सम्मान दिया जाएगा।



सुभद्रा कुमारी चौहान सम्मान डॉ. सुनीता शर्मा (न्यूजीलैंड), ऋतिका रश्मि (उड़ीसा), अर्चना त्यागी (जोधपुर), सुशीला साहू (रायगढ़), डॉ. शबाना रफ़ीक़ (बांदा), डॉ. अमिता दुबे (लखनऊ) और शिल्पी भटनागर (हैदराबाद) को दिया जाएगा। डॉ.राहत इंदौरी सम्मान डॉ. हरिप्रकाश श्रीवास्तव (लखनऊ), खुरशीद खैराड़ी (जोधपुर) और डॉ. आनंद प्रकाश शाक्य (मैनपुरी) को दिया जाएगा।

इसी प्रकार डॉ. सुधाकर पांडेय सम्मान आशा झा (दुर्ग, छत्तीसगढ़), सीमा राय (लखनऊ), अनंतदेव पांडेय (ग़ाज़ीपुर), शेषनाथ राय (ग़ाज़ीपुर) और सुहैल खान (दिलदानगर) को मिलेगा। इसी प्रकार पत्रकारों को दिया जाने वाला कुलदीप नैयर सम्मान लईक़ रिज़वी (आलमी सहारा, नोएडा), पीएन द्विवेदी (हिंदुस्थान समाचार सेवा, लखनऊ), छत्रपति शिवाजी (सहारा समय, प्रयागराज), सुनील कुमार शुक्ल (वरिष्ठ पत्रकार) और लक्ष्मीकांत पांडेय (वरिष्ठ पत्रकार, प्रतापगढ़) को मिलेगा। सीमा अपराजिता सम्मान डॉ. पल्लवी कौशिक (देवधर, झारखंड), डॉ. अनुराधा प्रियदर्शिनी (बहराइच), खुश्बू गौतम (लखनऊ) और नाज़ ख़ान (प्रयागराज) को देने की घोषणा की गई है। इसी के साथ गुफ़्तगू की तरफ से इस वर्ष से पांच लोगों को खेल के क्षेत्र में सम्मान देने की घोषणा की गई है। इस वर्ष असद कासिम (क्रिकेट), सुजीत कुमार (हाकी), मोहम्मद रुस्तम खान (एथलेटिक्स), अभिषेक मालवीय (बॉक्सिंग) और पवन कुमार शर्मा (टेबिल टेनिस) को मिल्खा सिंह सम्मान प्रदान किया जाएगा।

बैठक में भारत भूषण वार्ष्णेय, प्रभाशंकर शर्मा, रंजीत कुमार, संजय सक्सेना, राज जौनपुरी, दयाशंकर प्रसाद, अशोक श्रीवास्तव 'कुमुद', राम नारायण श्रीवास्तव, शैलेंद्र जय, नीना मोहन श्रीवास्तव, अर्चना जायसवाल 'सरताज', शिवजी यादव, डॉ. वीरेंद्र कुमार तिवारी और रेशादुल इस्लाम आदि मौजूद रहे।

# रंगकर्म के धुरंधरों से रूबरू हुए नवोदित रंगकर्मी



**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**

'एक सकारात्मक अभिव्यक्ति' की रंग कार्यशाला में ललित कला के तीन धुरंधरों को एकसाथ पाकर रंगकर्म से जुड़े छात्र उत्साहित दिखे। आज की रंग कार्यशाला के आरम्भिक सत्र में संयोजक शैलेश श्रीवास्तव ने देश के वरिष्ठ कलाचिंतक, कवि, चित्रकार अजामिल व्यास का नव रंगकर्म छात्रों से परिचय कराया गया। इसके बाद देश के वरिष्ठ अकादमी चित्रकार,कवि रवीन्द्र कुशवाहा और प्रतिष्ठित युवा कथक नृत्यांगना सुश्री हिमानी रावत से रूबरू कराया गया।

शास्त्रीय नृत्यांगना हिमानी रावत ने नयन मुद्राओं, हस्तमुद्राओं तथा आंगिक संचालन के विभिन्न आयामों की विस्तृत व्याख्या करते हुए रंगकर्म में उनकी उपयोगिता को उदाहरण देकर समझाया। लब्धप्रतिष्ठित चित्रकार रवीन्द्र कुशवाहा ने रंगकर्म में रंगों की विभिन्न उपयोगिता की बारीकियों के बारे में विस्तार से समझाया। श्री कुशवाहा ने रंगकर्म में प्रकाश डिज़ायन, सेट डिज़ायन तथा रंग परिधान में रंगों के आवश्यक उपयोग के महत्व भी बताए। रानी रेवती देवी इंटर कॉलेज में आज की रंगकार्यशाला का सबसे रोमांचक व अभिनव लम्हा वो था जब श्री कुशवाहा ने आकस्मिक रंगसंवाद के एक दृश्य के विभिन्न रस और भाव को कैनवास पर अपने रंग- ओ-ब्रश से तत्काल उकेर दिया।आज की कार्यशाला के रंग, रस और भाव को आत्मसात करते हुए अपना आशीर्वचन दिया। रंग चिंतक, सचेतक अजामिल व्यास ने संबोधन में कहा कि बिना रंग तत्व के मूल अवयवों से परिचित हुए रंगकर्म विलासिता हो सकती है पर साधना नहीं। स्त्रियां लय हैं और पुरुष उसकी ताल और जब लय और ताल का संतुलित प्रदर्शन रंगमंच पर अभिनीत होता है तो रंगकर्म साधना बन जाता है और फिर इसी साधना प्रदर्शन का दर्शक स्तुतिगान करता है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### 40 लीटर शराब सहित पुलिस ने युवक को पकड़ा भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस/बीसलपुर/दियोरिया।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के दौरान एक मुखबिर की निशानदेही पर पुलिस ने छापा मारकर शराब की विक्री करने जा रहे एक युवक को चालीस लीटर शराब सहित धर दवोचा हैं। पकडे गये युवक को पुलिस ने जेल भेज दिया है। गौरतलब हो कि शासन के निर्देशो को लेकर पुलिस अधीक्षक भी काफी सक्रिय हो गये है उसी सक्रियता को लेकर पुलिस अधीक्षक ने अपने अधीनस्थ थानेदारो को अपने अपने थाना छेत्रो मे गुन्डा भू-माफिया शराब माफिया व संदिग्ध युवको की तलाशी अपराधो पर लगाम लगाने के लिए पुलिस को सख्त फरमान जारी कर दिये है। उक्त निर्देशो के अनुपालन मे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जवाहरलाल वर्मा ने समस्त हल्का इन्चार्जो व पुलिस कर्मियो के पेच कसे जिसके अनुपालन मे कान्स्टेबिल विपिन कुमार व मनोज कुमार ने सक्रियता दिखाते हुये एक मुखबिर की निशानदेही पर जमुनिया महुआ निवासी प्रदीप कुमार को शराब विक्री करने जा रहे ग्राम के बाहर जंगल के समीप चालीस लीटर शराब सहित धर दबोचा पकडा गया। युवक काफी समय पूर्व से शराब विक्री का धन्धा कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था।प्रभारी निरीक्षक ने बताया है कि अवैध शराब की बिक्री व अपराधो मे लिप्त किसी युवक के साथ समझौता नही किया जाएगा

### जीपीएफ बैलेंस अपलोड कराने को लेकर गरजे शिक्षक

**जन एक्सप्रेस/पीलीभीत।** जनपद की तहसील बीसलपुर क्षेत्र में रविवार को उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आव्हान पर बीआरसी सभागार में शिक्षकों की हुई बैठक में जीपीएफ बैलेंस अपलोड किए जाने सहित शिक्षकों की कई समस्याएं उठाई गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष मुकेश अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि महानदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा विगत 3 फरवरी 2023 को बेसिक कर्मचारियों का जीपीएफ बैलेंस अपलोड किए जाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं जिसके अनुपालन में पीलीभीत जनपद के सभी बेसिक शिक्षकों व कर्मचारियों जीपीएफ बैलेंस अपलोड किए जाने की कार्यवाही शीघ्र पूरी की जाए। स्थानांतरित होकर आए कर्मचारियों की जानकारी मगा कर उनका जीपीएफ बैलेंस अपलोड हो। बैठक में संरक्षक रघुवंश तिवारी,भद्र पाल गंगवार ,वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विभु कुमार मिश्रा, महामंत्री मुईन अहमद, जितेंद्र कुमार वेद प्रकाश सहित संगठन सहित शिक्षक मौजूद रहे।

### मैजिक के चपेट में आने से बाइक सवार दो कांवरिया घायल

**जन एक्सप्रेस/वाराणसी।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के लालपुर चट्टी के निकट ओवरब्रिज के समीप रविवार की लगभग 11 बजे पूर्वाह्न श्री बाबा विश्वनाथ को जल चढ़ाकर वापस घर लौट रहे बाइक सवार प्रयागराज जिले के ग्राम सिकंदरा थाना उपरौरा आदमपुर निवासी अभिषेक साहू उम्र (23) वर्ष व नवीन सिंह यादव उम्र (24) वर्ष कांवरिया मैजिक के धक्के से घायल हो गए।पीछे से आए अन्य दो कांवरिया साथियों ने इसकी सूचना मिर्जामुराद पुलिस को दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायल कांवरियो को कछवांरोड चित्रसेनपुर स्थित अंकित हॉस्पिटल में इलाज हेतु भर्ती करवाया।वही घटना के बाद मौके चालक मैजिक वाहन समेत भाग निकला।

### चोरों ने दो घरों से हजारों के गहने उड़ाए

**जन एक्सप्रेस/वाराणसी मिर्जामुराद।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बड़ी खजुरी गांव में शनिवार की देर रात चोरों ने दो घरों से हजारों के गहने चूरे ले गए।
बड़ी खजुरी निवासी महेश सिंह के मकान में घुसे चोरों ने एक कमरे में रखे अटैची को तोड़कर उसमें रखे एक सोने का चेन, दो जोड़ी पायल, एक करधनी समेत अन्य सामान चुरा ले गए।भुक्तभोगी महेश सिंह ने भोर में चोरी की सूचना 112 नंबर पुलिस को दिया।वही थोड़ी दूर पर चारदीवारी फांद कर रिटायर फौजी मनोज कुमार शर्मा उर्फ मुन्ना के मकान में घुसे चोरों ने आलमारी में रखे पायल, पैजनी, करधनी समेत कुछ अन्य सामान चुरा ले गए।वही चोर पास के मकान में भी चोरी का प्रयास किये लेकिन सफल नही हो पाए।चोर जाते-जाते महेश सिंह के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर के भाग निकले थे।लघुशंका के लिये उठे तो देखे की दरवाजा बाहर से बंद है परिवार के अन्य सदस्य छत पर कमरे में सो रहे थे।चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंच पुलिस जांच पड़ताल कर चोरों के तलाश में जुट गई।वही भुक्तभोगी ने मिर्जामुराद थाने पहुंच अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दिया।

### डीएम ने शूलटंकेश्वर महादेव मंदिर का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/आराजी लाइन।** जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने रविवार को रोहनिया थाना क्षेत्र स्थित अखरी चौकी अंतर्गत शूलटंकेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दर्शन पूजन करने के बाद मंदिर के पुजारी राजेन्द्र गिरी से सावन का पहला सोमवार को दर्शनार्थियों के सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी ली और गंगा घाट का सीडीओ के साथ निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की दिक्कत न होने के लिए आवश्यक निर्देश दिये।

# यमुनानगर में जल्द खुलेगा समाजवादी मतदाता सेंटर

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**

मतदाता सूची को लेकर समाजवादी पार्टी यमुनानगर कमेटी की मेजा में बैठक हुई। समाजवादी पार्टी मतदाता पुनरीक्षण प्रभारी राकेश यादव ने जोनल और सेक्टर प्रभारियों के साथ बैठक कर मतदाता सूची में वोटर बढ़ाने का तरीका बताया। राकेश यादव ने सुझाव दिया कि ऑनलाइन और ऑफ़लाइन दोनों तरीके से आवेदन कर अपने वोटर बढ़ा सकते हैं। यह भी बताया कि जल्द ही यमुनानगर के हर विधानसभा में वोटर बढ़ाने के लिए समाजवादी मतदाता सेंटर बनाया जायेगा, ताकि अपने वोटर बढ़ाने के लिए असानी हो।समाजवादी पार्टी यमुनानगर के जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने कहा कि 2024 में लोकसभा सीट जीतने के लिए वोटर बढ़ाने पर खास ध्यान देना है और कार्यकर्ताओं को उनके विधानसभा में हर वो सुविधा मुहैया करायी जायेगी जिसकी उन्हें जरूरत होगी। विधायक संदीप पटेल ने कहा की यमुनानगर में समाजवादी पार्टी बहुत मजबूत स्थिति में आ चुकी है। 2024 में लोकसभा सीट समाजवादी पार्टी के खाते में जाने से कोई नहीं रोक सकता। यमुनानगर मीडिया प्रभारी सूर्यदीप यादव सूरज ने बताया कि जल्द ही यमुनानगर के चारों विधानसभा में समाजवादी मतदाता सेंटर के लिए स्थान चिन्हित किया जाएगा। इस दौरान महासचिव जगदीश यादव , जयशंकर भारतीय, राम निरंजन विश्वकर्मा, कृपाशंकर बिन्द , महेंद्र सरोज, नीतेश तिवारी, विजय राज आदि लोग उपस्थित रहे ।

# नवाबगंज पुलिस ने पास्को एक्ट में वांछित को गिरफ्तार किया

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**



नवाबगंज पुलिस ने पास्को एक्ट में वांक्षित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया। नवाबगंज के प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर हरिश्चंद्र उर्फ सुगी निवासी भोजई का पूरा, आदमपुर, थाना नवाबगंज को चौराहे पर स्थित पेट्रोल पंप के पास से पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। हरिश्चंद्र काफी समय से वांक्षित चल रहा था। पुलिस की तलाश कर रही थी। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह, हेड कांस्टेबल विजय कुमार यादव, कांस्टेबल प्रदीप कुमार, कांस्टेबल मंजीत कुमार शामिल रहे।

# कार्यकर्ताओं के सम्मान को रखा जाए बरकरार: संजय सिंह गंगवार



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

प्रदेश के गन्ना विकास एव चीनी उद्योग राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने रविवार को जनता दर्शन के दौरान जन समस्या सुनी और उनका निस्तारण करने से निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनता दर्शन में कुछ कार्यकर्ताओं ने पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों द्वारा जन समस्याएं नहीं सुने जाने की शिकायत की इस पर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने साफतौर पर कहा की कार्यकर्ताओं के समान से किसी भी तरह समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होनें कार्यकर्ताओं को सम्मान ना देने और उनकी समस्याएं नहीं सुनने वाले अफसरों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के सम्मान को बरकरार रखा जाए और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर निस्तारण किया जाए। राज्यमंत्री श्री गंगवार में इस मौके पर जनता दर्शन में आए कई फरियादियों की समस्याएं सुनी और उनका निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा जी समस्याओं का निस्तारण समय अवधि के अनुसार होना चाहिए ताकि जन सामान्य को तत्काल उसका लाभ मिल सके। कुछ कार्यकर्ताओं ने थाना थाना पुलिस की शिकायतें करते हुए कहा कि कुछ पुलिस कर्मी जन आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य ना कर जनता को प्रताड़ित कर रहे हैं, जिससे शासन-प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है। इस पर राज्यमंत्री श्री गंगवार में संबंधित अधिकारियों को फोन करके ऐसे पुलिस कर्मियों के खिलाफ तत्काल जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में अधिकांश शिकायतें पुलिस राजस्व एवं चिकित्सा विभाग से संबंधित दिन का निस्तारण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया।

# तालाब में डुबो-डुबो कर बीमार पत्नी की ले ली जान, शराबी पति गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज यमुनानगर**

करमा से कौंधियारा रोड पर बरौली ग्राम सभा है। जहां स्थित मजार पर बीमार पत्नी को झाड़-फूंक कराने पहुंचे शराबी पति ने जरा सी कहासुनी पर पास के तालाब में डूबो डूबो कर पत्नी की जान ले ली।

यमुनापार में करछना के करेहा गांव की रहने वाली तराना (30) पुत्री यूनुस अपने ससुराल नारीबारी थाना शंकरगढ़ में पति शेबू के साथ रहती थी। इधर कुछ महीनों से पति के साथ तराना अपने मायके में रह रही थी। उसके पांच बच्चों में सबसे बड़ी लड़की और चार लड़के हैं। तराना कुछ दिनों से बीमार थी। शनिवार को झाड़-फूंक कराने उसका पति शेबू उसे करमा से कौंधियारा रोड पर बरौली ग्राम सभा में स्थित मजा पर लाया था। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो शेबू ने शराब पी रखी थी और किसी बात पर पत्नी से कहा-सुनी हो गई। मजार के पास ही तालाब था, शेबू ने तराना को लेकर तालाब में छलांग लगा दी और उसे डूबो डूबो कर मार दिया। वहां मौजूद लोगों ने आनन फानन में घूरपुर पुलिस को सूचित किया। थाना अध्यक्ष घूरपुर अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे और पति शेबू को दबोच लिया। तराना को तत्काल सीएचसी जसरा ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने तराना को मृत घोषित कर दिया। घूरपुर पुलिस ने उसके शव को पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पति शेबू हिरासत में है।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

**जन एक्सप्रेस। बड़ागांव/वाराणसी**

स्थानीय थाना क्षेत्र के बड़ागांव कपसेठी बाईपास मार्ग पर बलुआ गांव के पास रविवार को सुबह लगभग 9 बजे घटित सड़क दुर्घटना में 19 वर्षीय बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सुचना पर पहुंची पुलिस और परिजन उसे हास्पीटल ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है। वहीं मृतक के पिता ने अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार कपसेठी थानाक्षेत्र के इसरवार गांव निवासी किशन सिंह बाबतपुर स्थित एक कपड़े की दुकान पर काम करता था। नित्य की भांति वह दुकान जाने के लिये अपनी बाइक से निकला था की तीव्र गति से आ रही जेसीबी की चपेट में आ गया जिससे उसे गंभीर चोटें लगी और बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी।

वहीं घटना के बाद चालाक जेसीबी को लबे रोड छोड़कर फरार हो गया जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया। मृतक दो शादी शुदा बड़ी बहनों का इकलौता भाई था तथा उसके पिता अनिल सिंह खेती-बाड़ी करते हैं। वहीं इकलौते पुत्र के मौत की खबर सुनते ही घर वालों का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

# पुरानी स्टेट बैंक तिराहे पर फहराएगा सौ फीट ऊंचा तिरंगा

## सालों से बीच सड़क पर रखे ट्रांसफर हटाने का काम शुरू

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

पुरानी स्टेट बैंक तिराहे पर बीच सड़क पर रखे ट्रांसफार्मर हटाकर उसके स्थान पर सौ फीट ऊंचा तिरंगा झंडा लगाया जाएगा। इसके साथ ही सुंदरता बढ़ाने के लिए बाघों की दो मूर्तियां भी लगेगी। ट्रांसफर हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। 15 अगस्त को समारोह पूर्वक तिरंगा फहराया जाएगा।



नए चेयरमैन नित नए निजाम पेश कर रहे हैं। पहले कस्बे की टूटी सड़कों की मरम्मत कराकर दुश्वारियां कम की। सड़क पर अनावश्यक रूप से लगे बिजली पोल भी हटाए गए जिससे आवागमन की व्यवस्था बेहतर हो गई। चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता लोगों से बातचीत कर कस्बे की समस्याओं के निराकरण में लगे हुए हैं। नगर के पुरानी स्टेट बैंक तिराहे पर पिछले कई सालों से भारी भरकम दो ट्रांसफार्मर बिजली सप्लाई के लिए रखे गए थे। बीच सड़क पर रखें यह ट्रांसफार्मर आवागमन में बाधा बने हुए थे। चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता ने दोनों ट्रांसफार्मरों को हटाने का काम शुरू करा दिया है। अब यह ट्रांसफार्मर बीच सड़क से हटाकर सड़क किनारे रखे जाएंगे। इसके लिए चबूतरा बनाया जा रहा है। ट्रांसफार्मर हटाने के बाद खाली हुई जगह पर लगभग 100 फीट ऊंचा तिरंगा झंडा लगाया जाएगा। इसके साथ ही सुंदरता बढ़ाने के लिए जिले की पहचान बन चुके बाघ की दो प्रतिमाएं भी लगेंगी। तिराहे पर लगाया जाने वाला तिरंगा पूरे कस्बे से दिखाई देगा। चेयरमैन ने बताया 15 अगस्त को चौराहे पर समारोह पूर्वक तिरंगा फहराया जाएगा। इसके अलावा खुले स्थानों और डिवाइडर पर रखे ट्रांसफार्मर भी हटवाए जाएंगे। चेयरमैन ने बताया कि नगर को साफ सुथरा और सुंदर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने कवि सम्मेलन में आयोजित किया मनोनयन विस्तार कार्यक्रम

## कार्यक्रम में पीलीभीत की नवगठित जिला कार्यकारिणी हुई घोषणा

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

अखिल भारतीय साहित्य परिषद पीलीभीत इकाई ने अपने मनोनयन विस्तार कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमे पर्यावरण संरक्षण थीम के साथ एक वृहद कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया।




अखिल भारतीय साहित्य परिषद जो कि देश मे साहित्य साधना और साहित्य सेवा का एक विशाल मंच है, जिसने देश भर की 28 भाषाओं के कवियों साहित्यकारों का समावेश है, अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिसमें देश भर की 28 भाषाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। अखिल भारतीय साहित्य परिषद जैसे इस वट वृक्ष की पीलीभीत शाखा ने साहित्य साधना मे रत्त साधकों के साथ एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया इस मनोरम आयोजन की व्यवस्था तथा संयोजन अखिल भारतीय साहित्य परिषद पीलीभीत के जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय गौहर और जिला महामंत्री उमेश त्रिगुणायत ने किया, कार्यक्रम और कवि सम्मेलन का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार डा0 अमिताभ अग्निहोत्री ने किया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष साहित्य भूषण सुरेश बाबू मिश्र मुख्य अतिथि रहें तथा विशिष्ट अतिथि के रुप मे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संरक्षक प्रभात जायसवाल, अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष अशोक वाजपेई, सी0 पी0 शर्मा, प्रबंधक जिला सहकारी बैंक सकरिया नरेश द्विवेदी, बरेली उपाध्यक्ष उमेश गुप्ता मंचासीन रहे।

मनोनयन विस्तार कार्यक्रम मे जिला कार्यकारिणी का नव गठन करते हुए नव मनोनीत पदाधिकारियों की घोषणा की गई जिसमें संजय पाण्डेय गौहर को पुनः जिलाध्यक्ष, उमेश त्रिगुणायत को जिला महामंत्री, नवाब शैदा, डा0 दिवाकर सिंह, पुष्पेन्द्र शुक्ला को उपाध्यक्ष, नितिन सक्सेना को जिला कोषाध्यक्ष, सिधार्थ मिश्र को संगठन मंत्री, अमित अल्प को जिला मीडिया प्रभारी , रनवीर पाठक, मोहित सक्सेना, अखिलेश सक्सेना को सचिव, डा0 अमिताभ अग्निहोत्री, अशोक वाजपेयी, प्रभात जायसवाल को संरक्षक तथा योगेंद्र गोस्वामी, अमित श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, विकास श्रीवास्तव, विपिन मिश्रा, शिवनारायण शर्मा, उस्मान खां रजी, शकील अंजुम दिवाकर वर्मा, रतननाथ मिश्रा व शैली शर्मा को जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। मनोनयन विस्तार के उपरान्त रंग बिरंगे सुर साज़ धारित कवियों रचनाकारों शायरों ने अपनी मधुर सुगंधित गीत ग़ज़लों कविताओं शेर शायरी और काव्य से कार्यक्रम को रसयुक्त कर दिया । कार्यक्रम मे उस्मान रजी शकील अंजुम नवाबशैदा अमित श्रीवास्तव डॉ देवेंद्र गोस्वामी योगेंद्र गोस्वामी पुष्पेंद्र शुक्ला सिद्धार्थ मिश्रा संजय पांडे गौहर नितिन सक्सेना अमित अल्प निलेश प्रजापति उमेश त्रिगुणायत नरेंद्र द्विवेदी ने महफ़िल मे अपनी रचनाओं से चार चांद लगाने का काम किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश बाबू मिश्र ने सभी को इस सफल कार्यक्रम की शुभकामनाएं दी, साथ ही उन्होंने कहा कि देश को आताताईयों के चंगुल से छुड़ाने उनसे देश को आजाद कराने में देश के 634767 नौजवानो स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, 100000 स्वराज आंदोलनकारियों का खून पसीना शामिल रहा मगर आज इन लाखों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों स्वराज आनंद आंदोलनकारियों में से महज़ चंद लोगों की शहादत को ही याद किया जाता है, प्रांतीय अध्यक्ष ने अवगत कराया कि अखिल भारतीय साहित्य परिषद 15 जुलाई से 25 अगस्त तक कांती तीर्थ अभियान नाम से एक वृहद कार्यक्रम अयोजित करने जा रहा है, जिसमें ऐसे स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारियों का सम्मान किया जाएगा जिनको ततसमय समाज ने इतिहास में अपेक्षित सम्मान नहीं दिया जिस प्रकार उन्हें याद किया जाना था उन्हें याद नहीं किया ऐसे क्रांतिकारियों स्वतंत्रता सेनानियों उनके परिवारों को इस कार्यक्रम मे सम्मानित किया जाएगा।जिसका शुभारंभ 15 जुलाई को शाहजहांपुर के तिलहर से होगा और समापन 25 अगस्त को बरेली में होगा।

### व्यापारियों ने कोतवाल से मुलाकात कर नगर में सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग की



**जन एक्सप्रेस/बीसलपुर।** जनपद की तहसील बीसलपुर नगर के व्यापारी कोतवाली पहुंचे और उन्होंने कोतवाल से मुलाकात कर नगर में सुरक्षा बढ़ाए जाने नगर में ई-रिक्शा की वजह से स्टेशन रोड पर आए दिन लग रही जाम के बारे में वार्ता की तथा ई-रिक्शा का रूट निर्धारित किए जाने की मांग की। जनपद की तहसील बीसलपुर क्षेत्र के बारापत्थर से स्टेशन को जाने वाले मार्ग पर आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। क्योंकि ई रिक्शा चालक इकट्ठा होकर ई-रिक्शा को लेकर चलते हैं और सवारियां भरने के चक्कर में चाहे जहां पर रोक देते हैं। जिससे जाम लग जाता है जिसको देखते हुए व्यापार फैस किलव के अध्यक्ष प्रमोद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारी कोतवाली पहुंचे जहां पर कोतवाल अशोक पाल से मुलाकात कर उन्हें नगर की स्थिति से रूबरू कराया और नगर में सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग की । इस मौके पर कोतवाल ने व्यापारियों से वार्ता करते हुए कहा जल्द ही समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा व्यापारी भाई अपनी दुकानों के सामने सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को देखें तो पुलिस को तत्काल सूचना दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके इस मौके पर उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ शुक्ला, अकरम अंसारी, अशोक दीक्षित,रामपाल गुप्ता, शिवेंद्र नाथ शुक्ला, पवन अग्रवाल सहित कई व्यापारी मौजूद रहें।

# सावन पर विशेष: सावन माह में मोहान स्थित जलेश्वर नाथ में लगता है शिव भक्तों का तांता

## पौराणिक मान्यातों के अनुसार भगवान राम के भाई लक्ष्मण ने यहां की थी शिवलिंग की स्थापना


जलेश्वर नाथ का मंदिर।


मंदिर में स्थापित बालू का शिवलिंग।

जन एक्सप्रेस । दीप कृष्ण शुक्ला

**हसनगंज, उन्नाव।** सावन का माह भूतभावन भगवान महादेव की उपासना का माह माना जाता है। इस माह में शिव मंदिरों में बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ती है। ऐसे में पौराणिक महत्व वाले मंदिरों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। तहसील क्षेत्र के मोहान कस्बा में सई नदी तट पर स्थित जलेश्वर नाथ ऐसे ही पौराणिम महत्व वाले मंदिरों में शुमार है। मान्यता है कि सीता माता को वन छोड़ने आए मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के अनुज लक्ष्मण ने बालू से यहां पर शिवलिंग बना कर पूजा अर्चना की थी। यही वजह है कि सावन का माह हो या फिर शिवरात्रि भगवान भोले नाथ की उपासन के हर पर्व पर यहां दूर दूर से शिव भक्त लक्ष्मण द्वारा स्थापित शिवलिंग की पूजा अर्चना कर पुण्य लाभ लेते हैं।

जनश्रुतियों और मान्यताओं के अनुसार भगवान राम के आदेश उनके अनुज लक्ष्मण माता सीता को बाल्मीकि आश्रम छोड़ने आए। उन्हें आश्रम में छोड़कर वापस अयोध्या लौटते समय उन्होंने क्षेत्र में सई नदी के तट पर रात्रि विश्राम किया। सुबह उठने पर भी उनसे माता सीता का मोह नहीं छूट रहा था। जिस पर उन्होंने वहीं नदी तट पर बालू से शिवलिंग बनाकर उसकी पूजा अर्चना की।

बाल्मीकि रामायण में इसका उल्लेख मिलता है। जिसमें एक चौपाई है कि ''सई उतरी मोमती नहाए, चौथे दिवस अवधपुर आए।'' मंदिर के पुजारी शंकर लाल दास बाबा बताते हैं कि लक्ष्मण जी ने जब सई नदी के तट पर बालू का शिवलिंग बनाकर उसकी पूजा अर्चना की तब उसने माता सीता का मोह छूटा। इसीलिए इस कस्बे का नाम मोहान पड़ा। इसी मान्यता के चलते जिले के सुदूर इलाकों से ही नहीं बल्कि अन्य जनपदों से शिव भक्त अपने आराध्य का जलाभिषेक और पूजन अर्चन के लिए यहां खिंचे चले आते है।

### क्या बोले कस्बावासी



भगवान श्रीराम के भाई शेषावतार ह्यलक्ष्मण से माता सीता के मोह की हानि होने के कारण कस्बे का नाम मोहान पड़ा। कस्बा चारों तरफ शिव मंदिरों से घिरा है। जलेश्वर नाथ बाबा के अलावा यहां पर हरिहर नाथ बाबा, मोहनदास बाबा, बिहारी दास बाबा के नाम से भी शिव मंदिर हैं।

*- राम धीरज यादव, कस्बा निवासी*



भगवान राम की आज्ञा पर माता सीता को बिठूर स्थित बाल्मीकि आश्रम छोड़कर जब लक्ष्मण जी ने यहां पर भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन कर माता का मोह छोड़ा था। इसी के चलते इस स्थान का नाम मोहान पड़ा।

*- गुड्डू निगम, पूर्व अध्यक्ष मंदिर समिति*



लक्ष्मण जी द्वारा यहां बालू का शिवलिंग बनाकर उसकी पूजा अर्चना के बाद उन्होंने माता सीता का मोह त्यागा। इसी के चलते कालांतर में कस्बे का नाम मोहान पड़ा।

*- सोनू सिंह, निवासी नगर पंचायत मोहान*

## पूर्व बीडीसी के हत्यारे दंपति व उनका बेटा पुलिस के हत्थे चढ़े

### आला ए कत्ल फावड़ा भी पुलिस ने किया बरामद, मेड़ के विवाद में बीते शुक्रवार की सुबह हुई थी हत्या

जन एक्सप्रेस। उन्नाव


सफीपुर कोतवाली में पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी।

मेड़ के विवाद में बीते शुक्रवार की सुबह हुई पूर्व बीडीसी की हत्या के मामले में पुलिस ने तेजी दिखाते एक महिला समेत तीन आरोपियों को सफीपुर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से आला ए कत्ल फावड़ा भी बरामद कर लिया है। अन्य आरोपियों की भी शीघ्र गिरफ्तारी की बात पुलिस ने कही है। बता दें कि सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के इब्राहिमाबाद के मजरे कोडरा निवासी राम खेलावन (50) पुत्र छोटेलाल पासी बीते शुक्रवार को अपनी पत्नी माया देवी अपने खेत पर मेड़ सही करने गया था। इसी दौरान पड़ोसी खेत स्वामी नन्हू पुत्र गोविंद, उसकी पत्नी और बेटे रामखेलावन, संतोष, रामनरायन व बिरजू निवासीगण मनियापुर मेड़ के पुराने विवाद को लेकर झगड़ने लगे। आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर रामखेलावन पासी की हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर धारदार हथियारों से हमला करने, जानबूझ कर चोट पहुंचाने, हत्या और एसएसएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। घटना के बाद से पुलिस टीमें फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही थी। रविवार को कोतवाल अशोक कुमार, परियर चौकी प्रभारी अखिलेश कुमार, दारोगा मोहम्मद असलम ने नन्हेंलाल उर्फ नन्हा, उसकी पत्नी जानकी उर्फ शांति व बेटे रामखेलावन को जमालनगर स्थित जंगलेश्वर मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का दावा है कि आरोपियों की निशानदेही में घटना में प्रयुक्त आला ए कत्ल फावड़ा भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने शेष आरोपियों की भी जल्द गिरफ्तारी की बात कही है।

## तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलटा, एक युवक घायल




जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज, उन्नाव

उन्नाव से शुक्लागंज की ओर जा रहा एक पिकप रविवार दोपहर करीब एक बजे मरहला चौराहे के पास अनियंत्रित हो गया और अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। पिकप की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया। वहीं पिकप पलटने से चालक को भी मामूली चोटें आई। दुर्घटना देख आस पास के लोग पहुंचे। वहीं चौकी पुलिस ने राहगीरों की मदद से पलटे पड़े पिकप को सीधा कराया। इस दौरान कुछ देर के लिये जाम लगा रहा।

### पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री को सौंपा निमंत्रण पत्र

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। जाणता राजा महा नाट्य आयोजन समिति के प्रीतिनिधि मंडल ने बीते दिन रविवार को उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को आमंत्रण पत्र देकर मुख्य अतिथि के रूप मे आगामी 28 जुलाई को पोस्टर व वेवसाइट के शुभारम्भ के लिए आमंत्रित किया। समिति के मीडिया प्रभारी अंशु ठाकुर ने बताया कि उपमुख्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम में आने की सहमति दी गई है। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष राकेश राम त्रिपाठी, अधिवक्ता राकेश तिवारी, अधिवक्ता मनोज सिंह आदि मौजूद रहे।

## गोविंद नगर विधायक ने बीमार महिला को हैलट अस्पताल में कराया भर्ती

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। काकादेव कार्यालय में आयोजित जनता दरबार मे आई बीमार महिला को विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने हैलट अस्पताल में भर्ती कराया है। आपको बता दें कि काकादेव स्थित कार्यालय में विधायक सुरेन्द्र मैथनी द्वारा जनता दरबार लगाया जाता है। बीते दिन सरोजनी नगर निवासी एक बीमार महिला अपने नेत्रहीन बेटे के साथ रोती हुई जनता दरबार मे पहुची और उसने श्री मैथानी से अपने पथरी का ऑपरेशन कराने की गुहार लगाई। जिस पर श्री मैथनी ने खुद अपनी गाड़ी से ले जाकर बीमार महिला को हैलट अस्साल में भर्ती कराया है ।इस दौरान तुरंत महिला की जांच कराई गई जहां उसको पथरी के बजाय हर्निया की बीमारी पता चली।जिस पर तुरंत उसे भर्ती कर इलाज शुरू किया गया।

## सहकारी बैंक अध्यक्ष का किया गया स्वागत

जन एक्सप्रेस। उन्नाव


अध्यक्ष अरूण सिंह का स्वागत करते कर्मचारी।

जिला पंचायत व जिला बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी सहकारी समिति लिमिटेड के अध्यक्ष व साथियों ने जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष से भेंट कर उनका मुंह मीठा कराते हुए उन्हें बधाई दी।

सहकारी बैंक के अध्यक्ष अरुण सिंह ने इस दौरान सभी को सहकारी बैंक की सुविधाओं की जानकारी दी। साथ ही यह आश्वासन भी दिया कि बैंक द्वारा शिक्षकों की समस्त समस्याओं का निराकरण समय से किया जाएगा। इस दौरान अरूण सिंह ने जिला पंचायत बेसिक शिक्षा कर्मचारी समिति लिमिटेड के अध्यक्ष राम बाबू के साथ-साथ उनके सभी साथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मनित भी किया। इस शिष्टाचार भेंट में धीरेंद्र सिंह, उदयवीर सिंह, दीपक चौरसिया, आशीष कुमार, सुमित अवस्थी, कुलदीप वर्मा, रितिक वर्मा, राजीव रतन, आकाश, दीपक कुशवाहा, दिनेश वर्मा, अमित कुमार, रविंद्र प्रताप सिंह आदि शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## हर घर जल पहुंचाने के कार्य में जुटी है सरकार

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर




बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर ब्लॉक के अंतर्गत हर घर जल जीवन के तहत ब्लॉक में मिशन प्रशिक्षण कार्यक्रम की बैठक शुरू हुई है।हर जल जीवन के तहत कार्यक्रम आयोजक मास्टर ट्रेनर जियाउल हक ने क्षेत्र से आए ग्रामीणों को जल जीवन मिशन के महत्वता बताते हुए जल को बचाने के बंदोस्बत व जल को बर्बाद होने से बचाने के उपाय बताए थे। कार्यक्रम में बताया गया की हर घर जल जीवन का मिशन केंद्र सरकार द्वारा संचालित है जिसमे ग्रामीण क्षेत्रों में नीचले स्तर के गांवों को जोड़कर हर घर जल पहुंचाने का कार्य केंद्र सरकार कर रही है हर प्राणी के लिए जल जीवन जितना महत्व है।जल बचाने के उपाय में पोखर,तालाब,सोकताघर,जल को एकत्रित करना चाहिए। जितना हम लोगो के दैनिक जीवन में उसकी कई जरुरते पाई जाती है आयोजक बीरेंद्र शुक्ला एजुकेशन सर्विसेस ने हर विकास खण्ड स्तरीय दो दिवसीय पंचायत प्रतिनिधि को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया है जिसमे बैरी गांव के वार्ड नं 1 के सदस्य राजेंद्र राठौर के साथ कई सदस्य मौजूद रहे।

## अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत

जन एक्सप्रेस। उन्नाव


मृतक राकेश का फाइल फोटो।

रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहा युवक बाइकों की भिड़ंत में गंभीर रूप से जख्मी हो गया। बीघापुर स्वास्थ्य केंद्र से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। खोजते हुए पहुंचे परिजनों को जब मौत की सूचना मिली तो कोहराम मच गया। बीघापुर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

अचलगंज थाना क्षेत्र के बंथर गांव निवासी राकेश गुप्ता (47) पुत्र स्व. हरीराम फैक्ट्री में मजदूरी करता था। शनिवार वह अपने मौरावां निवासी मामा के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बक्सर घाट जा रहा था। लालकुंआ-बहुराजमऊ के बीच उसकी बाइक की टक्कर सामने से आ रही बाइक से हो गयी। इस घटना में गंभीर रूप से घायल राकेश को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां उसकी हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां देर शाम उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। अस्पताल के अभिलेखों में अज्ञात में राकेश का शव मोर्चरी में रखवा दिया गया। देर शाम तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो जिला अस्पताल पहुंचने पर मौत की जानकारी मिली। जिससे घर वालों में कोहराम मच गया। राकेश की मौत पत्नी सुनीता और पांच बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। उसके बच्चों अजय, विजय, राधा, खुशी और अनमोल में सिर्फ अजय ही विवाहित है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बोर्ड बैठक

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



बीते दिन 9 जुलाई को सीईटीपी के निर्माण एवं संचालन कार्य हेतु गठित विशेष प्रयोजन साधन समिति की प्रथम बोर्ड बैठक जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में सीईटीपी बन्थर के सभागार में संपन्न हुई। जिसमें राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, स्टेट्स स्वच्छ गंगा मिशन अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण एवं नगरी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद उन्नाव क्षेत्रीय अधिकारी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मैनेजर सिविल यूपीसीडा व उपायुक्त उद्योग उन्नाव एवं सीईटीपी बंथर के सदस्य तथा औद्योगिक इकाइयों के निदेशकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रथम बोर्ड बैठक नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग द्वारा नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तर पर सीईटीपी बंथर के संचालन हेतु विशेष प्रयोजन साधन एसपीवी के गठन के क्रम में आयोजित की गयी। इस विशेष प्रयोजन साधन एसपीवी के द्वारा प्रत्येक माह बैठक आयोजित कर उनके निर्णय कृत कार्यवाही तथा परियोजना की अद्यतन प्रगति से अवगत कराने तथा परियोजना के क्रियान्वयन रखरखाव एवं संचालन कार्य सुनिश्चित कराने हेतु की जाएगी।

## चौपाल लगाकर मंत्री ने मोदी को पुन: प्रधानमंत्री बनाने का किया आवाहन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



उत्तर प्रदेश की बाल पुष्टाहार मंत्री श्री मती प्रतिभा शुक्ला व पूर्व सांसद अनिल शुक्ल वारसी ने कुन्दौली, नारायणपुर कुढ़नी,दौलतपुर,गोपालपुर समेत करीब आधा दर्जन गांवों में चौपाल लगाकर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्रमोदी के द्वारा किये गए कार्यों को घर घर बिजली पहुंचाना,उज्ज्वला योजना के तहत घर घर फ्री गैश कनेक्सन करना पानी की समुचित व्यवस्था करना,युवाओं को भारतीय सेना अग्निवीर में नौकरी देना जैसी महत्वपूर्ण कार्यों को मंत्री जी ने अपने संबोधन में बताया और खास कर युवाओं से एक बार पुनः मोदी को प्रधानमंत्री बनाने को कहा उन्होंने ग्रामीणों से आंगनवाड़ी के विषय मे जानकारी ली और बताया की आंगनवाड़ी डेली अपने टाइम से खुलती है की नहीं अगर किसी को बाल पुष्टाहार योजना के तहत बच्चों को दाल, दरिया,रिफाइंड मिलने में कोई समस्या हो तो मेरे द्वारा दिये गए कार्ड में अपनी समस्या को लिखकर तुरंत व्हाट्सअप करें। पूर्व सांसद ने अपने संबोधन में कहा की ये मीटिंग अनिल शुक्ल व प्रतिभा शुक्ल फैंस क्लब के तहत लोगों को जोड़ा ज रहा है। लोगों ने वारसी जी से लोक सभा में चुनाव लड़ने के लिए अपनी अपनी बात कही तो उन्होंने कहा अगर मुझे मौका मिला तो मैं कड़ी मेहनत कर लोगों के विस्वास को जीवित करेंगें हालांकि अभी निरंतर लोकसभा के हर क्षेत्र में लोगों की समस्या सुनना व निस्तारण करना ही मेरा कार्य है। इस अवसर में उनके साथ शनि अवस्थी, गुड्डू बाजपेई, श्याम पांडे, संजय शुक्ल समेत काफी मात्रा में लोग उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सावन का पहला सोमवार: तैयारियां पूरी, सुरक्षा के खास इंतजाम



जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। सावन के पहले सोमवार को देखते हुये रविवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला ने नगर के सभी घाटों का जायजा लिया। जिसके बाद मिश्रा कॉलोनी से लेकर बालूघाट तक अतिरिक्त सफाई कर्मियों को लगाकर गंगा विशुन घाट, शिव घाट, रेलवे पुल के नीचे, मोनू घाट, बालूघाट, आनंद घाट, आदि घाटों की साफ सफाई कराई गई। इसके साथ ही स्नानार्थियों के लिए सभी घाटों पर चेंजिंग रुम, पानी का टैंकर, मोबाइल टॉयलेट आदि की व्यवस्था की गई है। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुये सभी घाटों पर पुलिस तैनात रहेगी।

### जलभराव की समस्या से शिवभक्त नाराज



जन एक्सप्रेस/नवाबगंज, उन्नाव। विकासखंड के राजमार्ग स्थित ग्राम सोहरामऊ के मुख्य बाजार में बने शिव मंदिर के रास्ते में बारिश का पानी भर जाने से मंदिर में आने- जाने के लिए कोई रास्ता नहीं हैं। दिन में कई बार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते सोहरामऊ मुख्य बाजार में भी पानी भर गया है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त गन्दे पानी के निकलने का कोई निकास नहीं है। जिस वजह से जल भराव की समस्या बनी हुई है। वही ग्रामीणों ने बताया कि बारिश का पानी अधिक दिनों तक भरा होने से अनेकों बीमारियां पनप रही है। जिससे आये दिन ग्रामीण बीमार हो रहे हैं। श्रावण मास में भक्त जलाभिषेक के लिए जाते मंदिर जाते हैं। लेकिन जलभराव अधिक होने से वह मंदिर तक नहीं जा पा रहे है। मंदिर पर वर्ष में एक बार होने वाला जागरण भी नजदीक है। कमेटी के लोगो ने बताया कि जलभराव होने से जागरण भी संभव नहीं हो पाएगा। गांव के लोगो ने इस जलभराव से निजात दिलाये जाने की मांग की है।

### अवैध असलहे के साथ युवक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। बीघापुर कोतवाली की लाल कुंआ चौकी प्रभारी ने एक युवक को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट की कार्रवाई करते हुए जेल भेजा है। लालकुंआ चौकी प्रभारी प्रेम नारायण सरोज मय हमराह सिपाहियों के साथ बाइपास पुल के नीचे बउवा उर्फ गुड्डन पुत्र इन्द्रबहादुर निवासी कोरिहरा थाना लालगंज जनपद रायबरेली को संदेह होने पर पकड़ कर तलाशी ली। इस दौरान उसके पास से 12 बोर का तमंचा व दो कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आर्म्स एक्ट की कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### शार्ट सर्किट से खादी भंडार में लगी आग, पूरा माल स्वाहा

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। बांगरमऊ कोतवाली के हरदोई-उन्नाव मार्ग तिकोनिया पार्क के निकट स्वराज्य आश्रम खादी भंडार में रविवार रात तकरीबन ढाई बजे भीषण आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल व पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। भीषण आग लगने से अन्दर रखे कपड़े व फर्नीचर नगदी सहित लाखों का सामान जलकर राख हो गया। कस्बा बांगरमऊ के तिकोनिया पार्क के निकट स्थित स्वराज्य आश्रम खादी भंडार में रविवार की रात ढाई बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक कपड़े, फर्नीचर लगभग 8 हजार की नगदी समेत लाखों रुपयों का अन्य सामान पूरी तरह से जलकर राख हो गया। स्वराज्य आश्रम खादी भंडार के इंचार्ज चंद्रभान सिंह ने बताया वह पत्नी बीनू सिंह और बेटी स्वेता सिंह समेत दूसरी मंजिल पर रहते है। रात में अखबार की गाड़ी देखने के लिए वह बाहर गए थे। तभी उन्हें फोन पर खादी भंडार में आग लगने की सूचना मिली। आग लगने के दौरान उनका परिवार दूसरी मंजिल पर फंस गया। जिसे टीम ने कड़ी मशक्कत कर सीढ़ी के सहारे रेस्कयू कर बाहर निकाला गया।

### गृह कलह से क्षुब्ध विवाहिता ने निगला जहरीला पदार्थ

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में गृह कलह से क्षुब्ध विवाहिता ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजनों ने गंभीर हालत में उसे स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी निवासी शैलेन्द्र व उसके सगे भाई सज्जन के बीच रविवार को सुबह खेत में फसल की बुवाई को लेकर कहासुनी हुई थी। शिकायत पर विवाद सुलझाने पीआरवी पहुंची थी। इसी से क्षुब्ध होकर शैलेन्द्र की पत्नी शीलू (27) ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ते देख पति शैलेन्द्र आनन-फानन पत्नी शीलू को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाज़ुक देखकर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीएचसी में तैनात डाक्टर सुनील राठौर ने महिला की मेडिकल रिपोर्ट कोतवाली भेज दी है।

### भैंस चराने गए किशोर की तालाब में डूब कर मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में भैंस चराने गया किशोर पैर फिसलने से तलाब में डूब गया। परिजन जब तक उसे बाहर निकलते उसकी मौत हो चुकी थी। घटना से घरवालों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अमले ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के मेदपुर गांव निवासी हाई स्कूल का छात्र अनूप (17) पुत्र राम प्रकाश रविवार की सुबह भैंस चराने गांव के कुछ बच्चों के साथ गया था।जहां गांव से करीब 5 सौ मीटर दूर स्थित बेहुनी तालाब में अचानक पैर फिसलने से वह डूब गया। तालाब में अधिक पानी व गहराई के चलते उसके बाहर न निकलने पर साथी बच्चों ने भागकर परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने आनन फानन में तालाब पर पहुंचकर उसे बाहर निकाला। तब तक उसकी मौत हो गयी थी। इस घटना से बड़े भाई सोनू, मोनू व बहन अनुपमा में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह, अपराध निरीक्षक राजेश्वर त्रिपाठी, नायब तहसीलदार शिव दर्शन सिंह व लेखपाल आशू श्रीवास्तव के साथ मौके पर पहुंचकर शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा।कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि तालाब में पैर फिसलने से अनूप की डूब कर मौत हुई हैं। एसडीएम अतुल कुमार ने बताया कि दैवी आपदा के तहत चार लाख रुपये की सहायता मिलेगी।

## सूचना

मैं जुनैद खान मेरी पत्नी आयशा खातून है। जिसकी शैक्षिक प्रमाण पत्र में आयशा खातून की जगह आयशा खान अंकित है। जबकि आयशा खान और आयशा खातून दोनों नाम एक ही महिला के है।

**सूचनाकर्ता**
**जुनैद खान**
**पुत्र जान मोहम्मद खान**
**ग्राम पीठापूर थाना महरूआ**
**जिला अंबेडकरनगर**

# बंगाल पंचायत चुनाव हिंसा: बीएसएफ बोली- हमें सेंसिटिव बूथों की नहीं दी गई थी जानकारी

## चुनाव आयोग का जवाब- ये प्रशासन की जिम्मेदारी, हिंसा में 16 लोगों की हुई थी हत्या

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में शनिवार को हुए पंचायत चुनाव के दौरान छह जिलों में 16 लोगों की हत्या की गई। इसके साथ ही एक महीने में जान गंवाने वालों की संख्या 35 हो गई। 8 जून को चुनावों का ऐलान होने के बाद से 7 जुलाई तक 19 लोगों की जान गई थी। 8 जुलाई को हुई 16 मौतों में से 13 मौतें मुर्शिदाबाद, कूचबिहार और मालदा में हुई। सबसे ज्यादा पांच मौतें मुर्शिदाबाद में हुईं। यहां 200 लोग घायल भी हुए। वहीं, सबसे ज्यादा टीएमसी के 9 कार्यकर्ताओं ने जान गंवाई। सीपीआई (एम) के 3 लोग मारे गए। जलपाईगुड़ी हिंसा में आठ पत्रकार घायल हुए।

पोलिंग स्टेशनों पर सुरक्षाबलों के तैनात न होने की खबरों को लेकर बीएसएफ डीआईजी एसएस गुलेरिया ने कहा कि चुनाव आयोग ने उन्हें राज्य के सेंसिटिव बूथ की जानकारी नहीं दी थी। इसके जवाब में चुनाव आयोग ने कहा कि जानकारी देने की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की थी।



### समय रहते पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात नहीं हुआ : चुनाव आयुक्त

चुनाव के दौरान हिंसा फैलाने के आरोपों को लेकर बंगाल चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा ने कहा कि यह जिम्मेदारी जिला प्रशासन की थी कि चुनाव के दौरान भीड़ को कंट्रोल करें। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय बल बंगाल में समय रहते कंपनियां तैनात नहीं कर सका।

### पुलिस बल पर्याप्त था, उसका इस्तेमाल नहीं किया गया: बीएसएफ डीआईजी

बीएसएफ डीआईजी एसएस गुलेरिया ने कहा कि राज्य चुनाव आयोग ने सिर्फ 7 जून को सेंसिटिव बूथ की संख्या बताई। उनकी लोकेशन या कोई और अन्य जानकारी नहीं दी गई। यहां पर सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (सीएपीएफ) के 59 हजार ट्रूप और 25 राज्यों की आर्म्ड पुलिस भी मौजूद थी, लेकिन इसका ठीक तरीके से इस्तेमाल नहीं किया जा सका। राज्य सरकार ने बताया था कि सिर्फ 4834 सेंसिटिव बूथ हैं, जिन पर सीएपीएफ को तैनात किया गया था, लेकिन असल में यहां कई ज्यादा सेंसिटिव पुलिस बूथ थे। बीएसएफ की तैनाती तो स्थानीय प्रशासन की मांग पर ही की गई थी।

### छह जिलों में 15 लोगों की मौत हुई

**टीएमसी:** शनिवार सुबह मुर्शिदाबाद के बेलडांगा और कूचबिहार के तूफानगंज में दो पार्टी कार्यकर्ताओं, जबकि मालदा के मानिक चौक में टीएमसी नेता के रिश्तेदार की हत्या कर दी गई। अभी तक कुल 9 कार्यकर्ता मारे जा चुके हैं।

**कांग्रेस:** मुर्शिदाबाद के रेजीनगर में कांग्रेस कार्यकर्ता यास्मीन एसके का मर्डर कर दिया गया।

**सीपीआई(एम):** पूर्वी बर्दवान में शुक्रवार रात 32 साल के सीपीआई(एम) कार्यकर्ता रजिबुल हक को गोली मार दी गई थी। शनिवार सुबह उसने कोलकाता के एनआरएस मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया।सीपीआई(एम) के तीन कार्यकर्ताओं के मरने की खबर है।

**बीजेपी:** कूचबिहार के फलिमारी में शनिवार सुबह भाजपा के पोलिंग एजेंट माधव विश्वास की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

**आईएसएफ:** नादिया जिले के हरिनघाटा इलाके में टीएमसी से झड़प में आईएसएफ कार्यकर्ता की मौत हो गई। मृतक की पहचान 48 साल के सइदुल शेख के तौर पर हुई है।

**निर्दलीय:** उत्तरी 24 परगना के पीरगाछा में एक निर्दलीय उम्मीदवार के बूथ एजेंट अब्दुल्ला की हत्या कर दी गई।

### 9,013 सीटों पर उम्मीदवारों को निर्विरोध चुना गया

8 जुलाई को पश्चिम बंगाल की 73,887 ग्राम पंचायत सीटों में से 64,874 पर मतदान हुआ। बाकी 9,013 सीटों पर उम्मीदवारों को निर्विरोध चुन लिया गया था। निर्विरोध चुने जाने वाले उम्मीदवारों में सबसे ज्यादा 8,874 तृणमूल कांग्रेस से हैं। पंचायत चुनाव के नतीजे 11 जुलाई को आएंगे। राज्य में सेंट्रल फोर्सेस की तैनाती के बाद भी अलग-अलग इलाकों से हिंसा की खबरें आईं थी। कई इलाकों से बूथ लूटने, बैलेट पेपर फाड़ने, बैलेट पेपर में आग लगाने की घटनाएं देखी गईं थी। कूच बिहार के माथभंगा-1 ब्लॉक के हजराहाट गांव में एक युवक बैलेट बॉक्स लेकर भाग गया था।



### गृहमंत्री ने हिंसा की घटनाओं को लेकर राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट

हिंसा की घटनाओं को लेकर गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी थी। उन्होंने बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सुकान्त मजूमदार से भी बात की थी और कार्यकर्ताओं के बारे में जानकारी ली थी। वहीं, बीएसएफ ने चुनाव आयोग को लेटर लिखकर कहा था की उन्हें संवेदनशील बूथों के बारे में सही जानकारी नहीं दी गई थी।

### टीएमसी के गुंडों-पुलिस की मिलीभगत से हुई हत्याएं: शुभेंदु अधिकारी



विपक्ष के नेता और नंदीग्राम से भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने पंचायत चुनाव में हुई हत्याओं के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, टीएमसी के गुंडों और पुलिस की मिलीभगत से इतनी हत्याएं हुईं। इस मामले की सीबीआई और एनआईए को जांच करनी चाहिए। शुभेंदु अधिकारी ने कहा- 'यह चुनाव नहीं हो रहा था, वोटों की लूट हो रही थी और मौतें हो रही थीं। हिंसा और आगजनी हो रही थी। चुनाव में केंद्रिय सुरक्षा बलों को तैनात करने की बात कही गई थी। हिंसा के दौरान वे कहां थे? शुभेंदु ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सीसीटीवी की निगरानी का दावा किया गया था लेकिन कहीं भी सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए थे।'

### 'टीएमसी लोगों की जान लेकर चुनाव जीतना चाहती है'



आईएसएफ के एकमात्र विधायक नौशाद सिद्दीकी ने हिंसा को लेकर कहा कि मेरी विधानसभा में जिस दिन से नॉमिनेशन शुरू हुआ उसी दिन से टीएमसी के लोगों ने आम जनता पर दबाव डालना शुरू कर दिया था। उन्होंने कहा, हम जहां रहते हैं वहां 7 जुलाई की रात में भी टीएमसी के गुंडों ने बमबाजी की थी। वे लोग जानते हैं कि आम आदमी अधिक वोट डालेगा तो सरकार के खिलाफ वोट डालेगा, इसलिए वह ऐसा माहौल बना रहे थे कि लोग वोट ना डाल पाएं। टीएमसी के लोकल लीडर्स कट मनी लेते हैं इसलिए आम लोगों ने अब तय कर लिया है कि उन्हें वोट नहीं डालेंगे। ऐसा हुआ तो रूलिंग पार्टी से जुड़े नेताओं की रोजी-रोटी बंद हो जाएगी भांगड़ में चुनाव हारने के बाद टीएमसी अब किसी भी हाल में पंचायत को अपने पक्ष में करना चाहती है, भले ही किसी की जान भी क्यों न लेनी पड़े।

# कनाडा में खालिस्तानी और भारतीय आमने-सामने

## भारतवंशी तिरंगा लहराकर बोले- खालिस्तानी सिख नहीं होते

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। टोरंटो**

कनाडा में इंडियन कॉन्सुलेट के बाहर को करीब 250 खालिस्तानी प्रदर्शनकारियों ने झंडे लहराए और नारे भी लगाए। इसके जवाब में भारतीय समुदाय के लोग भी तिरंगा लेकर वहां मौजूद रहे।

उन्होंने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए। इस दौरान उनके हाथ में तख्ती पर 'खालिस्तानी सिख नहीं होते' स्लोगन लिखा हुआ था। भारतवंशियों के प्रदर्शन और नारेबाजी के आगे खालिस्तानियों की रैली फीकी पड़ गई। प्रदर्शन के दौरान दोनों पक्ष के समर्थक आमने-सामने नजर आए।

बता दें कि खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद खालिस्तानी समर्थकों ने 8 जुलाई को अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा में 'किल भारत' रैली निकालने की घोषणा की थी।

भारत माता मंदिर के बाहर इंडियन डिप्लोमैट्स के खिलाफ पोस्टर लगे खालिस्तानी समर्थकों ने कनाडा में प्रदर्शन की शुरुआत करते हुए भारत माता मंदिर के बाहर अपना पोस्टर लगा दिया था। इस पर वॉर जोन लिखा हुआ था। पोस्टर में भारतीय डिप्लोमैट्स की तस्वीर थी, जिन्हें निज्जर की हत्या का दोषी बताया गया था।




### आतंकी निज्जर की 18 जून को हुई थी हत्या

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, खालिस्तानियों के प्रदर्शन का नेतृत्व आतंकी गुरुपतवंत सिंह पन्नू और परमजीत सिंह पम्मा ने किया था। इन पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से फंडिंग लेने का आरोप है। खालिस्तानी समर्थकों के हाथ में हरदीप सिंह निज्जर का पोस्टर था, जिसकी 18 जून को कोलंबिया में हत्या कर दी गई थी।

### ब्रिटेन-ऑस्ट्रेलिया में नहीं जुटे प्रदर्शनकारी

दूसरी तरफ, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में भारतीय दूतावासों के बाहर भीड़ इकट्ठा ही नहीं हो पाई। लंदन में भारतीय हाईकमीशन के बाहर करीब 30-40 खालिस्तानी समर्थक झंडे लिए नजर आए। आतंकवादी परमजीत सिंह पम्मा ने इसका नेतृत्व किया। इस दौरान पुलिस बल भी वहां मौजूद रहा। हालांकि, आतंकी पम्मा के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया। भीड़ नहीं जुटने की वजह से ये प्रदर्शन तय समय से पहले ही खत्म हो गया।

### राजनयिकों को धमकी के बाद सख्त हुए देश

खालिस्तान के नारे लगाते हुए भारत में अलग देश की मांग करने वाले खालिस्तानी समर्थकों को अब विदेशों में मिलने वाला सपोर्ट कम होने लगा है। इसके पीछे का कारण भारत सरकार की तरफ से बनाया जा रहा दबाव और खालिस्तानी समर्थकों की तरफ से भारतीय दूतावासों व राजनयिकों को नुकसान पहुंचाने की धमकी है। इसके बाद से अब कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश भी पीछे हटना शुरू हो गए हैं। सभी देशों के विदेश मंत्रालय स्पष्ट कह चुके हैं कि वे अपनी धरती पर आतंकवादी गतिविधियों को अनुमति नहीं देंगे।

# बीजेपी के हनुमान बनने को तैयार चिराग!

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना**

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सुप्रीमो चिराग पासवान ने चिराग पासवान ने आगामी लोकसभा चुनाव में राजग (एनडीए) के साथ जाने और भाजपा का हनुमान बनने का मन बना लिया है। चिराग की अध्यक्षता में रविवार को आयोजित राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में लोजपा-रामविलास सुप्रीमो को एनडीए के साथ



गठबंधन करने और छह लोकसभा सीट तथा एक राज्यसभा सीट की दावेदारी के साथ भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत करने के लिए अधिकृत किया गया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बैठक से पहले सुबह नौ बजे चिराग से उनके आवास पर मुलाकात की और एनडीए में शामिल होने संबंधी शीर्ष नेतृत्व का संदेश दिया। बंद कमरे में करीब एक घंटे तक दोनों के बीच बातचीत हुई। बैठक के बाद चिराग दिल्ली रवाना हो गए, जहां सोमवार को भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर अपनी पार्टी के लिए सीटों की मांग रखेंगे।

# हिंदू भाइयो! धर्म परिवर्तन के लिए ईसाइयों को दोष मत दीजिए: ठाकुर दलीप सिंह जी

**जन एक्सप्रेस । विशेष**

नामधारी मुखी ठाकुर दलीप सिंह जी ने हिंदुओं को संदेश देते हुए कहा 'हिन्दू धर्म सर्व प्राचीन है। परंतु, सर्व प्राचीन होते हुए भी, हिन्दू धर्म अपनी जन्म भूमि भारत में ही समाप्त होता जा रहा है। हिन्दू धर्म की ऐसी दशा का कारण केवल हिन्दू आगुओं की संकीर्ण व नकारात्मक सोच है, जिन्होंने कभी अपने धर्म को प्रफुलित करने का सोचा ही नहीं। यदि कोई विदेशी धर्मों वाले हिन्दू धर्म में शामिल होना भी चाहते थे, तो हिन्दू धर्म-आचार्यों ने उन्हें अपने धर्म में शामिल करने से मना कर दिया। 1320 ई. में लद्दाख के राजा रिनचिन को हिन्दू धर्म-आचार्य देवस्वामी ने दीक्षा देने से मना कर दिया। उसे पीर



बुलबुल शाह ने मुसलमान बना लिया। राजा रिनचिन ने इस्लाम ग्रहण करते ही पूरा कश्मीर मुसलमान बना दिया। कुछ समय उपरांत, कश्मीर के मुसलमानों ने महाराजा गुलाब सिंह की शरण में, पुनः हिन्दू बनने की प्रार्थना की। उस समय के धर्म आचार्यों ने मुसलमान बन चुके हिंदुओं को, वापिस हिन्दू बनाने से इनकार कर दिया। ऐसी संकीर्ण नकारात्मक सोच कारण ही; हिन्दू धर्म प्रफुलित होने की बजाय सिकुड़ गया है'।

'हिन्दू भाइयो! आत्म-विश्लेषण कीजिए। भारत में धर्म परिवर्तन करके, अपना धर्म फैलाने में ईसाइयों का कोई दोष नहीं है; दोष आपका है। आज ईसाइयों के 108 देश हैं और आप हिंदुओं का तो भारत भी 'अपना' नहीं रहा। आप कहते हैं 'ईसाई छल-कपट, लालच, पाखंड व हिंसा करके धर्म परिवर्तन कर रहे हैं'। अपना धर्म प्रफुलित करने हेतु, ईसाई जो भी कार्य कर रहे हैं; धर्म प्रफुलित करने के तो वही ढंग हैं। ऐसे ढंगों से ही मानव जाति ने प्रगति की है तथा पृथ्वी पर राज कर रही है।

### आप ही विचार कीजिए

हिंसा, छल-कपट, लालच आदि किए बिना प्रगति कैसे हो सकती है? यदि हो सकती होती, तो आप 'हिंदुओं' ने प्रगति क्यों नहीं कर ली? हिन्दू धर्म: सर्व-प्राचीन होते हुए भी, अपनी नैतिकता और संकीर्ण सोच के कारण सिकुड़ता रहा है। और ईसाई नैतिकता के बंधनों से मुक्त होकर, अपनी प्रगतिशील सोच के कारण पूरे विश्व में छा गए हैं। हिन्दू भाइयो! आप तो अपनी नैतिकता का छुनछुना लेकर, भारत में ही समाप्त होते जा रहे हो। आप हिंदुओं ने, अपना धर्म क्यों नहीं फैलाया? या, आपने ईसाइयों के देशों में जाकर, ईसाइयों का धर्म-परिवर्तन क्यों नहीं कर लिया? 'बुद्ध धर्म' आज 10 देशों में फैला हुआ है; क्योंकि उनकी सोच अपना धर्म फैलाने की थी। परंतु, आप हिंदुओं की तो सोच ही घटने की है। आश्चर्य है, आप ईसाइयों को दोष दे रहे हैं! क्यों? यदि बुद्ध धर्म 10 देशों में फैल सकता था; तो हिन्दू धर्म क्यों नहीं फैल सकता था? भारत में हो रहे धर्म परिवर्तन में दोष ईसाईयों का नहीं, आपका है। यदि अपना धर्म प्रफुलित करना है; तो धर्म प्रफुलित करने वाले ईसाईयों जैसे, या उनसे भी बढ़िया कार्य आप भी कीजिए। जैसे: छल-कपट, हिंसा आदि कार्य, भगवान श्री कृष्ण चंद्र जी ने महाभारत में करके, लक्ष्य-प्राप्ति की थी। उसी कृष्ण जी के उपासक होते हुए; आप भी धर्म प्रफुलित करने के लक्ष्य को महान मानकर, आवश्यकता अनुसार नैतिक-अनैतिक सभी प्रकार के कार्य कीजिए। अभी तक तो आपका लक्ष्य, नैतिकता के नियमों को दृढ़ करना रहा है; अपने हिन्दू धर्म को जीवित रखना व प्रफुलित करना तो आपने लक्ष्य बनाया ही नहीं। आपको यह निश्चय कर लेना चाहिए कि लक्ष्य-प्राप्ति महान है। और, लक्ष्य-प्राप्ति के लिए, हर नैतिक-अनैतिक कार्य करना योग्य है। कृपया! विचारवान बन कर, ईसाईयों की गलती निकालनी बंद कीजिए। अपनी संकीर्ण सोच को विशाल सोच में परिवर्तित करके, हिन्दू धर्म को प्रफुलित कीजिए। हम नामधारी सिख आपके साथ हैं'।

# रील लाइफ पर ध्यान देने के बजाय रियल बनें राहुल गांधी: हिमंत बिस्व सरमा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने एक बार फिर राहुल गांधी पर निशाना साधा है। सरमा ने कहा कि राहुल में अचानक पैदा हुई वास्तविक दिखने की इच्छा और उतावलापन 'हास्यास्पद' है। वह शनिवार को कांग्रेस नेता के हरियाणा के सोनीपत जिले के मदीना गांव में अचान रुकने का जिक्र कर रहे थे, जहां उन्होंने लोगों से बातचीत की और खेतों में काम करने वाले किसानों के साथ समय बिताया।

सरमा ने दावा किया कि जब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तस्वीरें खिंचवा रहे थे, तब किसानों के साथ धक्का-मुक्की हुई। हरियाणा में कांग्रेस नेताओं ने बताया था कि राहुल ने धान की बुआई की, ट्रैक्टर चलाया और खेतों में काम करने वाली महिला मजदूरों के लिए लाया गया खाना खाया। किसानों के साथ राहुल के एक शॉर्ट वीडियो को साझा करते हुए अपने ट्वीट में सरमा ने कहा, राजकुमार में अचानक पैदा हुई वास्तविक दिखने की इच्छा और उतावलापन हास्यास्पद है। लेकिन भगवान के लिए अपनी फोटो और वीडियो टीम से तस्वीरें खिंचवाने के उत्साह में हमारे अन्नदाताओं की गरिमा से खिलवाड़ न करें।

# 'भारत ने हमें खून-खराबे से बचाया'

## श्रीलंका ने कहा- आर्थिक संकट में उसने हमारी रक्षा की; इतनी मदद कोई नहीं करता

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलंबो**

श्रीलंका की संसद के स्पीकर महिंदा यापा अभयवर्दना ने भारत के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा- भारत एक भरोसेमंद दोस्त है और उसने पिछले साल आर्थिक संकट के दौरान हमारी रक्षा की। अगर भारत न होता तो शायद देश में एक बार फिर से खून-खराबे का माहौल बन जाता। 2 दिन पहले इंडियन ट्रैवल कांग्रेस के डेलिगेशन के लिए हुए गाला डिनर के दौरान श्रीलंकन स्पीकर ने ये बात कही। अभयवर्दना ने कहा- श्रीलंका और भारत के बीच गहरी दोस्ती है। भारत हमेशा हमारा सबसे भरोसेमंद साथी रहा है। दोनों देशों में कल्चर, नेशनल, सोशल और पॉलिसी के लिहाज से काफी समानता है। मैंने सुना है कि भारत हमारे लोन को 12 सालों के लिए बढ़ाने (रीस्ट्रक्चर) को तैयार है। हमें कभी इसकी उम्मीद नहीं थी और आज तक किसी भी देश ने हमारी इतनी मदद नहीं की।



### स्पीकर बोले- मदद के लिए भारत के आभारी

मीडिया से बातचीत करते हुए संसद स्पीकर ने कहा- श्रीलंका में मौजूद भारतीय एम्बेसडर गोपाल बगलय हमारे खास दोस्त हैं। हम उनसे बेहद प्यार करते हैं और उनका सम्मान करते हैं। भारत हमेशा हमारी मदद के लिए आगे आया है। पिछले साल इकोनॉमिक क्राइसिस के वक्त भारत ने हमारी आर्थिक मदद की, जिससे हमें 6 महीने तक देश चलाने में आसानी हुई। हम इसके लिए भारत और पीएम मोदी के आभारी हैं।

### श्रीलंका का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होगा: राष्ट्रपति

कुछ दिन पहले श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा था कि उनके देश का इस्तेमाल कभी भारत के खिलाफ नहीं किया जा सकेगा। ब्रिटेन और फ्रांस के दौरे पर रवाना होने से पहले रानिल ने कहा था- इस बात में किसी को कोई शक नहीं होना चाहिए कि हम चीन से कभी मिलिट्री एग्रीमेंट नहीं करेंगे। हम एक न्यूट्रल देश हैं।

# मणिपुर हिंसा: हालात सुधारने में लगे नए पुलिस चीफ

## 45 हजार पुलिसकर्मी दो धड़ों में बंटे, कुकी और मैतेई पुलिसकर्मी अपने-अपने इलाकों में जा रहे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंफाल**

**मणिपुर में 3 मई से जारी हिंसा की चपेट में सिर्फ आम लोग नहीं, बल्कि पुलिस कर्मचारी भी इसके घेरे में आ गए हैं। सूत्रों की मानें तो 45 हजार से ज्यादा कर्मियों वाली पुलिस दो धड़ों में बंट चुकी है। अपनी सुरक्षा के लिए मैतेई समुदाय के पुलिस वाले इंफाल घाटी और कुकी समुदाय के पुलिस वाले पहाड़ों की तरफ जा रहे हैं। पुलिस पर ये आरोप भी लगा है कि उसने हिंसा के दौरान हालात को सही तरीके से नहीं संभाला।**




### पुलिस को हिंसा में शामिल होने से रोका

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऐसे मामले सामने आ रहे थे जिसमें पुलिस कर्मचारी पुलिस स्टेशनों और सुरक्षा कैंपों में रखे हथियार और गोला-बारूद लूटने में भीड़ की मदद कर रहे थे। इन मामलों से निपटने के लिए राजीव सिंह ने सभी सुरक्षा बलों को संदेश भेजा कि वे कड़ी निगरानी करें और ऐसे हादसों को होने से रोकें। अधिकारियों के मुताबिक, इसका नतीजा जमीनी स्तर पर देखने को मिला जब कुछ दिन पहले सैकड़ों की संख्या में उपद्रवियों ने थोउबल जिले के खंगाबोक इलाके में तीसरी इंडियन रिजर्व बटालियन के कैंप से हथियार और गोला-बारूद लूटने की कोशिश की और इस कोशिश को सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि हथियार लूटने की कोशिश नाकाम होने के बाद उपद्रवियों ने आईआरबी कैंप में तैनात एक जवान के घर में आग लगा दी थी। हैरानी की बात ये है कि ये पुलिस कॉन्सटेबल जिनके घरों को भीड़ जला रही है, वो उनके ही समुदाय से आते हैं।

### घाटी और पहाड़ी इलाकों में सर्च ऑपरेशन जारी

पुलिस और सुरक्षा बलों की एक जॉइंट टीम ने पहाड़ी और घाटी जिलों के संवेदनशील इलाकों में सर्च ऑपरेशन को अंजाम दिया। इस ऑपरेशन में सेना ने इंफाल ईस्ट, कांगपोकपी और इंफाल वेस्ट जिलों में हथियारबंद उपद्रवियों के 24 बंकरों को नष्ट कर दिया था। अब मणिपुर में शांति बहाल करने और हालात सामान्य करने के मकसद से केंद्रीय पुलिस बल और मणिपुर पुलिस मिलकर सर्च ऑपरेशन चला रही है। इस एक्सरसाइज के चलते पुलिस कई इलाकों से गोला-बारूद पकड़ने में सफल रही है।

### मणिपुर पुलिस के नए चीफ ने संभाली जिम्मेदारी

पिछले महीने मणिपुर पुलिस के चीफ बनाए गए राजीव सिंह की इस वक्त सबसे बड़ी जिम्मेदारी यही है कि वे राज्य में शांति बहाल करें और पुलिस कर्मचारियों के मन में भरोसा जगाकर उन्हें साथ रख सकें। राजीव सिंह 1993 बैच के त्रिपुरा कैडर के आईपीएस अफसर हैं। मणिपुर पुलिस चीफ बनने से पहले वे सीआरपीएफ में डेप्युटेशन पर थे। अधिकारियों के मुताबिक, राजीव सिंह जब पुलिस चीफ बने तो उन्होंने देखा कि करीब 1200 कर्मचारी ड्यूटी से गायब थे। ऐसे में उन्होंने सबसे पहले इन पुलिस वालों की पहचान की और उन्हें अपनी मनचाही जगह पर ड्यूटी जॉइन करने की इजाजत दी। अधिकारियों का कहना है कि अब तक 1,150 पुलिस वाले ड्यूटी पर लौट आए हैं।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कॉन्स्टेबलों की पासिंग आउट सेरेमनी करवाई

राजीव सिंह का दूसरा काम था 304 नए कॉन्सटेबलों को फोर्स में शामिल करना। ये कॉन्सटेबल अपनी पासिंग आउट परेड का इंतजार कर रहे थे। ये युवा कुकी और मैतेई दोनों समुदायों से आते थे। ऐसे में सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पर उनकी पासिंग आउट सेरेमनी का आयोजन किया और सेरेमनी के बाद उन्हें उन इलाकों में ही तैनात कर दिया गया जहां वे शरण लिए हुए थे।

### नियम तोड़ने वालों को नजरबंद कर रही पुलिस

अब मणिपुर पुलिस सख्त तलाशी करने के लिए नाके तैनात कर रही है। नियमों का उल्लंघन करने पर लोगों को नजरबंद भी किया जा रहा है। इसके अलावा पहाड़ों की तराई में खेती करने वाले दोनों समुदायों के किसानों को सुरक्षा मुहैया कराई जा रही है। उपद्रवियों और असमाजिक तत्वों के मूवमेंट को ट्रैक करने के लिए सुरक्षाबलों ने मणिपुर में 125 जगहों पर चेक पॉइंट बनाए हैं। इनमें नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में 352 लोगों को हिरासत में ले लिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेड: कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)